

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 विराट कोहली ने अपने स्ट्राइक रेट पर दिया मुंह तोड़ जवाब, वर्ल्ड कप से ...

बाइडन और नेतन्याहू के बीच फोन पर हुई लंबी बातचीत... 12



वर्ष : 11 | अंक : 346 | पटना, मंगलवार, 30 अप्रैल, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C
न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 59,340 |
| चांदी | 55,350 |
| सेंसेक्स | 63,327 |
| निफ्टी | 18,816 |

## संक्षिप्त खबरें

### सड़क दुर्घटना में आठ लोगों की मौत, 23 अन्य घायल

बेमेतरा। छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में सड़क दुर्घटना में पांच महिलाओं और तीन बच्चों की मौत हो गई है तथा 23 अन्य लोग घायल हो गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के कठिया गांव के पास एक पिकअप वाहन रविवार रात एक अन्य मालवाहक वाहन से टकरा गया जिसके कारण आठ लोगों की मौत हो गई और 23 अन्य लोग घायल हो गए। उन्होंने बताया कि मृतकों में पांच महिलाएं और तीन बच्चे शामिल हैं। उन्होंने बताया कि पथर्रा गांव के लोग पिकअप वाहन में सवार होकर एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने तिरैया गांव गए थे और रविवार रात जब वे लौट रहे थे तभी पिकअप वाहन सड़क किनारे खड़े एक छोटे ट्रक से टकरा गया। अधिकारियों ने बताया कि इस हादसे में आठ लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जिनकी पहचान भूरी निषाद, नीरा साहू, गीता साहू, अग्निया साहू, खुशबू साहू, मधु साहू, रिकेश निषाद और ट्विंकल निषाद के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना में 23 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना की जानकारी मिलने के बाद घटनास्थल के लिए पुलिस दल रवाना किया गया तथा शवों एवं घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। उन्होंने बताया कि घायलों को दो अस्पतालों में भर्ती कराया गया और उनमें से चार लोगों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) रायपुर में भेजा गया है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है तथा मामले की जांच की जा रही है।

### कल्पना सोरेन गांडेय विस सीट से दाखिल किया नामांकन

रांची। जेल में बंद झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना ने राज्य की गांडेय विधानसभा सीट से झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्रत्याशी के रूप में सोमवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। गांडेय विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव 20 मई को राज्य में लोकसभा चुनाव के साथ होगा। गिरिडीह जिले की यह विधानसभा सीट झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक सरफराज अहमद के इस्तीफे के बाद खाली हो गई थी। कल्पना जब नामांकन पत्र दाखिल करने पहुंचीं तो राज्य के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन और देवर बसंत सोरेन उनके साथ थे। हेमंत सोरेन को 31 जनवरी को कथित भूमि घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार किया गया था। इससे कुछ समय पहले ही उन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया था और राज्य के तत्कालीन परिवहन मंत्री चंपई सोरेन को उनका उत्तराधिकारी घोषित किया गया था।

### मोदी ने श्रीनिवास प्रसाद के निधन पर शोक जताया

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कर्नाटक के चामराजनगर से भारतीय जनता पार्टी के सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री वी श्रीनिवास प्रसाद के निधन पर सोमवार को शोक जताया और कहा कि उन्होंने गरीबों, दलितों व हाशिए पर पड़े लोगों के कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित किया। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मैं वरिष्ठ नेता और चामराजनगर के सांसद वी श्रीनिवास प्रसाद जी के निधन से अत्यंत दुखी हूं। वह सामाजिक न्याय के हिमायती थे और उन्होंने गरीबों, दलितों और हाशिए पर पड़े लोगों के कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया था। वह सामुदायिक सेवा के अपने विभिन्न कार्यों के लिए बहुत लोकप्रिय थे। उनके परिवार और समर्थकों के प्रति संवेदनाएं।

**केन्द्रीय गृह मंत्री ने झंझारपुर व बेगुसराय में सभा को किया संबोधित, विपक्ष पर कसा तंज**

# देश को मजबूर नहीं, मजबूत नेतृत्व चाहिए : शाह

## बोलें-अगर इंडी गठबंधन जीतता है तो देश का प्रधानमंत्री कौन होगा?

प्रात : किरण



मधुबनी/एजेंसी। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने विपक्षी इंडिया गठबंधन के पास अगले पांच सालों के लिए प्रधानमंत्री पद का कोई एक चेहरा नहीं होने का आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि देश को मजबूर नहीं, मजबूत नेतृत्व चाहिए। बिहार के झंझारपुर संसदीय क्षेत्र में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए शाह ने जनता से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरे कार्यकाल के लिए जनादेश दिए जाने की अपील की। उन्होंने कहा कि मधुबनी जिला अंतर्गत फुलपरास विधानसभा क्षेत्र जिसका प्रतिनिधित्व पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर ने किया था, का सम्मान कांग्रेस और राजद की सरकारों ने नहीं किया पर हमारे नेता और देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें भारत रत्न से सम्मानित करके बिहार के समस्त पिछड़े समाज को सम्मान प्रदान किया है। शाह ने कहा कि कपूर्री ठाकुर ने पिछड़े समाज से आते हुए जो लोकप्रियता हासिल की वह आज भी कई लोगों की ईर्ष्या का कारण बनी हुई है।

शाह ने कहा, गरीब घर से आने वाले कपूर्री ठाकुर जी ने बिहार में गरीब, दलित और पिछड़ों की आवाज बुलंद की थी और गरीब चाय वाले के घर में जन्म लेने वाले मोदी जी भी देश भर के पिछड़ों, गरीबों, दलितों, आदिवासियों और वंचितों का कल्याण करने वाले नेता के रूप में उभरे हैं।

उन्होंने मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की वकालत करते हुए कहा कि इससे बिहार की राजनीति में जातिवाद समाप्त हो जाएगा और योग्यता के आधार पर राजनीति की शुरूआत होगी तथा बिहार एवं देश के अंदर से भ्रष्टाचार समाप्त हो जाएगा। शाह ने कहा कि देश के खजाने की पाई-पाई, जिस पर गरीब का अधिकार है, वह गरीब को मिले इसके लिए नरेन्द्र मोदी जी का जीतना जरूरी है। उन्होंने कहा, आप सोचिए कि अगर यह घमंडिया इंडी गठबंधन जीतता है तो देश का प्रधानमंत्री कौन होगा, क्योंकि इनके पास तो ऐसा कोई नेता नहीं है। मुझे बताइए क्या लालू प्रसाद को देश का प्रधानमंत्री बना सकते हैं? क्या स्टालिन या ममता बनर्जी इस पद को संभाल सकते हैं? राहुल बाबा के बारे में क्या दूर-दूर तक भी सोच सकते हैं? अगर भगवान ना करें, इंडी गठबंधन की सरकार आई तो इन्होंने कहा था कि एक-एक साल हम प्रधानमंत्री पद बांट लेंगे। एक साल शरद पवार, एक साल लालू जी, एक साल ममता जी, एक साल स्टालिन और कुछ समय बचेगा तो राहुल बाबा बनेंगे। देश इस तरह से चल सकता है क्या?

शाह ने कहा कि जब देश पर कोरोना का संकट आया तो मजबूत नेतृत्व ने देश को संभालकर इससे बाहर निकाला। उन्होंने कहा कि देश पर आतंकवाद का साया था तो देश के मजबूत नेतृत्व, नरेन्द्र मोदी जी ने देश को इससे बाहर निकाला। गृह मंत्री ने कहा कि देश और बिहार में नक्सलवाद था तो इसे खत्म करने का काम मजबूत नेतृत्व ने किया और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में ही जी-20 का आयोजन हुआ व पूरी दुनिया में भारत का सम्मान भी मजबूत नेतृत्व ने ही बढ़ाया। उन्होंने कहा, देश को मजबूर नेतृत्व नहीं चाहिए, देश को मजबूत नेतृत्व चाहिए।

**हमारे संकल्प में झलक रहा है देश का समावेशी विकास**

बेगूसराय। केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को झंझारपुर के बाद बेगूसराय लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार गिरिराज सिंह के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार, बंगाल, उड़ीसा, उत्तरप्रदेश सहित सम्पूर्ण देश में इनके विभाग ने प्रधानमंत्री मोदी की सोच, सेवा, सुरक्षा और गरीब के कल्याण को धरातल पर उतारने का काम किया है। उन्होंने कहा कि मोदी यदि तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनते हैं तो इस बार तीन करोड़ लखपति दीदियां बनेंगी। हमारे संकल्प में देश का समावेशी विकास झलक रहा है।

अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस, कम्युनिस्ट और लालू जैसे लोगों ने भगवान राम के साथ क्या सुलूक किया, यह किसी से छुपा नहीं है। पीएम मोदी के दृढ़ निश्चय से राम मंदिर का निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा का मार्ग प्रशस्त हुआ। धारा 370 को हटाया गया। उन्होंने कहा कि राहुल बाबा ने कहा था कि यदि धारा 370 हटाई जाएगी तो देश में खून की नदियां बहेंगी लेकिन आज मैं पूछता हूं कि खून की तो बात ही छोड़ो एक कंकड़ भी कहीं नहीं गिरा।

अमित शाह ने कहा कि ये लोग फिर कह रहे हैं कि यदि हम सत्ता में आएंगे तो धारा 370 को हटा देंगे। आप लोग हाथ उठाकर बोलिए कि क्या आप ऐसा होने देंगे? उन्होंने कहा कि बिहार का बच्चा बच्चा कश्मीर के लिए जान दे सकता है। जब तक भाजपा का एक कार्यकर्ता जिंदा है तब तक किसी की मजाल नहीं है कि धारा 370 को खत्म कर सके।

**कम्युनिस्ट पार्टी पर लगाया बेगूसराय को बर्बाद करने का आरोप:** अमित शाह ने बरौनी रिफाइनरी और फर्टिलाइजर का उदाहरण देते हुए कहा कि कम्युनिस्ट पार्टी ने बेगूसराय को बर्बाद करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी थी लेकिन पीएम मोदी के नेतृत्व में बेगूसराय का सर्वांगीण विकास हो रहा है। न केवल आधारभूत संरचनाओं का चतुर्दिक विकास हो रहा है, बल्कि लोगों में खुशहाली आ रही है और राष्ट्रवाद की भावना भी बलवती हो रही है। शाह ने कहा कि चारा घोटालेबाज की सरकार के बाद बिहार में नीतीश और मोदी के नेतृत्व में ऐतिहासिक प्रगति हुई है। यदि मोदी को आप लोग तीसरी बार पीएम बनाते हैं तो भारत दुनिया का तीसरा बड़ा अर्थतंत्र बनेगा। पाकिस्तान की हरकतों का करारा जवाब मिलेगा और भारत विश्व स्तर पर मजबूती के साथ उभरेगा। उन्होंने तीन तलाक के मुद्दे को लेकर भी विपक्ष पर जमकर हमला बोला। साथ ही पूरे आत्मविश्वास के साथ कहा कि इस बार भाजपा हर हाल में यूसीसी लाने का काम करेगी।

**सीएम ने अररिया व खगड़िया में चुनावी सभा को किया संबोधित**

# महिलाओं को 50 फीसदी का आरक्षण देकर उन्हें स्वावलंबी बनाया : नीतीश

## बोलें-पिछड़ा और अति पिछड़ा के आरक्षण को समाप्त कर देने के फिराक में थे तेजस्वी

- न मैने अपने परिवार को आगे बढ़ाया और न ही प्रधानमंत्री ने अपने परिवार को आगे बढ़ाया

प्रात : किरण



अररिया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अररिया में राजग गठबंधन के भाजपा उम्मीदवार प्रदीप सिंह के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि तेजस्वी प्रसाद के नेतृत्व में महागठबंधन के साथ जब सरकार बनाई थी तो ये लोग सब कुछ खत्म कर देना चाहते थे। पिछड़ा और अति पिछड़ा के आरक्षण को समाप्त कर देने के फिराक में थे। उन्होंने कहा कि महिलाओं को 50 फीसदी का आरक्षण देकर उन्हें स्वावलंबी बनाया गया। शिक्षा और स्वास्थ्य से लेकर हरेक चीजों को प्राथमिकता के तौर पर दुरुस्त किया गया।

उन्होंने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जब इनके पिता और माता को मौका मिला तो कोई काम किया नहीं।अब लोगों को झांसा दे रहे हैं।उन्होंने कहा कि 2005 से 2020 तक राज्य सरकार ने 8 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी के साथ रोजगार देने का काम किया। 2020 के बाद 10 लाख सरकारी नौकरी और 10 लाख लोगों को रोजगार से जोड़ने को लक्षित कर रखा था। उन्होंने कहा कि चार लाख लोगों को सरकारी नौकरी दे दी गई है। एक लाख का काम पूरा होने वाला है और 3 लाख लोगों को सरकारी नौकरी और रोजगार देने का काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि सारा काम हमलोगों ने किया और वे बोलते फिर रहे हैं कि हमने किया। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि आखिर उनलोगों ने क्या काम किया। हमने बीजेपी के साथ मिलकर सात निश्चय योजना के तहत बिजली, नल जल, शौचालय, हर गली पक्की नाली और सड़क निर्माण जैसे महत्वपूर्ण काम किए।

**साथ थे तो गड़बड़ करते थे। इसलिए उनको हटा दिए :** इससे पहले खगड़िया में लोजपा रामविलास पाचुर्टी के उम्मीदवार राजेश वर्मा के पक्ष में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिना नाम लिए लालू परिवार पर जमकर हमला बोला। उन्होने कहा की लालू परिवार सिर्फ अपने परिवार के बारे में सोचता है। जब वह जेल गए थे तो अपनी पत्नी को आगे बढ़ाया। इसी तरह अब अपनी बेटी को लेकर आए हैं। उनके लिए बेटा बेटी से बढ़कर बिहार नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी भी परिवार बाद को आगे बढ़ा रहा है। जबकि मेरे लिए पूरा बिहार ही मेरा परिवार है। न मैने अपने परिवार को आगे बढ़ाया और न ही प्रधानमंत्री ने अपने परिवार को आगे बढ़ाया। मुख्यमंत्री ने भाषण के दौरान पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव पर भी कटाक्ष किया। कहा कि आप लोग उनकी बातों में मत आइएगा। यह लोग आपके लिए कुछ नहीं करेंगे। यह सिर्फ पैसा कमाने के लिए सत्ता में आना चाहते हैं। यह लोग यही कर रहे थे, इसलिए मैंने उनसे संबंध खत्म कर दिया। उन्होंने कहा कि जब वह साथ थे तो गड़बड़ करते थे। इसलिए उनको हटा दिए। 2008 से 2020 तक 8 लाख लोगों को नौकरी हमने दी है। वही 2020 के बाद 5 लाख लोगों को रोजगार मुहैया कराया गया है। आगे भी यह सिलसिला जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि बिहार में हम 40 सीट जीतने जा रहे हैं। इसलिए वे लोग बौखलाए हैं। नीतीश कुमार ने कहा कि आज सब मोबाइल में बिजी रहता है। जिससे पहले के बारे में लोगों को पता ही नहीं है। हम तो बोले हैं कि उनके काम को मोबाइल पर भी डाल दीजिए, ताकि आज के युवाओं को भी उनके काम के बारे में पता चला सके। नीतीश कुमार ने कहा कि उनके स्वास्थ्य व्यवस्था का हाल यह था कि एक महीने में सिर्फ 29 पेशेंट आते थे। यानि एक दिन में एक मरीज, आज हर महीने साढ़े 11 हजार मरीज सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। चुनावी जनसभा को बिहार सरकार के मंत्री विजय कुमार चौधरी,एनडीए प्रत्याशी प्रदीप कुमार सिंह आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जेडीयू के जिलाध्यक्ष आशीष पटेल ने की।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एनडीए प्रत्याशी राजेश वर्मा के पक्ष में लोगो से वोट देने की अपील की।

# भीषण आगलगी में 150 घर जलकर राख, दो की मौत

## आधा दर्जन झुलसे, अफरा तफरी का माहौल

प्रात : किरण संवाददाता



बगहा। बगहा में दो अलग-अलग अगलगी की घटना ने भारी तबाही मचायी है । गंडक दियारा पार ठकराहा के भतहवा जगीराहा अंतर्गत हरिजन टोली बस्ती में आग लगने से सैकड़ों घर जलकर राख हो गए हैं और दो लोगों की जिंदा जलने की खबर है। आधा दर्जन लोग आग की चपेट में आने से झुलस गए हैं। हद तो तब हो गई जब आग बुझाने पहुंची दमकल गाड़ी मौके पर खराब हो गयी। बगहा के बरवल मंझरिया गांव में फसल की पुंज में आग लग लगी है। दूसरी ओर गंडक दियारा पार के भतहवा जगीराहा गांव की हरिजन टोली बस्ती पूरे तरीके से राख में तब्दील हो गया। बताया जा रहा है की दोपहर के वक्त लोग खाना खाकर आराम फरमा रहे थे तभी अचानक आग लग गई। तेज पछुआ हवा के कारण पूरे इलाके में आग तेजी से फैल गई। देखते ही देखते सैकड़ों घर जलकर राख हो गए। सूचना के बाद मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ी खराब हो गई। दमकल कर्मी मशीन ठीक करने में जुटे रहे, तब तक सारा घर जलकर राख हो गया। स्थानीय ग्रामीणों के मुताबिक इस आगजनी में 5 लोगों के जलकर मरने और आधा दर्जन लोगों के झुलसने की खबर है। हालांकि प्रशासन दो लोगों के जलकर मरने की पुष्टि कर रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गांव के कई बच्चे भी लापता हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। आग बुझाने आई कुछ अग्निशमन यंत्र की गाड़ी खराब होने से लोगों में कुछ परेशानी भी हुई। हालांकि जैसे-तैसे आग पर काबू पाया गया। अधिकारियों के द्वारा मलबे से क्षतिपूर्ति का आकलन कर प्रशासन की ओर से सूची तैयार की जाएगी।लोगों का कहना है कि बगहा मे पूर्व में हुए अगलगी मे लगभग 530 घर जलकर राख हो चुके हैं। मौके पर पहुंचे अधिकारियों का कहना है कि जितने भी घर जले हैं, और जितने भी परिवार इस अग्निकांड की चपेट में आये हैं, उन सबकी सूची बनाई जा रही है।

## केन्द्र ने बिहार के साथ किया सौतेला व्यवहार : तेजस्वी

छपरा। बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के साथ झूठ बोला है, बिहार के साथ सौतेला व्यवहार किया है। छपरा में पत्रकारों से चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिहार के 40 सीटों पर जीत के दावे पर तेजस्वी यादव ने तंज कसते हुए कहा कि यह उनका, स्लिप ऑफ टंग है। उन्होंने कहा कि जनता तय करती है, जनता मालिक है। जो प्रधानमंत्री कहेंगे, वही हो जाएगा, जरूरी नहीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जोर जोर से झूठ बोल रहे हैं कि सच बोलने वाला भी हड़बड़ा जाए। काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती। उन्होंने जोर देकर कहा कि सारण सीट तो जीत ही रहे हैं, अभी तक बिहार दो चरण में जिन सीटों पर मतदान हुआ है, उसमें भी हम जीत रहे हैं। इससे पहले तेजस्वी ने एक्स पर लिखा, राष्ट्र से बोला गया राष्ट्रीय झूठ, 100 दिन में काला धन आ जाएगा, पेट्रोल डीजल 30 रुपया हो जाएगा, 2022 तक किसानों की आय दोगुनी कर देंगे, हर साल 2 करोड़ नौकरी, रोजगार देंगे, हर एक परिवार को पक्का घर देंगे, हवाई चप्पल पहनने वाला हवाई जहाज में चलेगा, 15-15 लाख खाते में यूं ही मुफ़्त में मिलेगा।

# लोस चुनाव : छठें चरण में 57 सीटों के लिए अधिसूचना जारी

प्रात : किरण




नई दिल्ली/एजेंसी। चुनाव आयोग ने छह राज्यों एवं केन्द्र शासित दिल्ली में कुल 57 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव के लिए सोमवार को अधिसूचना जारी की। आम चुनाव के छठें चरण में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की सात, हरियाणा की दस, उत्तर प्रदेश की 14, बिहार की आठ, झारखंड की चार, ओड़िशा की छह और पश्चिम बंगाल की आठ सीटों पर 25 मई को मतदान कराया जाएगा। अधिसूचना के अनुसार इन सीटों पर नामांकन पत्र भरने की अंतिम तिथि छह मई है। नामांकन पत्रों की जांच सात मई को की जाएगी और नाम नौ मई तक वापस लिए जा सकेंगे। लोकसभा चुनाव के छठें चरण में दिल्ली की चांदनी चौक, उत्तर पूर्वी दिल्ली, पूर्वी दिल्ली, नई दिल्ली, उत्तर पश्चिम दिल्ली, (अजा), पश्चिम दिल्ली और दक्षिण दिल्ली, हरियाणा में अंबाला (अजा), कुरुक्षेत्र, सिरसा (अजा), हिसार, करनाल, सोनीपत, रोहतक, भिवानी-महेन्द्रगढ़, गुडगांव एवं फरीदाबाद, उत्तर प्रदेश में सुल्तानपुर, प्रतापगढ, फूलपुर, इलाहाबाद, अंबेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संतकबीरनगर, लालगंज (अजा) आजमगढ़, जौनपुर, मछलीशहर (अजा) और भदोही, बिहार में बालमिकी नगर, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज (अजा), सिवान और महाराजगंज, झारखंड में गिरडीह, धनबाद, रांची और जमशेदपुर, ओड़िशा में सम्बलपुर, क्योंझर,(अजजा), धेन्कानल, कटक, पुरी और भुवनेश्वर तथा पश्चिम बंगाल में तामलुक, कांथी, घाटल, झांडग्राम (अजजा) मेंदिनपुर, पुरुलिया, बंकुरा, बिशनुपुर (अजा) निर्वाचन क्षेत्रों में 25 मई को मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे के बीच कराये जायेंगे। बिहार और झारखंड के कुछ मतदान केन्द्रों पर स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार मतदान शाम को चार या पांच बजे तक ही कराया जाएगा। कुल सात चरणों में कराए जा रहे लोकसभा चुनाव की मतगणना चार जून को कराई जाएगी।

**बिहार की आठ सीटों पर होगा मतदान :** बिहार की आठ लोकसभा सीटों पर भी इसी चरण में चुनाव होगा। यहां नामांकन प्रक्रिया सोमवार से शुरू हो चुकी है। इन लोकसभा सीटों में वाल्मीकि नगर, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज, सिवान और महाराजगंज सीट शामिल है।

# सारण से रोहिणी आचार्य, शिवहर से लवली आनंद ने भरा पर्चा

प्रात : किरण



पटना। राष्ट्रीय जनता दल अध्यक्ष लालू प्रसाद की पुत्री रोहिणी आचार्य ने सारण से और पूर्व सांसद आनंद मोहन की पत्नी लवली आनंद ने शिवहर से सोमवार को नामांकन दाखिल कर दिया। सारण से राजद प्रत्याशी रोहिणी आचार्य सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंची और नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव भी उपस्थित रहे। इसके बाद वहां एक चुनावी सभा का आयोजन हुआ। इस जनसभा को लालू प्रसाद यादव, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, वीआईपी के मुकेश सहनी समेत तमाम नेताओं ने संबोधित किया। सारण लोकसभा सीट के लिए पांचवें चरण यानी 20 मई को मतदान होने वाला है। इस सीट से भाजपा ने राजीव प्रताप रूडी को फिर से चुनावी मैदान में उतारा है। इधर, शिवहर से लवली आनंद ने सोमवार को एनडीए समर्थित जदयू से नामांकन पत्र भरा।

पूर्वी चंपारण से भाजपा उम्मीदवार राधामोहन सिंह ने पर्चा दाखिल किया। हाजीपुर सीट से राजद प्रत्याशी शिवंचद्र राम ने नामांकन दाखिल किया। वहीं, वैशाली से लोजपा रामबिलास की उम्मीदवार वीणा देवी ने पर्चा दाखिल किया। इस अवसर पर लवली आनंद ने जीत का दावा करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के काम की तारीफ हो रही है। इस बार देश की जनता ने नरेंद्र मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने का संकल्प लिया है। वहीं, उन्होंने विरोधी दल के नेताओं पर हमला बोलते हुए कहा कि इस बार विरोधी कहीं भी दिखाई नहीं दे रहे हैं। शिवहर में छठे चरण में 25 मई को मतदान होना है।

**चुनाव** | **प्रधानमंत्री ने चुनावी सभा को किया संबोधित, विपक्षी दलों की लगाई क्लास, कांग्रेस पर कसा तंज**

# इंडिया गठबंधन सत्ता में आया तो एक साल, एक पीएम के फार्मूले पर करेगा काम : मोदी

प्रात : किरण



सोलापुर/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडिया एक-एक साल के लिए अपने नेताओं को प्रधानमंत्री पद देना चाहता है। साथ ही उन्होंने लोगों से पूछा कि क्या वे ऐसे विचार का समर्थन करते हैं? यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, इस बात को लेकर बड़ी जंग चल रही है कि इंडी गठबंधन का नेता कौन होगा। क्या आप इतने बड़े देश को किसी ऐसे व्यक्ति को सौंप सकते हैं जिसका चेहरा आपको पता न हो ? प्रधानमंत्री मोदी और भारतीय जनता पार्टी के नेता इंडिया गठबंधन को अक्सर इंडी कहते हैं। मोदी ने दावा किया कि अगर इंडिया गठबंधन सत्ता में आता है तो यह अपने पांच साल के कार्यकाल में एक साल, एक पीएम फॉमूर्ले के साथ काम करेगा। उन्होंने कहा, ये लोग सत्ता हथियाने के लिए देश को बांट रहे हैं। अब एक नया फॉमूर्ला लाया गया है, जो पांच साल में पांच प्रधानमंत्रियों का है। हर साल एक प्रधानमंत्री। उन्होंने कहा, ह्यह्यआपने पिछले 10 सालों में मोदी के हर पहलू को देखा है, लेकिन इस बात को लेकर युद्ध चल रहा है कि इंडिया गठबंधन का नेता कौन होगा। मोदी ने कहा कि पिछले 10 सालों में उनकी सरकार ने सच्चे सामाजिक न्याय पर जोर दिया है। उन्होंने कहा, पिछड़े वर्गो के अधिकारों को छीने बिना, हमने सामान्य वर्गो के आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण दिया। प्रधानमंत्री ने कहा, हमने सामान्य वर्ग के गरीब लोगों को न्याय प्रदान करने के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण दिया और देश के दलित नेताओं ने इसका सकारात्मक स्वागत किया। हमने एक वर्ग के अधिकारों को दूसरे वर्ग के लिए नहीं छीना। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने का हमारा विचार और तरीका समाज में विभाजन पैदा नहीं करता है।

मोदी ने कहा, इंडी गठबंधन के नेता रोज मोदी को गाली देते हैं क्योंकि उनके पास देश के विकास के बारे में बोलने के लिए कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने देश के 25 करोड़ गरीबों को गरीबी रेखा से ऊपर पहुंचाया है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस ने बाबा साहेब आंबेडकर के संविधान को कश्मीर में लागू नहीं होने दिया।

**पीएम ने कांग्रेस पर लगाया वसूली गैंग चलाने का आरोप**

बागलकोट । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को रैली में कांग्रेस के प्रमुख नेता राहुल गांधी पर परोक्ष हमला बोला और पार्टी पर वसूली गिरोह चलाने का आरोप लगाया। श्री मोदी ने एक चुनावी सभा को संबोधित करने के दौरान परोक्ष रूप से श्री गांधी की हालिया अवकाश गतिविधियों का संदर्भ देते हुए कहा कि जो लोग छुट्टियां लेते रहते हैं, वे भारत की प्रगति में योगदान नहीं दे सकते। उन्होंने 2047 तक भारत को बदलने की अपनी प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालते हुए विकासात्मक पहलों को चलाने में समर्पण और दूरदर्शिता के महत्व पर जोर दिया है।

मोदी ने लोकसभा चुनाव के लिए सात मई को राज्य के शेष 14 निर्वाचन क्षेत्रों में होने वाले मतदान से पहले रैली को संबोधित करते हुए कहा, जो लोग फुर्सत और छुट्टियों का आनंद ले रहे हैं, वे भारत का विकास नहीं कर सकते। देश के लिए काम करने के लिए एक दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है। एक दृष्टिकोण के लिए व्यक्ति के पास समर्पण की आवश्यकता होती है। जब कुछ भी मौजूद नहीं होता है, तो परिणाम शून्य होता है।

# आरक्षण को खत्म करना चाहते हैं पीएम मोदी : राहुल

## सत्ता में आने पर कांग्रेस जाति और आर्थिक सर्वेक्षण कराएगी



नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आरक्षण को हथियार बनाकर गरीबों का हक छीनने का आरोप लगाते हुए कहा है कि वह देश में आरक्षण की व्यवस्था को खत्म करना चाहते हैं। श्री गांधी ने एक्स पर कहा, आरक्षण का मतलब है- देश में गरीबों, आदिवासियों, दलितों और पिछड़ों की न्यायपूर्ण भागीदारी। और नरेंद्र मोदी निजीकरण को अस्त्र बना कर आपसे ये हक छीन लेना चाहते हैं। इस बीच कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि श्री मोदी आरक्षण को खत्म कर रहे हैं। उन्होंने कहा, कुछ दिनों पहले तक नरेंद्र मोदी 400 पार का नारा दे रहे थे, लेकिन दो चरणों के चुनाव के बाद भाजपा की कलई खुल गई। भाजपा का संविधान बदलने और आरक्षण को खत्म करने का नापाक मंसूबा देश के सामने आ चुका है। हालात ये हैं कि श्री मोदी कांग्रेस के न्याय पत्र में जातिगत जनगणना की बात पर भ्रम फैला रहे हैं। उन्हें बताना चाहिए कि वह जातिगत जनगणना और आरक्षण के साथ हैं या खिलाफ हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि अगर उनकी पार्टी सत्ता में आती है तो वह प्राथमिकता के आधार पर पूरे देश में जाति और आर्थिक सर्वेक्षण कराएगी।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, मंगलवार, 30 अप्रैल, 2024
देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com


## संक्षिप्त खबरें

### कराटे चैंपियनशिप में बच्चों ने जीते मेडल

फतुहा। बिहार स्टेट कराटे चैंपियनशिप का 7 वां संस्करण का आयोजन 27 से 28 अप्रैल को बिहार हितैषी पुस्तकालय मंगल तालाब में किया गया। जिसमें प्रिंस इंस्टीट्यूट ऑफ मार्शल आर्ट फतुहा के 12 बच्चों ने भाग लिया। जिसमें 7 बच्चों ने गोल्ड मेडल, 6 बच्चों ने सिल्वर मेडल तथा 3 बच्चों ने कांस्य पदक जीतकर अपने जिला, क्लब और माता-पिता का नाम रौशन किया। पदक जीतने वालों में मुस्कान कुमारी और आराध्या कुमारी ने दो गोल्ड मेडल, आयुष्मान गिरी ने एक गोल्ड के साथ एक कांस्य पदक, माही कुमारी ने एक गोल्ड तथा वैष्णवी कुमारी, यश राज, शारदा कुमारी, आदित्य वैभव, चंदन कुमार, प्रियांशु कुमार ने सिल्वर मेडल एवं माही राज ने इस चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता। इसमें गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले नेशनल चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए छत्तीसगढ़ जायेंगे।

### अग्नि सुरक्षा जांच को निकली टीम

पटना सिटी (प्राकि)। अनुमंडल प्रशासन की ओर से होटलों में सुरक्षा मानक की जांच की जा रही है। इसके लिए चौक थाना क्षेत्र में अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान जिलाधिकारी के निर्देश पर गठित टीम में एसडीओ गुंजन सिंह, अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी राधेश्याम मिश्र, कार्यपालक दंडाधिकारी गंगा सागर सिंह और सिटी अग्निशमन पदाधिकारी गयानंद सिंह ने अभियान चलाते हुए सुरक्षा मानकों की जांच की। एसडीओ गुंजन सिंह ने बताया कि टीम की ओर से 37 बड़े होटलों को चिह्नित किया गया है। इसकी जांच कराई जा रही है। इसके अलावा कबाड़ी दुकान, गोदाम और भीड़भाड़ वाले इलाकों में भी सुरक्षा मानक की जांच की जाएगी। एसडीओ के अनुसार जांच टीम की ओर से पायी गयी कमियों को दूर करने के लिए भी नोटिस दिया जाएगा। फायर आफिसर ने बताया कि अग्निशमन यंत्र संस्थान में है कि नहीं, इसकी भी जांच के साथ अग्नि सुरक्षा को लेकर मानक अनुकूल सुविधा है कि नहीं, इसे केंद्रीत कर जांच की जा रही है।

### अनुमंडल पदाधिकारी ने थानाध्यक्ष के साथ कि समीक्षा बैठक

दानापुर। नगर के अंतर्गतआगामी लोकसभा चुनाव को लेकर दानापुर विधान सभा क्षेत्र के सभी थानाध्यक्ष के साथ समीक्षा बैठक अनुमंडल पदाधिकारी प्रदीप सिंह एवं सहायक पुलिस अधीक्षक दानापुर, सुश्री दीक्षा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। अनुमंडल पदाधिकारी दानापुर के कार्यालय कक्ष में की गई बैठक में सभी थानाध्यक्ष को अपने क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः अनुपालन कराने का निदेश दिया गया। इसके साथ ही उन्हे लोक सभा निर्वाचन को देखते हुए विधि व्यवस्था के दृष्टिकोण से सजग रहने व भेद्य टोला में गश्ती करने का निर्देश दिया गया। बैठक में सहायक पुलिस अधीक्षक दानापुर द्वारा निर्वाचन के अवसर पर विधि व्यवस्था उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। सभी थानाध्यक्ष से संवेदनशील, अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों का पहचान कर विश्वास निर्माण हेतु कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। इस मौके पर अवर निर्वाचन पदाधिकारी बिरेन्द्र कुमार बैठक में उपस्थित थे।

### नगर परिषद में वातानुकूलित शव वाहन लाया गया



दानापुर खगौल नगर परिषद के द्वारा आम जन के लिए सस्ते दर पर शव वाहन उपलब्ध कराइगी इसको लेकर सोमवार को नगर परिषद में वातानुकुलित शव वाहन लाया गया। मुख्य पार्षद सुजीत कुमार ने कार्यालय को शव वाहन का चाभी सौपा। उन्होने बताया कि लोगो को आवश्यकता पड़ने पर शव वाहन के लिए पटना व अन्य संस्था के पास जाना पड़ता था। इसको देखते हुए खगौल नगर परिषद में शव वाहन लाया गया। अत्याधुनिक शव वाहन वातानुकुलित है। लोग सस्ते दर नगर परिषद से इसकी सेवा ले सकेगे। जल्दी ही इसकी दर तय कर दी जायेगी।

# एम्स में दो दिवसीय न्यूरो इमरजेंसी केयर कार्यशाला आयोजित

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। एम्स में, 27 और 28 अप्रैल, को प्रोफेसर (डॉ.) गोपाल कृष्ण पाल, कार्यकारी निदेशक और सीईओ के संरक्षण में न्यूरोलॉजिकल इमरजेंसीज के प्रबंधन पर एक्यूट न्यूरो केयर कोर्स 2024 नामक दो दिवसीय कोर्स और कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला का आयोजन एम्स पटना के एनेस्थिसियोलॉजी विभाग में अतिरिक्त प्रोफेसर एवं आयोजन सचिव के रूप में कार्यरत डॉ. रजनीश कुमार द्वारा इंडियन सोसाइटी ऑफ न्यूरोएनेस्थीसिया एंड क्रिटिकल केयर (आईएसएनएसीसी) और न्यूरोक्रिटिकल केयर सोसाइटी ऑफ इंडिया (एनसीएसआई) के साथ संयुक्त साझेदारी में किया गया। डॉ. केशव गोयल (एम्स दिल्ली), डॉ. सीमा लछला, डॉ. स्वीटा एस. मोहन (आर्टेमिस अस्पताल), डॉ. बरखा बिंदु (पारस अस्पताल) डॉ. वरुण जैन (फोर्टिस अस्पताल) के नेतृत्व में नई दिल्ली के कई प्रसिद्ध न्यूरो-एनेस्थेसियोलॉजिस्ट और इंटेंसिविस्ट (प्रतिष्ठान चिकित्सक) ने कोर्स में भाग लिया। डॉ. काशिफ रिजवी (रेडियोलॉजिस्ट एम्स पटना), डॉ. पंकज देवी दयाल (जी.एस. न्यूरो साइंसेज पटना), डॉ. चंद्रकांत प्रसाद और डॉ. अलंकृता ऐश्वर्या (मेदांता हॉस्पिटल पटना) स्थानीय विशेषज्ञ थे। पटना के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों और निजी अस्पतालों में न्यूरोलॉजिकल आपात स्थितियों के प्रबंधन में शामिल कुल 50 डॉक्टरों ने इस कोर्स में भाग लिया। इस दौरान एक मानक प्रोटोकॉल-आधारित दृष्टिकोण अपनाया गया और व्यापक व्यावहारिक प्रशिक्षण के साथ शिक्षाप्रद व्याख्यान और संवादात्मक कौशल स्टेशनों के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला के दौरान विभिन्न सामान्य आपात स्थितियों जैसे कि ब्रेन स्ट्रोक, इंट्राक्रैनील रक्तस्राव, मिर्गी, मेनिन्जाइटिस और एन्सेफलाइटिस, दर्दनाक मस्तिष्क की चोट और रीढ़ की हड्डी की चोट आदि पर चर्चा की गई। राज्य में पहले कभी ऐसा प्रशिक्षण आयोजित नहीं किया गया था और अच्छे और प्रभावी उपचार की सहायता से गंभीर न्यूरोलॉजिकल परिणामों को रोकने में बहुत मदद हो सकती है। इस दो दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन 28 अप्रैल 2024 को कार्यकारी निदेशक और सीईओ प्रो. (डॉ.) गोपाल कृष्ण पाल द्वारा डीन (अकादमिक) प्रो. (डॉ.) प्रेम कुमार, चिकित्सा अधीक्षक (प्रभारी) प्रो. (डॉ.) त्रिभुवन कुमार, डीन (छात्र मामले) प्रो. (डॉ.) पूनम भदानी, एनेस्थीसिया विभाग के प्रमुख प्रो. (डॉ.) उमेश कुमार भदानी और कार्यकारी निदेशक के विशेष कर्तव्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार की उपस्थिति में किया गया। डॉ. गोपाल कृष्ण पाल ने न्यूरोलॉजिकल आपात स्थितियों की भयावहता और परिणामी न्यूरोलॉजिकल रुग्णता के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला। हमारे राज्य और इसके आसपास अच्छे तीव्र न्यूरो केयर सेंटरों की आवश्यकता है। उन्होंने न्यूरोलॉजी, न्यूरोसर्जरी, एनेस्थीसिया, फिजिकल मेडिसिन और रिहैबिलिटेशन, फिजियोथेरेपिस्ट, आहार विशेषज्ञों और अन्य सहित कई विभागों को शामिल करते हुए एक बहु-विषयक दृष्टिकोण से एम्स पटना में न्यूरो रोगी की देखभाल की इस अपूर्ण आवश्यकता को संबोधित करने का अपना दृढ़ संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने ऐसे दुर्बल रोगियों के पुनर्वास के दौरान योग के महत्व और शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य पर इसके लाभकारी प्रभावों पर भी जोर दिया। इस दौरान एम्स पटना के एनेस्थीसिया विभाग के सभी संकाय सदस्य- डॉ. निशांत सहाय, डॉ. चांदनी सिन्हा, डॉ. अजीत कुमार, डॉ. शगुफ्ता नाज, डॉ. कुणाल सिंह, डॉ. अभ्युदय कुमार, डॉ. पूनम कुमारी, डॉ. अमरजीत कुमार, डॉ. राजेश कुमार और डॉ. शशिकांत इस कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए मौजूद थे।

# डाक पार्सल लिखा झारखंड से आ रहे पिकअप वैन से विदेशी शराब बरामद



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

उत्पाद विभाग की टीम ने झारखंड से शराब लेकर आ रहे एक बोलेरो पिकअप वैन को रोका और उस पर लदे विदेशी शराब को जब्त किया है। इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया गया है। इस संबंध में सहायक उत्पाद आयुक्त प्रेम प्रकाश ने बताया कि सूचना मिली कि झारखंड की ओर से एक पिकअप बोलेरो वैन पर विदेशी शराब की खेप पटना की ओर आ रही है। इसके बाद उत्पाद निरीक्षक कुलवंत कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन कर सक्रिय किया गया और बताए अनुसार भेजा गया। अंततः राम कृष्ण नगर थाना क्षेत्र के जगनपुरा के पास बताए गए अनुसार एक बोलेरो पिकअप वैन, जिस पर रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 01जीएन 2402 लिखा था, को रोका गया। इस दौरान यह पाया गया कि उक्त बोलेरो पिकअप वैन पर डाक पार्सल लिखा हुआ था, ताकि कोई यह शक नहीं कर पाए कि इसमें शराब की खेप लदी है। जब उस पिकअप वैन की जांच की गई, तो अंदर से 44 थैला में विभिन्न ब्रांड का विदेशी शराब बरामद किया गया। कुल 1110 बोतल में 778.5 लीटर शराब विदेशी शराब पाया गया। इस संबंध में पटना जिला के भगवानगंज थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर के रहने वाले श्याम कुमार को गिरफ्तार किया गया है। उत्पाद विभाग की टीम उससे लगातार पूछताछ कर रही है। शराब को झारखंड से पटना की ओर लाया जा रहा था। सहायक उत्पाद आयुक्त प्रेम प्रकाश ने बताया कि टीम में उत्पाद निरीक्षक कुलवंत कुमार के अलावा एसआई नागेंद्र, एएसआई शशि ठाकुर, गौतम कुमार, आरक्षी और होमगार्ड के जवान शामिल थे।

# महिला को झांसे में लेकर एटीएम कार्ड से निकाले डेढ लाख रुपए

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर। नगर के अंतर्गत महिला को झांसे में लेकर बदमाश ने कार्ड बदल उसके खाते से डेढ़ लाख की निकासी कर ली। इस संबंध में आनंद बाजार निवासी सुरेश शर्मा की पत्नी सोनी देवी ने स्थानीय थाने में बदमाश के खिलाफ लिखित शिकायत की है। लिखित शिकायत में महिला ने बताया है कि वह सोमवार को मैनपुरा स्थित पीएनबी के एटीएम बुथ से रुपए निकालने गई थी। वहां उसने 10 हजार रुपए निकाले। रुपए निकालने के क्रम में वहा मौजूद एक युवक द्वारा बताया गया कि आगे रुपए निकालने के लिए उन्हे दोबारा एटीएम कार्ड डालना होगा तभी आगे का रूपया निकासी हो पाएगा। उसके झांसे में आकर दोबारा एटीएम कार्ड डाला मगर रुपए निकासी नहीं हुए। युवक द्वारा बुथ के बाहर लिखे हेल्पलाइन नंबर पर बात करने को कहा। नंबर पर बात करने पर महिला को बैंक का कर्मी बता सगुना मोड़ के पास मिलने को कहा। महिला सगुना मोड़ पहुच पाती उलके खाते से 1 लाख 50 हजार रुपए की निकासी का मैसेज आ गया। महिला अपना एटीएम कार्ड चेक की तो पता चला कि एटीएम बदला हुआ है। एटीएम में मौजूद युवक शातिर ढंग से उसका एटीएम बदल दिया था। वहीं मामला संज्ञान में आने के बाद दानापुर थाना पुलिस मामले की छानबीन व युवक की पहचान करने में जुट गई है।

# प्रकाश पर्व पर सजा विशेष दीवान, संगत समागम भी हुआ

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में नवम पातशाह गुरु तेग बहादुर जी महाराज के प्रकाश पर्व को लेकर विशेष दीवान रविवार को सजा। विशेष दीवान में रागी जत्था भाई हरभजन सिंह, भाई अरविंद सिंह निर्गुण, भाई बिक्रम सिंह, भाई कविंदर सिंह, भाई जगत सिंह एवं भाई ज्ञान सिंह ने शबद कीर्तन पेश किया। कथावाचक ज्ञानी सुखदेव सिंह व चरणजीत सिंह ने गुरु महाराज के जीवन दर्शन पर कथा कही। कथावाचक ने कहा कि गुरु महाराज का जीवन समस्त मानवीय सांस्कृतिक विरासत की खातिर बलिदान था। धर्म उनके लिए सांस्कृतिक मूल्यों और जीवन विधान का नाम था। उनके विचार आज भी लोगों के लिए प्रेरणादायी है। तख्तश्री पटना साहिब के जत्थेदार बलदेव सिंह की देखरेख में चल रहे विशेष दीवान की समाप्ति अरदास, हुकुमनामा व शस्त्र दर्शन के बाद हुई। विशेष दीवान में वक्ताओं ने मानवता के उच्च आदर्श को स्थापित करने वाले गुरु महाराज के जीवन दर्शन व शहादत को मानवता के लिए अनुकरणीय बताया। इससे पहले अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिह की देखरेख में चल रहे श्री गुरु ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ का समापन हुआ। दीवान की समाप्ति के बाद गुरु का अटूट लंगर चला। इधर पांचवें गुरु अर्जन देव जी महाराज के प्रकाश पर्व को लेकर चल रहा अखंड पाठ सोमवार को भी जारी रहा। मंगलवार को पाठ की समाप्ति के बाद विशेष दीवान सजेगा।

# वार्षिकोत्सव में स्कूली बच्चों ने मचाया धमाल, मनमोहक प्रस्तुति दे खूब बटोरी तालियां

● गीत-नृत्य के साथ एकेएसडी स्कूल का 6 ठा वार्षिकोत्सव सम्पन्न, बेहतर प्रदर्शन करने वाले सम्मानित

प्रात :किरण संवाददाता



पटना छात्र-छात्राओं के मनोहारी गीत-नृत्य के साथ सोमवार को जिले के बेउर स्थित अनिल कुमार शाकुंतला देवी ( एकेएसडी स्कूल ) का 6 ठा वार्षिकोत्सव पूरे धूम-धाम और उत्साह-पूर्वक मनाया गया। नन्हें-मुन्हे बच्चे गीतों के धुन पर मधुर मुस्कान के साथ थिरकते नजर आए तो अभिभावकों की बाँछे खिल उठी। मौके पर आयोजित समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि सह बिहार पब्लिक स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव प्रेम रंजन, बिहारी स्कॉलर्स फोरम के प्रेसिडेंट सह शिक्षाविद गोपाल विद्यार्थी, निदेशक अंजन झा, विद्यालय मैनेजिंग डायरेक्टर रंजन झा, अरविंद कुमार व प्राचार्या प्रतिभा झा समेत अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काट कर एवं मंगलदीप प्रज्वलित कर किया मौके पर मुख्य अतिथि प्रेम रंजन ने कहा कि मानस को शुद्ध रख कर ही हम अपना उन्नयन कर सकते हैं। भारत के ह्ववसुधैव कुटुम्बकमह्व के विचार को भी सार्थकता तभी मिलेगी, जब हम अपनी मानसिक ऊन्नति करे। इसके लिए प्राथमिक विद्यालयों से संस्कार का कार्य आरंभ करना होगा। वहीं शिक्षाविद गोपाल विद्यार्थी ने विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि इस विद्यालय ने जिस तीव्र गति से उपलब्धियाँ प्राप्त की है, वह प्रशंसनीय है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय में हो रहे कार्य से इसके उज्ज्वल भविष्य की आशा बँधती है। आरंभ में विद्यालय के निदेशक अंजन झा, मैनेजिंग डायरेक्टर रंजन झा व प्राचार्या प्रतिभा झा सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं ने अतिथियों को अंग-वस्त्रम एवं पुष्प-गुच्छ देकर सम्मानित किया। सांस्कृतिक प्रस्तुति देनेवाले विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों को खूब सराहना मिली। दर्शकों ने तालियाँ बजाकर सभी कलाकारों का उत्साह-वर्द्धन किया। शास्त्रीय नृत्य पर आधारित लगभग एक दर्जन शास्त्रीय नृत्य-नाटिकाओं और समूह नृत्य के माध्यम से विद्यार्थियों ने न केवल अपनी प्रतिभा का परिचय दिया अपितु शिक्षा-प्रद संदेश भी दिए। मौके पर अतिथियों ने वार्षिक परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट, मेडल व ट्राफी आदि देकर सम्मानित किया निदेशक अंजन झा ने स्कूली बच्चों व शिक्षकों की उनके बेहतर कार्य की सराहना करते हुए उनकी हौसला अफजाई की संचालन अतिथि सह क्षेत्रीय वरिष्ठ शिक्षक अरविंद कुमार व धन्यवाद ज्ञापन रंजन झा ने किया मौके पर शिक्षक शिक्षिकाओं समेत प्रबंधन-समिति के अधिकारीगण व सभी कर्मी तथा बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।

### सेक्टर मजिस्ट्रेट को मिला वोटर पर्ची घर-घर पहुंचाने का जिम्मा

पटना सिटी (प्राकि)। पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र में 344 मतदान केंद्र और एक सहायक मतदान केंद्र है। इन मतदान केंद्रों के बूथ लेवल अफसर मतदाताओं को घर-घर मतदाता पर्ची पहुंचाएंगे। इसकी निगरानी करने और मतदान केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी मुहैया कराने का निर्देश एसडीओ गुंजन सिंह ने सेक्टर मजिस्ट्रेट को दिया है। एसडीओ सोमवार को पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र के 34 सेक्टर पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रही थीं। एसडीओ ने बताया कि मतदान केंद्रों पर जहां शेड की व्यवस्था नहीं है, वहां पर शेड लगाने, मतदाताओं के लिए पीने के पानी की व्यवस्था करने और निर्वाचन से जुड़े कार्य को निष्पादित करने के लिए कहा गया है। मतदान से जुड़े गतिविधियों की जानकारी के लिए व्हाट्सएप समूह बनाने को कहा गया है। इसके अलावा निर्वाचन से जुड़े अन्य कार्य पर बिंदुवार चर्चा की गयी है। बैठक में सेक्टर मजिस्ट्रेट भी मौजूद उपस्थित थे।

# अतिक्रमण हटाओ दस्ता ने सड़क पर रखे तीन ट्रैक्टर व बालू जब्त

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर नगर के अंतर्गत अतिक्रमण हटाओ दस्ता ने अतिक्रमण करने वाले 10 लोगो के विरूद्ध 70 हजार जुमार्ना लगाते हुए वसुल किया। कार्यपालक पदाधिकारी विमल कुमार के नेतृत्व में सोमवार को अतिक्रमण हटाओ दस्ता खगौल रोड के पीजीएस मोड़ से पहुंची। दल बल के साथ पहुंची टीम को देख लोगो में हड़कंप मच गया। अतिक्रमण हटाओ दस्ता को देख लोग अपने सामान हटाने में लगे रहे। पीजीएस मोड़ से दानापुर खगौल मुख्य मार्ग के पश्चिमी ओर व्याप्त अतिक्रमण को हटाते हुए जेसीबी से कई स्थायी व अस्थायी अतिक्रमण का उखाड़ फेका। साथ ही कई सामान जप्त भी किया। उधर तपती गर्मी में भी अतिक्रमण को हटाने में टीम के लोग लगे रहे। कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि दो दिन पूर्व खगौल रोड में सगुना मोड़ से पीजीएस मोड़ के पूर्वी भाग में अतिक्रमण हटाया गया था। सोमवार को पश्चिमी भाग में अतिक्रमण हटाया गया। इस क्रम में सड़को पर लोगो द्वारा रखे गये। तीन ट्रैक्टर बालू जप्त किया गया। साथ 10 अतिक्रमणकारियो को आर्थिक दंड लगाते हुए 70 हजार रुपए वसुले गये। उन्होने बताया कि अतिक्रमण को लेकर अभियान आगे भी जारी रहेगा। लोग सड़क पर अतिक्रमण कर दुकान व व्यवसाय करने लग रहे है।

## छात्रा के साथ दुष्कर्म मामले में एक साल बाद न्यायालय में 164 का बयान कराया दर्ज

दानापुर। नगर केशाहपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस ने नाबालिग छात्रा के साथ हुई दुष्कर्म मामले में एक साल बाद छात्रा को न्यायालय में 164 का बयान दर्ज कराया ।एक साल बाद मेडिकल जांच और बयान दर्ज कराने से पीड़िता को न्याय मिलने उम्मीद जग गई। बता दें कि शाहपुर थाना क्षेत्र के हेतनपुर में एक नाबालिग छात्रा के साथ 22/4/23 को सुबह में टियूशन पढ़ने जाने के दौरान एक सुनसान जगह पर उसके साथ दुष्कर्म किया गया था। छात्रा की मानें तो उसके साथ चचेरा भाई ने ही दुष्कर्म किया था और उसी पर आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत की थी ।आरोपित द्वारा केस उठाने को लेकर धमकी और मारपीट करने की जा रही थी ।जिससे पीड़िता और उसके परिजन डरे सहमे थे ।जबकि छात्रा की मां ने पुलिस पर कार्रवाई करने में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया था। थानाध्यक्ष ने बताया कि पीड़िता का न्यायालय में 164 का ब्यान दर्ज कराया गया है।

# सब्जी खरीद घर जा रही महिला के गले से बाइक सवार झपटा चेन

● बैंक से 50 हजार निकाल जा रहे बाइक सवार को गिरा रुपया ले भागा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

अगमकुआं थाना के भूतनाथ रोड में सब्जी खरीद कर घर लौट रही महिला से अपराधियों ने गले से सोने का चेन झपट लिया। पीड़ित महिला की कहना था कि वह सब्जी खरीद कर पैदल अपने घर को जा रही थी इसी दौरान एक बाइक पर दो व्यक्ति सवार था दोनों हेलमेट पहन रखा था पीछे से उसने गले से चैन झपट्टा मार कर खींच लिया जब तक वह कुछ समझ पाती दोनों तेजी से भाग निकला और आंखों से ओझल हो गया। सोने का चैन करीब तीन भर का बताया जा रहा है। अगमकुआं थाना की पुलिस का कहना है कि किसी तरह की लिखित शिकायत थाना में नहीं दी गई है। दूसरी ओर चौक थाना क्षेत्र के गुरु गोविंद सिंह पथ में संजीव कुमार बैंक से 50 हजार रुपया निकाल कर अपने बाइक से जा रहे थे। एक अन्य बाइक पर सवार दो बदमाशों ने संजीव को धक्का देकर गिरा दिया। इसके बाद बैंक से निकाले 50 हजार रुपया बैग से निकाल कर फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि मामले में जांच-पड़ताल की जा रही है।

# गए शादी में, ताला तोड़ दो लाख की संपति पर किया हाथ साफ

अलमीरा तोड़ने के दौरान शिश के टूटने से कर घायल हुआ, खून पसरा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



बाइपास थाना क्षेत्र के बेगमपुर स्थित दादाबाड़ी जैन मंदिर के समीप में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। नैनसी कुमारी के बंद मकान का ताला तोड़ चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने करीब दो लाख रुपए की संपति चोरी कर लिया है। पीड़िता ने बताया कि वह परिवार के साथ रिश्तेदार के यहां शादी में गई हुई थी। सोमवार की सुबह जब वापस लौटी, तब देखा कि मकान का ताला टूटा है। चोरों ने आलमीरा तोड़ कर लगभग दो लाख रुपए के आभूषण और अन्य सामान के साथ छह हजार रुपया नगद चोरी कर लिया है। पीड़ित परिवार की सूचना पर मौके बाइपास थाना की पुलिस पहुंची और मामले में जांच-पड़ताल की। परिजनों का कहना है कि आलमीरा तोड़ने के दौरान शीशा भी टूट गया, जिससे चोर जख्मी भी हुआ है। कमरे में खून भी पसरा था। पुलिस मामला दर्ज कर छानबीन कर रही है।

# सभी अस्पताल 24 घंटे अलर्ट मोड पर डॉक्टर भी ऑन कॉल किये गये तैनात

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। पूरा राज्य भीषण गर्मी और लू की चपेट में है। इससे जनजीवन अस्त–व्यस्त है। आने वाले दिनों में और ज्यादा तापमान बढ़ने की संभावना है। इससे निपटने के लिए राज्य का स्वास्थ्य महकमा अलर्ट मोड में है। इससे बचाव के लिए बड़े पैमाने पर चिकित्सा महाविद्यालयों से लेकर सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर स्वास्थ्य सुविधा की मुकम्मल व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है। राज्य के सभी सिविल सर्जन व चिकित्सा पदाधिकारी को राज्य स्वास्थ्य समिति ने पत्र भेजकर व्यवस्था सुद्दढ़ करने को कहा है। इसमें अस्पतालों में दवाई, डेडिकेटेड वार्ड, विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ पारा चिकित्सक कर्मियों की उपस्थिति और एंबुलेंस सुविधा से लेकर जांच संबंधी सभी प्रकार की तैयारियां सुनिश्चित करने को कहा गया है। 24 घंटे सभी अस्पतालों में दवाई से लेकर जांच की होगी व्यवस्था राज्य स्वास्थ्य समिति ने अपने पत्र में कहा गया है कि पूरे राज्य के मेडिकल कॉलेज से लेकर सभी अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधा 24७7 की तर्ज पर काम करेगा। लू से पीड़ित व्यक्तियों के लिए अस्पतालों में दवाई से लेकर जांच तक की उचित व्यवस्था करने को कहा है। इस दौरान अस्पतालों में आने वाले पीड़ित की हीटरेट, रेस्पेरटरी रेट के साथ–साथ बल्ड प्रेशर की जांच नियमित हो। लू से पीड़ित मरीजों का कंप्लीट ब्लड काउंटिंग, इलेक्ट्रोसाइट और ईसीजी के अलावा लीवर व किडनी की जांच की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है। सभी अस्पताल में डेडिकेटेड वार्ड सुरक्षित रखने का भी निर्देश दिया है। इस वार्ड में 24 घंटे चिकित्सकों एवं पारा चिकित्सक कर्मियों की रोस्टर प्रतिनियुक्ति की जायेगी। इन वार्डों में प्रर्याप्त मात्रा में आवश्यक दवाइयां व उपकरण की उपलब्धता सुनिश्चित कराने की भी बात कही गयी है। बच्चे, बुजुर्ग और गर्भवती महिलाओं को ज्यादा सावधानी की जरूरत पत्र में कहा गया है कि अत्यधिक गर्मी एवं हीटवेव से खासकर बच्चे, बुजुर्ग, गर्भवती और धातृ महिलाओं को ज्यादा सावधानी बरतने की जरूरत है। इन लोगों को स्वास्थ्य संबंधी गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए हीटवेव से बचने के लिए इन लोगों को अत्यधिक सावधानी बरतने की जरूरत है। अस्पताल के वार्डों में एसी और कूलर के साथ अन्य सुविधा की व्यवस्था पत्र में राज्य के सभी सिविल सर्जन को निर्देश दिया गया है कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर 24 घंटे ऑन काल अतिरिक्त विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाय। ताकि आकस्मिक परिस्थिति में सूचित किए जाने पर वे शीघ्र संबंधित अस्पताल में उपस्थित होकर ससमय पीड़ित व्यक्ति का उचित उपचार करने में मदद कर सकें। जिले में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के साथ सम्बद्ध एंबुलेंस को 24 घंटे अलर्ट रखने की भी हिदायत दी गयी है। इसके अलावा राज्य के सभी अस्पतालों के सामान्य वार्ड व आईपीडी में एसी और कूलर के साथ अन्य सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। गर्म हवाएं और लू से बचाव के लिए आमजनों को करें जागरूक पत्र में यह भी कहा गया है कि गर्म हवा और लू से बचाव के लिए पूरे राज्य में आमजनों को जागरूक करने के लिए स्थानीय स्तर पर प्रचार–प्रसार कराया जाय। साथ ही इससे बचाव के लिए ह्नक्या करें, क्या न करेंह्न को जिला स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर इसे आमजनों के बीच लगातार प्रचारित कराया जाय।

### तनाव जैसी गंभीर समस्या के लिए योग और साधना ही समाधान : सनातन संस्था

प्रात :किरण संवाददाता



पटना/गया । सनातन संस्था की स्थापना को 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में रजत महोत्सव के अंतर्गत पूरे देश भर में अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी के अंतर्गत यहां के चैम्बर ऑफ कॉमर्स में व्यवसायियों के लिए तनाव नियंत्रण प्रबंधन विषय पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में ह्नहिन्दू जनजागृति समिति के धर्मप्रचारक सद्गुरु निलेश सिंगबाल जी ने मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि हर क्षेत्र में तनाव की मात्रा बढती जा रही है, व्यापारी वर्ग भी इससे अछूता नहीं है । ऐसे में तनाव नियंत्रण का विषय आज बहुत महत्वपूर्ण हो गया है। उन्होंने तनाव क्या होता है ? तनाव का कारण तथा तनाव का क्या परिणाम होता है, तनावग्रस्त स्थिति में कौन से उपाय करने चाहिए, तनावमुक्त जीवन हेतु योग, प्राणायाम एवं अध्यात्म कैसे उपयोगी है, कलियुग में नामजप साधना का महत्त्व, कौनसा नामजप करने से क्या लाभ होते हैं आदि विषयों पर मार्गदर्शन किया । इस कार्यक्रम में श्री कौशलेन्द्र प्रताप, श्री अनूप केडिया, श्री दीपेंद्र अगरवाल इत्यादि उपस्थित थे । सभी ने इस विषय की बहुत प्रशंसा की ।

# मारवाड़ी स्कूल के पास बिजली का केबल रात में जला, उपभोक्ता परेशान

● सोमवार को भी पूर्वाह्न और अपराह्न में तीन-चार घंटे ठीक करने के लिए बिजली रही बाधित

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी विद्युत कार्य प्रमंडल से जुड़े गुरु गोविंद सिंह पथ में मारवाड़ी हाई स्कूल और शहीद भगत सिंह चौक के बीच बिजली के केबल में आग लगने के कारण रविवार और सोमवार की रात बिजली बाधित हो गई। इसके बाद बिजली सुबह में किसी तरह से अस्थाई रूप से बहाल की गई। लोगों का इस दौरान रात में इनवर्टर जवाब देने के बाद करवट बदलते हुए गर्मी में रात गुजारनी पड़ी। सुबह बिजली आने के बाद पानी की व्यवस्था हो पाई और इनवर्टर भी चार्ज हो पाया। मगर एक बार फिर बिजली की लोड शेडिंग हुई। अंततः मैकेनिकल गैंग के आने के बाद उक्त केबल को ठीक करने के लिए अपराह करीब तीन-चार बजे शट डाउन खाजेकलां फीडर का लिया गया। इसे रात करीब आठ बजे बिजली बहाल की गई। इस संबंध में कार्यपालक अभियंता शिव शंकर प्रसाद ने बताया कि रात में केबल जल गया था। इस कारण से बिजली बाधित हो गई थी। अंततः अपराह्न में एक्सपर्ट की टीम आकर उसे ठीक करने का काम किया है और रात करीब आठ बजे बिजली बहाल हो गई। वहीं बताया जाता है कि केबल वर्ष 2016-17 में ही लगा था। यह पुराना होने के साथ ही बिजली के बढ़े लोड को भी बर्दाश्त करने में सक्षम नहीं हो पा रहा है। इस कारण से एक नया फीडर का प्रस्ताव भी विभाग को भेजा गया है। इसकी स्वीकृति मिलने के बाद जब एक अलग फीडर बन जाएगा, तब उपभोक्ताओं की समस्या दूर हो सकेगी। फिलहाल इसके पूर्व भी मच्छरहट्टा गली मोड़ पर केबल में आग लगने और तार टूटने के कारण वहां बने तोरण द्वार के कपड़ा और बांस में आग लग गई थी। संयोग था कि खाजेकलां थाना की गश्ती गाड़ी के गुजरने के दौरान पुलिस की नजर पड़ गई और तुरंत सिटी फायर स्टेशन को सूचना दिए जाने के बाद एक बड़ा हादसा टल गया था। मगर आए दिन गुरु गोविंद सिंह पथ में रामदेव महतो सामुदायिक भवन मोड़ से लेकर शहीद भगत सिंह चौक और पूरब में मिरचाई गली मोड़ के बीच मच्छरहट्टा गली के पास और सिंधी दलान लेन में आए दिन समस्या उत्पन्न हो रही है।

# देश को श्रेष्ठ बनाने के लिए ताकतवर नेतृत्व चाहिए : सम्राट

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



कहा-सनातन का अपमान करने वालों को नहीं बख्शेंगे

बिहार के उप मुख्यमंत्री और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि सनातन समर्थक किसी के विरोधी नहीं, लेकिन अपमान करने वालों को नहीं बख्शेंगे। उन्होंने कहा कि यह चुनाव सही अर्थों में देश को विकसित और समृद्ध बनाने का चुनाव है। पूर्वी चंपारण लोकसभा क्षेत्र से एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी राधा मोहन सिंह के नामांकन समारोह सह आशीर्वाद सभा में भारी भीड़ को देख उत्साहित श्री चौधरी ने कहा कि जनता का जोशो-खरोश एनडीए के जीत का प्रमाण है। पूर्वी चंपारण की जीत हर बार से इस बार ऐतिहासिक साबित होगा। उन्होंने कहा कि आज देश को श्रेष्ठ और विकसित बनाने के लिये ताकतवर नेतृत्व जरूरी है कि सही समय पर निर्णय ले सके। उन्होंने कहा कि आज मजबूत नेतृत्व का ही परिणाम है कि कश्मीर में धारा 370 भी समाप्त हो गया तथा 500 साल से चल आ रहा राम मंदिर का विवाद भी भव्य राममन्दिर निर्माण के साथ समाप्त हो गया। उन्होंने कहा कि आज प्रभु श्री राम भव्य मंदिर में पहुंच गए। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि 370 हटाने को लेकर लोग कहते थे कि खून की नदियां बह जाएंगी, लेकिन खून की नदियां क्या बहेंगी जो सुरक्षाबलों पर पत्थर चलाते थे वह भी बिल में घुस गए। यह है नरेंद्र मोदी जी का नेतृत्व। भाजपा के अध्यक्ष श्री चौधरी ने कहा कि राजद अध्यक्ष सावन में मटन बना कर कांग्रेस के नेता को खिला रहे थे जबकि उनके पुत्र नवरात्रि में हेलीकॉप्टर में मछली खा रहे हैं और सनातन का अपमान कर रहे हैं। श्री चौधरी ने चेतावनी देते हुए कहा कि सनातन का अपमान करना बंद कर दें। उन्होंने उपस्थित लोगों से पूरे बिहार में एनडीए के प्रत्याशियों को जीताने की अपील की।

**गरीबी समाप्त करने के नाम पर गरीब को ही समाप्त करती रही कांग्रेस :**

पटना। उप मुख्यमंत्री ने सवाल पूछा कि एनडीए के प्रत्याशी जीते तो नरेंद्र मोदी जी प्रधानमंत्री बनेंगे, लेकिन इंडी गठबंधन के प्रत्याशी जीतेंगे तो क्या 1-1 साल का होगा बंटवारा? उन्होंने हालांकि यह भी कहा कि ऐसा होने वाला नहीं है। शिवहर लोकसभा क्षेत्र से एनडीए समर्थित जदयू प्रत्याशी लवली आनंद जी के नामांकन समारोह के मौके पर आयोजित आशीर्वाद सभा को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री ने उपस्थित जनता से एनडीए के प्रचंड विजय का आह्वान किया। उन्होंने लोगो का आह्वान करते हुए कहा कि आपके एक-एक वोट और एनडीए के जीते हुए सीट देश की प्रगति और विश्व महाशक्ति बनने में अकथनीय योगदान देगा। उन्होंने कहा कि देश को विकसित और समृद्ध बनाने के लिए नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए की सरकार जरूरी है। उन्होंने कहा कि इस देश की पहचान सोने की चिड़िया के तौर पर होती थी तो विदेशी आक्रांताओं की नजर इस देश पर टिकी थी। कई आक्रांताओं ने हमारे देश को लूटा। देश के प्रधानमंत्री ने मेक इन इंडिया लाये, जिसमें सोने की चिड़िया नही दहाड़ने वाला शेर बना दिया। उप मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले की सरकार गरीबी मिटाने के नाम पर खूब वोट लिये लेकिन गरीबी तो दूर नहीं हुई गरीब को ही समाप्त कर दिया। उन्होंने कहा कि एनडीए को दिया गया एक- एक वोट एनडीए को 400 पार करने के नजदीक ले जाएगा और नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के मार्ग को प्रशस्त करेगा।

# प्रधानमंत्री समृद्ध और विकसित बिहार के लिए संकल्पित : विजय

- अपराध और भ्रष्टाचार पर राजद कांग्रेस की बोलती बंद क्यों?
- जनता के दु:ख दर्द से कोसों दूर हैं विपक्ष के लोग

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि राजद और कांग्रेस के नेचर और सिग्नेचर नहीं बदले हैं। दो चरण की चुनाव में बिहार की जनता ने उनका सूपड़ा साफ कर दिया है। श्री सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समृद्ध और विकसित बिहार के लिए संकल्पित है। बिहार में सभी सीट जीतने की उनकी उक्ति हकीकत है। श्री सिन्हा ने कहा कि 10 वर्षों से मोदी जी के नेतृत्व में देश और राज्य का अभूतपूर्व विकास हुआ है। एनडीए बिहार की जनता की सेवा में 24*7 लगे रहते हैं। 18 वर्षों में राज्य को जंगलराज और गुंडाराज से मुक्ति दिलाकर एन.डी.ए की बिहार में डबल इंजन की सरकार ने विकास की बड़ी रेखा खींच दी है। दूसरी तरफ राजद और इंडी गठबंधन को जनता के दुःख-दर्द से कोई लेना देना नहीं है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव 5 वर्ष में नामांकन दाखिल करने ही अपने निर्वाचन क्षेत्र राघोपुर जाते हैं। जात के नाम पर वोट मांगने के सिवा उनकी कोई उपलब्धि नहीं है। बस बयानबाजी और हवावाजी कर ये वोट लेना चाहते हैं। श्री सिन्हा ने आश्चर्य व्यक्त किया की अपराध और भ्रष्टाचार पर राजद और कांग्रेस मौन क्यों हैं? हत्या, बलात्कार, लूट, डकैती, अपहरण जैसे जघन्य अपराध इनके शासनकाल की उपलब्धि रही है। भ्रष्टाचार के मामलों में पूरा परिवार न्यायालय का चक्कर काट रहा है। फिर भी इनका स्वभाव नहीं बदला है। श्री सिन्हा ने कहा कि तेजस्वी यादव और महागठबंधन के लोगों के लिए चुनाव प्रचार पिकनिक मनाने के जैसा है। राज्य और देश के लोगों ने देखा है कि किस प्रकार आकाश में कभी मछली तो कभी संतरा खाते हुए अपना फोटो पोस्ट करते हैं। बर्थडे भी आकाश में ही मनाते हैं। उनकी समझ में यह नहीं आता है कि वे किस आधार पर वोट मांगे। उपलब्धि, सेवा और जनता के प्रति समर्पण के नाम पर उनका स्कोर शून्य है। श्री सिन्हा ने कहा कि बिहार में दो चरणों के चुनाव में ही इनका सूपड़ा साफ हो गया है। अभी तक 9 सीटों पर चुनाव संपन्न हो चुके हैं। इन्हें एक भी सीट नहीं मिल रहा है। बाकी के चरणों में भी इनकी हालत 2019 वाली ही होगी। विडंबना है कि पराजय से ये कोई सबक नहीं लेते हैं। विलासिता की जिंदगी जीना इनकी मजबूरी हो चुकी है।

# दुष्प्रचार के सहारे जनता को गुमराह करना चाहता है विपक्ष : उमेश

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा शिवहर से लावली आनंद, वैशाली से वीणा देवी एवं पूर्वी चंपारण से राधामोहन सिंह के नामांकन समारोह में शामिल हुए तथा उन्होंने जनसभाओं को संबोधित कर स्थानीय जनता से एनडीए प्रत्याशी के समर्थन में वोट मांगा। इस दौरान उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि यह चुनाव दो गठबंधन के बीच नहीं बल्कि दो धारा के बीच है। एक धारा ऐसे दलों की है जिनकी सोच परिवार के इर्दगिर्द ही सिमटकर रह जाती है वहीं दूसरी धारा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सरीखे नेता हैं जो सर्वसमाज को अपने परिवार का अभिन्न अंग मानते हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि असल मायनों में परिवारवादी सोच से ग्रसित राजद-कांग्रेस को गरीब और कमजोर वर्ग की कोई चिंता नहीं है। ये लोग सिर्फ वोट लेने के लिए जनता से लुभावने वादे करते हैं और चुनाव के बाद अपने परिवार को आगे बढ़ाने में लग जाते हैं। उन्होंने कहा कि 2005 से पहले बिहार की गिनती बीमारू राज्यों में होती थी लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अथक प्रयास से आज वही बिहार देश में सबसे तेज गति से आगे बढ़ने वाला अर्थव्यवस्था बन चुका है। नीतीश सरकार द्वारा चलाये जा रहे कल्याणकारी योजनाओं के बदौलत बीते 18 वर्षो के दौरान गरीबों के जीवनस्तर में व्यापक सुधार हुआ है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राजद के शासन में अपराध उद्योग अपने चरम पर था लेकिन आज वही बिहार देश-दुनिया के निवेशकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन रहा है। नए उद्योग-धंधे लगने से बड़ी संख्या में बिहार के युवाओं को रोजगार मिल रहा है। श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि विकास के प्रति हमारे नेता की प्रतिबद्धता पर कोई सवाल खड़े नहीं कर सकता है। हम 18 वर्षो में किए अपने कामों के आधार पर जनता के बीच जा रहें हैं वही दूसरी ओर तेजस्वी यादव अपने माता-पिता के 15 सालों की उपलब्धि बताने के बजायें सिर्फ 17 महीनों का ढोल पीट रहें हैं। इससे पता चलता है कि विपक्ष मुद्दाविहीन राजनीति कर रहा है और दुष्प्रचार के सहारे जनता को गुमराह करने में जुटा हुआ है। प्रदेश अध्यक्ष ने अपील करते हुए कहा कि विकसित भारत-विकसित बिहार के संकल्प को साकार करने के लिए बिहार की सभी 40 लोकसभा सीटें एनडीए की झोली में डालना है और श्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाना है।

# युद्ध में उतरने से पहले ही मैदान छोड़ रहे कांग्रेस प्रत्याशी : मंगल

## आने वाले समय में कांग्रेस को लगेगा और झटका

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



सूबे के स्वास्थ्य एवं कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि कांग्रेस से न सिर्फ देश की जनता, बल्कि उसके प्रत्याशी का भी मोह भंग हो रहा है। भाजपा की लहर और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता के डर से एक के बाद एक कांग्रेस प्रत्याशी युद्ध के पहले ही मैदान छोड़ते नजर आ रहे हैं। सूरत के बाद सोमवार को कांग्रेस को फिर एक बड़ा झटका लगा है। इंदौर से कांग्रेस प्रत्याशी अक्षय कांति ने नाम वापस लेकर भाजपा पर आस्था जताया है। इससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि आने वाले दिनों में कांग्रेस का क्या हश्र होगा। यही नहीं आने वाले शेष पांच चरणों के चुनाव के पूर्व कांग्रेस को और झटका लगने वाला है। इसका अंदाजा कांग्रेस को नहीं है। श्री पांडेय ने कहा कि दूसरे चरण के चुनाव संपन्न होने के बाद भी कई सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशी तय नहीं कर पायी है। कई महत्वपूर्ण सीटों पर भी अभी तक असमंजस की स्थिति बनी हुई है। बावजूद कांग्रेस देश पर राज करने का कोरा सपना देख रही है। गांधी परिवार की पारंपरिक सीट रही अमेठी पर भी अभी तक उधेड़बुन बना हुआ है। अमेठी से भाई चुनाव लड़ेगा या फिर बहन चुनाव लड़ेगी, अभी तक यह तय नहीं हो पाया है। अभी तक सिर्फ तैयारी चल रही है, लेकिन कौन प्रत्याशी होगा यह अभी तक तय नहीं हो पाया है। आखिर हो भी कैसे कांग्रेस को यह मालमू है कि कोई भी प्रत्याशी क्यों नहीं हो, हार सुनिश्चित है। इस स्थिति में कांग्रेस अपनी प्रतिष्ठा बचाने के लिए हो सकता हो कि अमेठी में किसी और पर भी दाव खेल सकती है। क्योंकि इस बार एनडीए के 400 पार के संकल्प के बीच कांग्रेस की दाल किसी भी सीट पर गलने वाली नहीं है। श्री पांडेय ने कहा कि कांग्रेस के पास नेता, नीति और नीयत का घोर अभाव है। इसका परिणाम है कि दिग्गज कांग्रेसी अपनी पुरानी पार्टी से दूर हो रहे हैं और भाजपा पर विश्वास जता रहे हैं। यह तो सिर्फ झांकी है, पूरी फिल्म अभी बांकी है। आने वाले दिनों में कई और नेता कांग्रेस से दूरी बनाने वाले हैं, जिसकी तैयारी भी अंदरखाने चल रही है। कांग्रेस समेत पूरे विपक्ष के पास अभी तक जब कोई सशक्त प्रत्याशी नहीं मिल रहा हो, तो प्रधानमंत्री का चेहरा कौन होगा, इस पर भी संशय बरकरार है। यह बात अलग है कि विपक्ष की ओर से कई लोग प्रधानमंत्री का दावेदार बता रहे हैं, लेकिन ऐसी नौबत ही नहीं आएगी। विपक्ष का हाल एक अनार और सौ बीमार वाला है। महत्वाकांक्षा की पूर्ति नहीं होने पर पहले तो इंडी गठबंधन के साथियों ने साथ छोड़ा। अब कांग्रेस प्रत्याशी ही मैदान छोड़ रहे हैं। चुनाव परिणाम आने के बाद एक बार फिर सबकी राहें जुदा होंगी।

# जदयू व बसपा सहित कई पंचायत प्रतिनिधि राजद में हुये शामिल



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय मे जनता दल यु ,बसपा सहित विभिन्न दलों के नेताओं और पंचायत जनप्रतिनिधियों में पूर्व जिला पार्षद कैमूर सिद्धेश्वर कुशवाहा, जनता दल यु के नेता राजनाथ सिंह कुशवाहा, रामेश्वर शर्मा, बसपा के नेता संतोष कुमार राम, पंचायत समिति सदस्य हरिद्वार सिंह कुशवाहा ललन सिंह कुशवाहा, नरेंद्र सिंह, सन्मुख सिंह कुशवाहा ,सुनील सिंह कुशवाहा, देव मुनि सिंह, मो अदालत, राजेंद्र प्रसाद सिंह कुशवाहा सहित सैकड़ो नेताओं ने सोमवार को अपने समर्थकों के साथ राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह एवं प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद के समक्ष राष्ट्रीय जनता दल की सदस्यता ग्रहण की। इस संबंध में प्रदेश राजद के प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि सभी नेताओं को राष्ट्रीय जनता दल का प्रतीक चिन्ह गमछा ,सदस्यता रसीद देकर राजद सभी को राजद की सदस्यता ग्रहण कराई गई। तथा लालू प्रसाद के संसदीय जीवन पर आधारित गोपालगंज टू रायसीना पुस्तक देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री जगदानंद सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल सभी वर्गों और लोगों को लेकर चलने पर विश्वास करती है इसी कारण सभी वर्ग के लोग राष्ट्रीय जनता दल से लगातार जुड़ रहे हैं और लालू प्रसाद एवं तेजस्वी के नेतृत्व पर विश्वास करके लोग सामाजिक न्याय आर्थिक न्याय की सोच को मजबूती प्रदान कर रहे हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय दल के प्रदेश महासचिव मो फैयाज आलम कमाल, बल्ली यादव डॉ प्रेम कुमार गुप्ता श्री प्रमोद कुमार राम निर्भय अंबेडकर जेम्स कुमार यादव उपेंद्र चंद्रवंशी किसान नेता पशुपतिनाथ सिंह लोकनाथ सिंह कुशवाहा ललन सिंह कुशवाहा निरंजन चंद्रवंशी सहित अन्य गणमान्य नेतागण उपस्थित थे।

# नीतीश कुमार अतिपिछड़ों के सबसे बड़े हितैषी: राजीव

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा कि बिहार का बच्चा-बच्चा जानता है कि आज की तारीख में गरीबों, पिछड़ों और अतिपिछड़ों का नीतीश कुमार से बड़ा हितैषी और कोई नहीं है। बिहार के गरीबों को 75 प्रतिशत का आरक्षण देकर उन्होंने इस बात को साबित किया है कि वह जो कहते हैं उसे हर हाल में पूरा करते हैं। सोमवार को बड़हिया में शीतला माता मन्दिर के पास नीम के पेड़ के नीचे अतिपिछड़ा समाज की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वास्तव में कपूर्री ठाकुर के बाद नीतीश कुमार जी पहले ऐसे राजनेता हैं जिन्होंने अतिपिछड़े समाज के लिए ताल ठोक कर काम किया है। 1975 में कपूर्री ठाकुर जी के नेतृत्व में अतिपिछड़ा समाज को पहली बार सरकारी नौकरियों में 12 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिला था। उनके बाद नीतीश कुमार जी ने ही इस समाज के तेज विकास के लिए उनके आरक्षण को बढ़ाकर 25 प्रतिशत कर दिया। इतना ही नहीं बल्कि अतिपिछड़ा समाज की नेतृत्व क्षमता को निखारने के लिए उन्होंने नगर निकायों व पंचायतों में भी हमारे समाज को 20 प्रतिशत आरक्षण का लाभ दिया। अब आरक्षण का दायरा बढ़ा कर उन्होंने बिहार के दलितों, पिछड़ों-अतिपिछड़ों समेत समाज के हर वर्ग के गरीबों के लिए विकास के नए द्वार खोल दिए हैं। इतिहास में उनका नाम स्वर्णाक्षरों में लिखा जाएगा। जदयू प्रवक्ता ने कहा कि अतिपिछड़ा समाज के युवा विशेषकर बेटियां अशिक्षा से प्रभावित थी, लेकिन नीतीश सरकार द्वारा चलाई गयी साईकिल योजना, पोशाक योजना, छात्रवृत्ति योजना आदि ने पूरी तस्वीर बदल कर रख दी। इसी तरह बाल विवाह और शराब के खिलाफ उठाये गये कदमों का भी सर्वाधिक लाभ इसी समाज को मिला है। उन्होंने कहा कि आज नीतीश राज में पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग के युवाओं के उत्थान के लिए उन्हें छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही हैं। उनके लिए विशेष स्कूल व अन्य शैक्षणिक संस्थान खोले जा रहे हैं। वहीं उनके कौशल विकास के लिए भी योजनायें चलायी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि नीतीश सरकार के कारण ही आज बिहार के हर गांव में बिजली, पानी और सड़क की सुविधा पहुंच चुकी है। जीविका के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं में स्वावलंबन की भावना जागृत हुई है। अतिपिछड़ा समाज के लोग इससे भी बड़ी संख्या में लाभान्वित हुए हैं। इस दौरान अखिल भारतीय धानुक महासंघ के अध्यक्ष शंकर प्रसाद, दीपक महतो, गंगा साव, सुरेश ठाकुर चन्द्रकला देवी, शांता देवी, मंजू देवी समेत दर्जनों लोगों की मौजूदगी रही।

# झांसा और जुमला राज्य होगा खत्म : राठौड़



पटना। बिहार कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री के भाषणों से यह स्पष्ट हो चुका हैं कि सरकार इंडिया गठबंधन की बनने जा रही है। श्री राठौड़ ने कहा कि हाल में अमित शाह के भी बयानों से यही स्थिति सही साबित हो रही है कि एनडीए अपने संभावित हार को भांपकर भयभीत हो चुकी है। बिहार कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता ने कहा कि सवाल बहुमत का नहीं है बल्कि सवाल सरकार के नीयत का है तथा आम जनता को इंडिया गठबंधन झांसा और जुमला राज से बाहर निकाल कर सच्चाई और न्याय की सरकार देने को प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री के द्वारा बार बार यह कहना कि इंडिया गठबंधन के सरकार बनते ही 1-1 साल के लिए प्रधानमंत्री अलग अलग नेता बनेंगे पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि पीएम मोदी और अमित शाह अपनी हार को महसूस कर चुके हैं और वें देश के वैसे प्रधानमंत्रियों को अपमानित कर रहे हैं। जो 5 वर्षों तक अपनी सरकार को नहीं चला सकें। जिनमें भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी भी शामिल हैं। सवाल लंबे कार्यकाल का नहीं बल्कि दमदार कार्यकाल का है। जो कांग्रेस ने इस देश में साबित किया है। हाल में यूपीए का नेतृत्व करने वाली कांग्रेस ने दस वर्ष शासन किया और इन दस वर्षों में कितने प्रधानमंत्री रहें।वो सबको पता है और उन्होंने कितना जमीनी काम किया। जो सभी उनको आज भी सम्मान के साथ मानते हैं। बिहार में पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कपूर्री ठाकुर ने भी पांच साल का कार्यकाल पूरा नहीं किया। लेकिन उनके कर्म के आधार पर उन्हें भारत रत्न इसी सरकार को देना पड़ा। इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को समझना होगा कि सरकार को लंबे कार्यकाल से नहीं बल्कि उसके काम के आधार पर याद किया जाता है,जिसमें वें एक असफल प्रधानमंत्री रहें और देश को पीछे ले जाने के लिए हमेशा उन्हें याद रखा जायेगा।

# यह चुनाव पीएम मोदी की राजनीति का उपसंहार है : शिवानंद

पटना। राजद के राष्ट्रीय उपाधयक्ष शिवानंद तिवारी ने पीएम मोदी पर निशाना साधा है। श्री तिवारी ने कहा है कि प्रधानमंत्री को धीरे-धीरे इंडिया गठबंधन की जीत की संभावना देखने लगे हैं। प्रधानमंत्री कौन होगा ! गठबंधन की सरकार में स्थिरता नहीं होगी। मोदी जी मतदाताओं को डरा रहे हैं। पाँच साल में पाँच प्रधानमंत्री होंगे। अमित शाह पूछ रहे हैं कि इंडिया का प्रधानमंत्री कौन होगा। दोनों के सवालों से ही स्पष्ट है कि उन्हें अपनी हार और गठबंधन की जीत की संभावना दिखने लगी है। जब मोदी जी पाँच साल में पांच प्रधानमंत्री की बात कह रहे हैं। यह तो अनजाने में मोदी जी गठबंधन की प्रशंसा कर रहे हैं। प्रमाण दे रहे हैं कि गठबंधन में पांच ऐसे नेता हैं जो प्रधानमंत्री बनने की काबिलियत रखते हैं। श्री तिवारी ने आगे कहा कि मोदी जी ने भाजपा की जो हालत बना दी है वह हालत गठबंधन की नहीं है। यहां सब का कद बराबर है। मोदी तो भाजपा के लिए अकेले भगवान स्वरूप हैं। पंचायतों से लेकर दिल्ली तक का चुनाव भाजपा मोदी जी का चेहरा लगाकर लड़ती है। बिहार सहित अन्य राज्यों में क्या हो रहा है ! वोट पार्टी के लिए नहीं मोदी जी के लिए मांगा जा रहा है। श्री तिवारी ने कहा कि मोदी जी भारतीय राजनीति के इतिहास में अनूठे उदाहरण हैं। पार्टी में कोई और नहीं उभर जाए इस पर बराबर उनकी नजर रहती है। नितिन गड़करी इसके उदाहरण हैं। पहली लिस्ट में उनका नाम नहीं था। उसके बाद वे दौड़े दौड़े मोदी जी से मिलने हवाई अड्डा पर पहुंचे। तब जाकर गर्दन बची और टिकट मिला। संपूर्ण भाजपा एक व्यक्ति पर आश्रित हो गई है। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी और मोदी है तो मुमकिन यह नारा तो मोदी जी स्वयं लगवाते हैं। लेकिन अब मोदी जी स्वयं महसूस कर रहे हैं यह चुनाव उनके अति व्यक्तिवादी राजनीति का उपसंहार है। भारतीय लोकतंत्र के लिए शुभ होने का यह संकेत है।

# नीतीश कुमार ने कभी वोट की राजनीति नहीं की : तहसीन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू के मीडिया पैनलिस्ट तहसीन नदीम ने अपने एक बयान में बिहारवासियों से कहा है कि लोकतंत्र के उत्सव में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें और बिहार को बुलंदी पर पहुंचाने वाले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का मजबूती से साथ दें। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक समाज को ईमानदारी से देखना चाहिए कि उनका सच्चा हितैषी कौन है। श्री नीतीश कुमार ने कभी वोट की राजनीति नहीं की। नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार में मुसलमानों का जितना विकास हुआ उतना राजद-कांग्रेस के कार्यकाल में भी नहीं हुआ। हालांकि, मुसलमानों को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जितनी हिमायत करनी चाहिए उतना नहीं किया। बावजूद इसके मुख्यमंत्री ने बिहार के विकास में मुसलमानों को भी साझेदार बनाये रखा। समुदाय को राजनीति और सत्ता में भी समुचित हिस्सेदारी दी। तहसीन का कहना है कि विधानसभा चुनाव में 11 मुसलमानों को जदयू ने टिकट दिया मगर समाज ने एक भी मुस्लिम प्रत्याशी को जिता कर नहीं भेजा। इसके बाद भी लोकसभा चुनाव में मात्र 16 सीट में एक मुसलमान को उम्मीदवार बनाया। इससे पहले एक मुसलमान को विधान परिषद भी भेजने का नीतीश कुमार ने काम किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का न्याय के साथ विकास का संकल्प यही हैं। नीतीश कुमार सिर्फ वादा नहीं करते वफा भी करते हैं। दूसरी तरफ राजद मुस्लिम वोट को अपनी जागीर समझता है और जब हिस्सेदारी देने की बात आती है तो मुसलमानों के हिस्सा को खुद खा जाती है। लोकसभा में मुसलमानों को मात्र दो टिकट देना इसका सबूत है। तेजस्वी यादव के चुनावी मंच पर मल्लाह के नेता को बगल में बैठाया जा रहा है लेकिन मुस्लिम नेता को जगह नहीं दी जा रही है। मानो मुसलमान उनके लिए अछूत है।

# अकबर अली परवेज राजद के प्रदेश महासचिव मनोनीत



पटना। बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने मुजफ्फरपुर निवासी मो अकबर अली परवेज को प्रदेश महासचिव मनोनीत किया है ।इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रदेश राजद प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि इन्हें निर्देश दिया है कि पूरी सक्रियता के साथ पार्टी के नीति और सिद्धांतों पर चलते हुए पार्टी के द्वारा घोषित कार्यक्रमों में भाग लेंगे। इस अवसर पर पूर्व सांसद विजय कृष्ण, पूर्व मंत्री मो ईसराइल मंसूरी सहित अन्य गणमान्य नेतागण उपस्थित थे। इनके मनोनयन पर पूर्व मंत्री मो ईसराइल मंसूरी, विधान पार्षद कारी मो शोएब, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, प्रदेश महासचिव फैयाज आलम कमाल, बल्ली यादव, प्रमोद कुमार राम,निर्भय कुमार अंबेडकर, जेम्स कुमार यादव, उपेंद्र चंद्रवंशी सहित राजद के अन्य नेताओं ने बधाई देते हुए कहा कि इनके मनोनयन से संगठन को मजबूती मिलेगी।

# एनडीए की सरकार में रोजगार की बहार है : सेतु

पटना। जदयू के प्रदेश महासचिव और मीडिया पैनलिस्ट ओम प्रकाश सिंह सेतु ने राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव पर अपनी चुनावी सभाओं में गलतबयानी करने का आरोप लगाया है। तेजस्वी जी का यह कहना बेबुनियाद है कि यदि बेरोजगारी और गरीबी चाहिए तो एनडीए को वोट दें। वास्तविकता यह है कि उनके माता-पिता के राजद राज में यदि किसी एक परिवार की गरीबी और बेरोजगारी दूर हुई है तो वह है लालू परिवार। एक समय चपरासी क्वार्टर में रहने वाला लालू परिवार आज अट्टालिकाओं में रह रहा है और अरबों का स्वामी है। बंगलों, फ्लैटों और बडे-बडे आवासीय भूखंडों का मालिक है। खुद तेजस्वी यादव कम उम्र में दो-दो बार मंत्री, उपमुख्यमंत्री और करोड़ों की संपत्ति के मालिक बन गए। तेजस्वी यादव को अपनी सभाओं में यह सब कैसे हुआ, इसके बारे में भी बताना चाहिए। श्री सेतु के अनुसार बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में चल रही एनडीए की सरकार में रोजगार की बहार है। राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में लाखों युवाओं को नौकरी दी जा चुकी है।

# 2047 में एक विकसित देश बनेगा भारत : चिराग

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



पीएम मोदी लगातार तीसरी बार बनेंगे देश के प्रधानमंत्री

लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने मुजफ्फरपुर में एनडीए से लोजपा रामविलास के प्रत्याशी वीणा देवी के लिए विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे मौजूदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं । इसमें कोई संदेह नहीं है और अभी इन 9 सीटों पर दो चरणों में मतदान हुआ है 9 की 9 सिटें हमारे एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी भारी मतों से जीत रहे हैं। इसमें भी कोई संदेह नहीं है। साथियों आज जब हम आपके बीच आए हैं, यही आग्रह करने आया हूं जहां एक तरफ मतदान चल रहा है, जहां लोगों ने मन बना लिया है हमारे प्रधानमंत्री जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है, तो वही वैशाली लोकसभा की एक बड़ी जिम्मेवारी हम सभी को एक-एक मतदाता भाई ,बहनों को मिलकर यह सुनिश्चित करना है कि आगामी 4 जून को जब ईवीएम मशीन खुली है, तो उसमें वैशाली लोकसभा से बीना देवी के जीत का अंतर इतना ज्यादा हो कि हमारे प्रधानमंत्री जी को यह संदेश जाए कि वैशाली लोकसभा की जनता उनका कितना आदर, कितना सम्मान और उनसे कितना प्यार करती है। एक मात्र यही प्रधानमंत्री है ,जिन्होंने आज देश की अर्थव्यवस्था को इतना मजबूत करने का काम कियाव आज से पहले हम लोगों में से कोई नहीं जानता था कि भारत का अर्थव्यवस्था कौन से पयदान पर है । आज हमारे प्रधानमंत्री जी ने दुनिया के पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में भारत को लाकर खड़ा किय यह हम सभी के लिए गर्व की बात है। लोग कहते हैं अर्थव्यवस्था अर्थशास्त्रियों से जुड़ा हुआ विषय है, पर जब एक देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होता है, तो उस देश के राजस्व ,देश के हर राज्य की राजस्व बढ़ती है तब हर राज्य का राजस्व बढ़ता है, तो हर क्षेत्र की आर्थिक विकास होता है और क्षेत्र की आर्थिक विकास होता है तो हर गरीब व्यक्ति के हाथ में ज्यादा कमाई आती है, प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी होती है । इसका परिणाम है पिछले 10 सालों में 2014 से लेकर 2024 तक देश भर में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं। एक बहुत बड़ी आबादी है 25 करोड़ जो अभी तक गरीबी रेखा के नीचे थी, आज गरीबी रेखा से बाहर निकलने का काम हमारे प्रधानमंत्री ने किया है। हमारे प्रधानमंत्री का लक्ष्य 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाया जाए। विकसित देश भारत तब बनेगा ,जब भारत का हर राज्य विकसित राज बनेगा । जब बिहार का हर एक जिला विकसित जिला बनेगा, जब हम लोगों का हर एक प्रखंड, हर एक पंचायत, हर एक गांव विकसित गांव बनेगा, तब 2047 में हमारा भारत एक विकसित देश बनेगा। इस आशा की जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार ने दिया।

# लोक कलाकारों को किया गया सम्मानित



पटना। सांस्कृतिक संस्था द आर्ट थेरेपी द्वारा पूर्वी गांधी मैदान के बापू सांस्कृतिक कक्ष में लोक फेस्ट फैसिलिटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका संयोजन युवा संस्कृति कर्मी निहारिका कृष्णा अखौरी ने किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ लोक गायिका डॉक्टर नीतू कुमारी नवगीत, चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान की प्रोफेसर जूली बनर्जी, वरिष्ठ मनोचिकित्सक डॉ बृंदा सिंह, सेल टैक्स कमिश्नर समीर परिमल आदि मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे । बिहार की लोक- कला व लोक कलाकारों को प्रोत्साहित और सम्मानित करने के लिए फोक फेस्ट फेलिसिटेशन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में लौंडा नाच के लिए कुमार उदय सिंह तथा मुखौटा और अन्य लोक नृत्य के लिए माधव सिंह राठौर को सम्मानित किया गया। साथ ही शहर के अन्य लोक कलाकारों हरी-कृष्णा सिंह, अनिशा कुमारी, वर्षा, शशांक व अन्य दूसरे कलाकारों को भी सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे लोक गायिका नीतू कुमारी नवगीत, राज्य कर उप आयुक्त समीर परिमल, जुली बनर्जी, बिंदा सिंह, नम्रता आनंद आदि मौजूद थे। इस आयोजन की संयोजिका निहारिका ने कहा की इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बिहार की लुप्त होती हुई लोक गीत, संगीत परंपरा को बचाना है। कई युवा कलाकारों ने बिहार के विभिन्न पारंपरिक लोक नृत्य जैसे झिझिया, लौंडा नाच, कठपुतली नृत्य, झूला नृत्य आदि की शानदार प्रस्तुति दी और लोगों का मन मोह लिया।

# लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी ने की चार उम्मीदवारों के नामों की घोषणा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



लोकतात्रिक समाजवादी पार्टी ने पटना साहिब, पाटलीपुत्र, जहानाबाद एवं नालन्दा लोकसभा सीट के उम्मीदवारों के नामों का ऐलान किया है। उम्मीदवारों की घोषणा के बाद गुलाब प्रसाद ने चुनाव अभियान समिति की बैठक की। बैठक में चुनाव की तैयारी सहित कई महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा हुई। आगामी 09 मई को नामांकन का भी निर्णय लिया गया है। समर्थकों ने डोर-टू-डोर प्रचार करने एवं श्री प्रसाद के विचारों को मतदाताओं तक पहुंचाने की रणनीति बनायी है। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने निवर्तमान सांसद रविशंकर प्रसाद, रामकृपाल यादव एवं चन्देशवर प्रसाद पर जमकर निशाना साधा। कहा कि उन्हे पटना साहिब और अन्य क्षेत्रो की मूल जनसमस्याओं से कोई मतलब नहीं है। लोकसभा के प्रत्याशी गुलाव प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि जनता का अपार समर्थन मिल रहा है। अगर पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र की जनता हमें सेवा का मौका देती है तो क्षेत्र में विकास की गंगा बहेगी। बैठक की अध्यक्षता डॉ अरविन्द कुमार सिन्हा एवं संचालन श्यामनंदन ठाकुर ने की। बैठक में ट्रेड यूनियन के मदन ठाकुर, फुलमंती देवी,सरोज देवी, वार्ड पार्षद शिवकुमार चंद्र आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### वैशाली से लोजपा (आर) प्रत्याशी ने किया नामांकन

मुजफ्फरपुर ।वैशाली लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए नामांकन दाखिल करने के प्रथम दिन लांच जाप (आर) प्रत्नेयाशी वीणा देवी ने निवार्ची पदाधिकारी (वैशाली)-सह-जिलाधिकारी मुजफ्फरपुर सुब्रत कुमार सेन के समक्ष समाहरणालय स्थित उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में अपना नामांकन का पर्चा दाखिल किया। वहीं मुजफ्फरपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए अजितांश गौड़ ने दि अग्रणी पार्टी के प्रत्याशी के रूप में निवार्ची पदाधिकारी-सह-अपर समाहर्ता राजस्व संजीव कुमार के समक्ष समाहरणालय स्थित उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में आज नामांकन का पर्चा दाखिल किया।

### मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर हुई समीक्षा बैठक

कल्याणपुर, समस्तीपुर। मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर प्रखंड कार्यालय में समीक्षा बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता बीडीओ देवेन्द्र कुमार ने किया। वहीं बैठक में मतदाता जागरूकता अभियान का प्लान तैयार किया गया। मतदाता को डोर-टू-डोर मिलकर लोगों को जागरूक करना है। मतदान की तिथि मतदान के समय के बारे में और अपने वोट के अधिकार के बारे में जानकारी देने की बात कही है। वहीं मतदाता को आओ चलें करें मतदान करें। वहीं बैठक में अंचलाधिकारी शशि रंजन कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बीके ठाकुर, बीपीएम जीविका, प्रखंड परियोजना प्रबंधन, ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर व आशा सहित महिला पर्यवेक्षक बैठक में मौजूद थे।

### किशोरी से बलात्कार का प्रयास

बोचहा। नशे में धुत पड़ोसी ने एक किशोरी के साथ बलात्कार का प्रयास किया। किशोरी की मां ने थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। साथ ही आरोपी पर कड़ी करवाई की मांग की है।मामला बोचहा थाना क्षेत्र के एक गांव का है, जहां पड़ोसी ने एक किशोरी के साथ बलात्कार का प्रयास किया, किशोरी की मां ने पुलिस को दिए गए बयान में बताया है कि बीते दिनों पड़ोस में एक शादी समारोह में शामिल होने गई हुई थी, मेरी 17 वर्षीय पुत्री घर में अकेली थी, इसी का फायदा उठाकर पड़ोस के एक व्यक्ति दूरभाष पर बात की और मेरी पुत्री को अपने पत्नी के हाथ में मेहंदी लगाने के बहाने घर पर बुला लिया, और उसके साथ जबरदस्ती करने लगा इतने में ही उक्त व्यक्ति का पत्नी घर पर आ गया तब जाकर मेरी पुत्री की इज्जत बची मेरी पुत्री उस दरिंदे के चंगुल से छूटते ही रोते हुए घर पर आई और सारी बातें बताई। थाना अध्यक्ष राकेश कुमार यादव ने बताया कि किशोरी के मां के द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर प्राथमिक की दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### पशु तस्कर को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर किया गिरफ्तार

कल्याणपुर, समस्तीपुर। चकमेहसी थाना क्षेत्र के चकमेहसी कोठी बाजार से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक पशु तस्कर के साथ एक ट्रक को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं पुलिस ने ट्रक पर लदा हुआ 19 गाय को बरामद कर लिया है।पुलिस ने ट्रक को भी जब्त कर लिया है। वहीं थाना अध्यक्ष दिव्य ज्योति कुमारी ने पशु अत्याचार अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए पटना जिले के फुलवारी थाना क्षेत्र के ईशोपुर चौक निवासी के सियाशरण राय के पुत्र विजय कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज देने की बात कही है।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से साइकिल सवार अधेड़ किसान की मौत, विरोध में सड़क जाम

समस्तीपुर, जिले के कपूरीग्राम थाना क्षेत्र अंतर्गत जगदीशपुर रामी गांव के शंकर चौक के पास पूसा रोड में सोमवार की सुबह एक अज्ञात वाहन की ठोकर से एक साइकिल सवार अधेड़ की मौत हो गई। मृतक की पहचान जगदीशपुर रामी गांव के वार्ड 14 के स्व सुजीन्द्र ठाकुर के पुत्र संतोष ठाकुर (50 वर्ष) के रूप में हुई है। घटना के विरोध में आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणों ने शव के साथ सड़क जाम कर दिया। आक्रोशित मुआवजा देने की मांग कर रहे थे। सड़क जाम की सूचना पर पहुंची पुलिस के द्वारा लोगों को समझा-बुझाकर सड़क जाम समाप्त कराया गया। वहीं शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने परिजनों की उपस्थिति में शव का पोस्टमार्टम कराकर शव उन्हें सौंप दिया। बताया गया कि संतोष ठाकुर गांव में ही रहकर खेती-बारी का काम किया करते थे। सोमवार की सुबह वह चौर से गेहूं की दौनी कराकर वापस लौट रहे थे कि इसी दौरान शंकर चौक स्थित लोहा गोदाम के पास किसी अज्ञात वाहन के द्वारा उन्हें ठोकर मार दिया गया। जिससे उनकी मौत हो गई। वहीं इस संबंध में कपूरीग्राम थाना अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया है। आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सूद वसूल करने के विरोध व पुरानी दुश्मनी साधने को लेकर बदमाशों ने की छह वर्षीय मासूम की हत्या, तीन गिरफ्तार

● हत्या के बाद बच्चे के पिता से रुपए ऐंठने को लेकर अपने दोस्त के माध्यम से कराया था अपहरण का फर्जी फोन



समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

जिले के ताजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत निकसपुर पंचायत के चंदौली गांव के वार्ड 14 में बीते दिनों छह वर्षीय बच्चे की अपहरण के बाद हुई निर्मम हत्या मामले का पुलिस ने सोमवार को खुलासा कर दिया। पुलिस ने इस घटना में शामिल तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान चंदौली के गुड्डू दास के पुत्र राजकुमार दास, पांचू राम के पुत्र रामेश्वर राम उर्फ रमेश राम एवं अशोक दास के पुत्र गोविंद कुमार दास के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके पास से घटना में प्रयुक्त तीन मोबाइल और अभियुक्त राज कुमार दास का घटनास्थल का मिट्टी लगा चप्पल बरामद किया है। पुलिस के अनुसार यह घटना कर्ज के रुपए के बदले काफी अधिक मात्रा में सूद वसूल करने के विरोध में व पुरानी दुश्मनी साधने को लेकर की गई थी। इस संबंध में एसपी विनय तिवारी ने समाहरणालय सभाकक्ष में जानकारी देते हुए बताया कि मोरवा प्रखंड अंतर्गत ताजपुर थाना क्षेत्र के निकसपुर चंदौली वार्ड 14 निवासी प्रविन्द्र राम का छह वर्षीय पुत्र अरविन्द राम उर्फ आर्यन 25 अप्रैल की रात से लापता था। जिसका शव दो दिन बाद 27 अप्रैल को उसके घर से 300 मीटर दूरी पर स्थित एक मक्के के खेत से बरामद किया गया था। उन्होंने बताया कि मृतक बच्चे के पिता के लिखित आवेदन पर ताजपुर थाना में मामला दर्ज किया गया था। इस घटना के उद्भेदन को लेकर एएसपी सह सदर एसडीपीओ संजय कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया गया था। तकनीकी अनुसंधान एवं मानवीय आसूचना संकलन के आधार पर घटना में संलिप्त तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त राज कुमार दास के द्वारा पुलिस के समक्ष घटना में अपनी संलिप्ता स्वीकार करते हुए अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया गया है कि वह मार्च महीने में हैदराबाद में रह रहे अपने मित्र गोविन्द दास के पास मजदूरी करने के लिये गया था। जहां उसकी मुलाकात चंदौली के रहने वाले विषुनी राम के दामाद वैशाली जिले के पातेपुर थाना क्षेत्र के वाजितपुर निसी सुंदेश्वर राम के पुत्र बसंत राम से हुई थी। वहीं बसंत राम ने प्रविन्दर राम से 20 हजार रुपए कर्ज लिया था। जिसके एवज में प्रविन्दर राम ने सूद सहित 40 हजार रुपए उससे लिया था। इसी बात से बसंत राम, प्रविन्दर राम से अंदर ही अंदर नाराज चल रहा था और उससे बदला लेने को लेकर उसने राजकुमार दास को रुपए का लालच देते हुए हत्या की योजना बनाई। उन लोगों ने इस योजना में प्रविन्दर राम के पुराने दुश्मन रमेश्वर राम उर्फ रमेश राम को भी शामिल कर लिया। 25 अप्रैल की रात गांव में पलटू राम की पुत्री की बारात आयी हुई थी। उसी दौरान मृतक बच्चे के पिता के साथ आरोपी रमेश्वर राम उर्फ रमेश राम का झगड़ा हो गया था। जिसके बाद रमेश्वर राम उर्फ रमेश राम ने जनरेटर का लाईन काट दिया और उसके बच्चे को उठाकर उसके घर से करीब 300 मीटर दूर मकई के खेत ले जाकर हत्या कर दिया। कल होकर प्रविन्दर राम से बच्चे के अपहरण के नाम पर राजकुमार दास ने अपने ससुराल कटिहार के मित्र रोहित के माध्यम से फोन करवाकर रुपए की मांग करवायी, ताकि पुलिस को मामले की भनक नहीं लगे।

## गृह मंत्री अमित शाह के आगमन से भाजपा कार्यकर्त्ता उत्साहित : अश्वनी यादव

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा।किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता सह अलीनगर विधानसभा प्रभारी अश्वनी यादव ने देश के गृह मंत्री अमित शाह का भव्य स्वागत किया ।श्री यादव ने कहा कि देश के यशस्वी गृह मंत्री अमित शाह कों मिथिला आगमन पर भाजपा कार्यकर्ता उत्साहित है। उनके आने से मिथिलांचल के सभी लोकसभा सीट पर विजय प्राप्त होना तय हो गया है। वैसे भी मतदाता लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर एनडीए गठबंधन कों मत देने का मन बना चुका है। मिथिला के पावन धरती पर प्रधानमंत्री का स्वयं आगमन चार मई का होने जा रहा है जिससे आम जनता काफी उत्साहित है। उनके कार्यक्रम में अप्रत्याशीत उपस्थिति होने कि संभावना है।

## बेटी-दामाद के बीच विवाद शांत कराने पहुंची सास हुई घायल

प्रात : किरण संवाददाता

मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के मुसापुर में एक दामाद के द्वारा अपनी सास का सिर फोड़ कर घायल कर दिए जाने का मामला सामने आया है। घटना रविवार की शाम की बतायी गई है। घटना की सूचना पर पहुंची 112 नंबर पुलिस टीम के द्वारा घायल सास मुसापुर के नकुल कामत की पत्नी वीणा देवी को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के संबंध में वीणा देवी ने बताया कि उन्होंने अपनी छोटी पुत्री की शादी 2 वर्ष पहले मुजफ्फरपुर जिले के अविनाश कुमार के साथ किया था। शादी के बाद से ही उनका दामाद उनके पुत्री के साथ आए दिन मारपीट करता रहता था। इस कारण उन्होंने अपनी पुत्री को अपने घर बुला लिया था। रविवार की शाम वह पास के ही शंभूपट्टी में एक शादी सामारोह में भाग लेने के लिए गई हुई थी। वहीं उनकी पुत्री और दामाद के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो रहा था। इसकी सूचना मिलने पर वह वहां से तुरंत आ गई और दोनों को समझाने लगी। इसी दौरान दामाद अविनाश कुमार ने उनके सिर पर वार उनका सिर फोड़ दिया। जिसके बाद सूचना पर पहुंची 112 नंबर पुलिस टीम के द्वारा उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## हत्या मामले में चार व्यक्ति दोषी करार

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। सिविल कोर्ट दरभंगा के अपर सत्र न्यायाधीश सुमन कुमार दिवाकर की कोर्ट ने कटहलबाड़ी भंडार चौक निवासी सलीम की हत्या के चार आरोपियों को सोमवार को धारा 302/34 में दोषी करार दिया है।सजा के बिन्दू पर सूनवाई और निर्णय के लिए 15 मई की तिथि निर्धारित की है ।अभियोजन पक्ष का संचालन कर रहे तेज तर्रार एपीपी चम्पा मुखर्जी ने बताया कि सलीम की हत्या 23 दिसंबर 22की रात्रि में कर दी गई थी। इसकी प्राथमिकी मृतक का भाई रुस्तम ने विश्वविद्यालय थाना में काण्ड सं 477/22 दर्ज कराया था।इस मामले में आरोप पत्र पश्चात कोर्ट ने संज्ञान लिया। सत्रवाद सं.265/23 में ट्रायल किया गया है। अभियोजन की ओर से कूल सात गवाहों की गवाही कराई गई।कोर्ट ने सोमवार को इस मामले में कटहलबाड़ी भंडार चौक निवासी काराधीन अभियुक्त मो. गुड्डू और मो. नबाब उर्फ लीलू समेत मो.कासिम एवं अलीराजा, को हत्या के जूर्म में दोषी करार दिया है। एपीपी श्रीमती चम्पा मुखर्जी ने बताया कि घटना का कारण मृतक सलीम का मोबाईल चोरी हो गया था।जिसपर कॉल करने पर मो. नबाब उर्फ लीलू ने कॉल रिसिव किया।महज मृतक का चोरी किया गया मोबाईल न लौटाना पड़े।इसके लिए चारों अभियुक्तों ने ईंटा से कान के जबड़ा पर प्रहार कर उसकी हत्या कर दी।

## एसयूसीआई उम्मीदवार ने दाखिल किया नामांकन




प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। एसयूसईआई कम्यूनिस्ट उम्मीदवार के रूप अरविंद कुमार चौधरी ने मुजफ्फरपुरं लोकसभा सीट से आज अपना नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर खुदीराम बोस स्मारक स्थल से समाहरणालय तक जुलूस निकाला गया।एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) के बिहार राज्य कमिटी सदस्य सह मुजफ्फरपुर जिला सचिव अर्जुन कुमार ने कहा कि वर्तमान 18 वीं लोकसभा चुनाव में भाजपा की नेतृत्व वाली एनडीए एवं कांग्रेस की नेतृत्व वाली इंडिया गठबंधन दोनों ही देश के बड़े पूंजीपतियों के पैसे के बल पर चलने एवं उनके हित के लिए काम करने वाली है। जनता को जात- पात व धर्म- संप्रदाय में बांटकर तथा लोकलुभावन नारों की राजनीति में उलझाकर कांग्रेस और भाजपा दोनों बारी- बारी से देश की सत्ता पर काबिज हुए हैं। लेकिन उनकी जनविरोधी व पूंजीपति पक्षीय नीति के कारण ही कुछ मुट्ठी भर धन्नासेठ के पास देश की लगभग 75 फीसदी संपति जमा हो गई है। वहीं देश के 90 फीसदी लोग महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा- स्वास्थ्य जैसी समस्याओं से जुझते हुए घोर अभाव का सामना कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि इस पूंजीवादी संसदीय चुनाव के रास्ते आम जनता की समस्याओं का समाधान संभव नहीं है। जन आंदोलन को तेज करते हुए सामाजवादी क्रान्ति करना ही एकमात्र रास्ता है। इसी विचार को आम जनता तक ले जाने और सड़क से सदन तक आंदोलन को तेज करने लिए एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) बिहार के 17 सीटों सहित देश के 23 प्रदेशों में 151 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। पार्टी के मुजफ्फरपुर लोकसभा प्रत्याशी अरविंद कुमार चौधरी ने कहा कि एनडीए एवं इंडिया दोनों ही गठबंधन एवं उनके प्रत्याशी नीतिहीन-सिद्धांतहीन एवं अवसरवादी राजनीति करते हुए येन केन प्रकारेण सत्ता हासिल करना चाहते हैं। वहीं हमारी पार्टी शिक्षा- स्वास्थ्य, बिजली, स्मार्ट मीटर, शहर में जलजमाव, किसानों की समस्या आदि सवालों पर जन आंदोलन चलाती आ रही है। मार्क्सवाद एवं क्रांतिकारी वामपंथी के झंडे को बुलंद करते हुए जन सवालों को संसद में गुंजाने के लिए हम आम जनता से समर्थन की अपील करते हैं। इस मौके पर एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) के राज्य कमिटी सदस्य लालबाबू महतो, जिला कमिटी के वरिष्ठ सदस्य मो. इदरीश, काशीनाथ सहनी, कालिकांत झा, लालबाबू राय, विपिन शाही, संजीत मांझी, रामसेवक पासवान, शशिभूषण चौधरी, वैद्यनाथ पंडित, सत्रुधन महतो, विकास पासवान, शिव कुमार, उत्पल कुमार, हन्नू पटेल एवं मो. नईम, राजकुमार पासवान सहित सैंकड़ों कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

## चुनावों में कायस्थों की भूमिका विषय पर संगोष्ठी आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। भारतवर्ष के लोकतांत्रिक इतिहास में गौरवपूर्ण स्थान कायस्थों का रहा है। शैक्षणिक, सामाजिक एवं राजनीतिक उत्थान में कायस्थ जाति की प्रमुखता रही है। चाहे देश के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद हो, भारत के दूसरे अद्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री हो या सम्पूर्ण क्रांति के प्रणेता लोकनायक जयप्रकाश नारायण हों, सबों ने नैतिकता, वास्तविकता और सत्यता के बल पर शीर्ष पदों को सुशोभित किया है। आधुनिक काल में हम अपना शैक्षणिक वजूद तो कायम किए हुए हैं, किन्तु राजनीतिक रूप से हम पिछड़ते चले जा रहे हैं। इसका मूल कारण हमारी एकजुटता में कमी आई है, पिछले दो दशकों में कायस्थ जाति में एकजुटता का अभाव होता जा रहा है। उक्त बातें चुनाव में कायस्थों की भूमिका विषय पर आयोजित संगोष्ठी किलाघाट स्थित सुशीला विवाह भवन में प्रदेश भाजपा प्रवक्ता राजीव रंजन ने कही। वे स्थानीय सुशीला विवाह भवन में रविवार की देर शाम हुए कायस्थ समाज की बैठक कायस्थ मिलन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ई दीपक कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में कायस्थ परिवार के सदस्यों के बीच जिला के कई चर्चित सामाजिक एवं राजनीतिक व्यक्तित्व के लोग उपस्थित थे। जिसमे पूर्व वार्ड पार्षद मधुबाला सिन्हा, वार्ड पार्षद व पत्रकार नवीन सिन्हा, मनीष कुमार , अजीत कुमार, प्रकाश चंद्र प्रभाकर, पांडेय रितेश सहाय, मुकेश कुमार वर्मा, अखिल भारतीय पूर्व अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार सिन्हा, विकलांग प्रकोष्ठ के जितेंद्र कुमार, मुकेश कुमार सिन्हा, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सुजीत कुमार मल्लिक, भाजपा के सत्य प्रकाश भास्कर,घनश्याम श्रीवास्तव, मिथिलेश कुमार विवेक, पत्रकार पुनीत कुमार सिन्हा आदि ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान समय में हमें नए विकल्प की आवश्यकता है।कायस्थ क्रांतिकारी मोर्चा के अध्यक्ष आर के दत्ता ने कार्यक्रम का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन पांडेय रितेश सहाय ने किया।

## पप्पु यादव बिग्रेड की बैठक आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।पप्पू यादव बिग्रेड मुजफ्फरपुर के द्वारा वेद प्रकाश के अध्यक्षता में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए वेद प्रकाश ने कहा की मुजफ्फरपुर में राजनीतिक शून्यता आ गई है स्थानीय मुद्दे की जगह धार्मिक और सामाजिक ताने बाने को खराब करने का प्रयास चल रहा है इन सब पर हमारी गहरी चिंता है । आज के बैठक के माध्यम से पप्पू यादव बिग्रेड शहर को एक बेहतर विकल्प और स्थानीय चेहरे के मांग का समर्थन करती है आज इन सभी प्रमुख विषयों पर पार्टी के पूर्व पदाधिकारियों की बैठक हो रही है और जल्दी आला तमाम से विमर्श कर यहां एक मजबूत विकल्प देने का कार्य किया जाएगा यह मेडिकल की मुद्दा हो एयरपोर्ट की मुद्दा हो या स्मार्ट सिटी का मामला हो या चीनी मील का मामला हो किसी मुद्दे पर विमर्श नहीं हो रही है और ला ही यहां के स्थानीय मुद्दों को आधार बनाए जा रहा है न स्थानीय उन इतवार बनाया जा रहा आने वाले समय में मुजफ्फरपुर नेक बेहतर विकल्प के लिए आदेश बैठक आयोजन है जलधि इसकी विस्तृत रूप रेखा सार्वजनिक की जाएगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गुड्डू ओझा ने कहा कि पूर्णिया के महान मतदाता ने अपना अपार सुने और आशीर्वाद जन नेता श्री पप्पू यादव जी को दिया है हम इसके लिए हृदय से प्रणाम करते हैं और यह पूर्णिया की जीत होगी ठीक उसी प्रकार मुजफ्फरपुर जिले को भी यहां का बेटा और स्थानीय मुद्दे को समझने वाला प्रतिनिधि चाहिए इस पर मजबूती से विमर्श चल रहा है जल्दी सार्थक निर्णय लिया जाएगा। इस बैठक में मुख्य रुप से आशा देवी, राजीव ओझा,प्रभात रंजन झा,धर्मेंद्र कुमार,श्यामकिशोर राय,मुकेश राय,शंभू राम,सत्यनारायण यादव,अभिषेक स्मित,पंकज कुमार, मो जमाल, मो जहांगीर खान,आलोक कुमार समेत सैकड़ों पप्पूवादी साथियों का बैठक कर स्थानीय प्रत्यासी का विकल्प देने का सुझाव दिया। वेद प्रकाश ने कहा की आलाकमान से विमर्श कर मुजफ्फरपुर के हित में सार्थक निर्णय जल्द लिया जाएगा।

## प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में अधिकांश लोग भाग लें : मंत्री



प्रात : किरण संवाददाता

बेनीपुर (दरभंगा)। विधानसभा क्षेत्र बेनीपुर के एनडीए कार्यकताओं की बैठक अयाची मिथिला महिला कॉलेज बहेड़ा में सोमवार को भाजपा नगर अध्यक्ष प्रवीण कुमार झा की अध्यक्षता में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए भूमि सुधार एवं राजस्व मंत्री डॉ दिलीप जायसवाल ने कार्यकताओं से अपील किया कि आगामी 4 मई को दरभंगा राज मैदान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोग शामिल हो। बेनीपुर विधायक प्रोफेसर विनय कुमार चौधरी, एमएलसी सुनील चौधरी, रिटायर्ड डीआईजी सह भाजपा प्रदेश बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के सहसंयोजक अरविंद ठाकुर ने भी बैठक को संबोधित करते हुए पीएम के कार्यक्रम में अधिकांश लोगों को चलने का अपील किया। बैठक में जदयू प्रखंड अध्यक्ष कीर्ति मोहन झा सोहन ,रामकुमार झा, जिला पार्षद अमरनाथ शर्मा, अभय कुमार झा मुन्ना ,हीरालाल मंडल आदि कार्यकर्ता शामिल थे।

## कर्मठ , जुझारू और ईमानदार व्यक्ति को अपना सांसद चुनें : मजलिसे मुशाबरत

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।ऑल इंडिया मुस्लिम मजलिसे मुशावरत, बिहार राज्य कार्यकारणी एवं सभी जिले के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गईं। बैठक का मुख्य उद्देश्य देश में चल रहे आम चुनाव में हम भारतीयों की संवेधानिक शक्ति अर्थात वोटिंग राइट और देश को सही दिशा में, प्रगति और उन्नति के राह पर ले जाने वाले जिम्मेदार सरकार के गठन में हम सभी भारतीयों की भूमिका एवं भागीदारी सुनिश्चित कराना है । बैठक की अध्यक्षता ऑल इंडिया मुस्लिम मजलिसे मुशावरत बिहार के अध्यक्ष प्रो अबूजर कमालुद्दीन ने किया जिसमे पिछले तीन महीने के मुशावरत के कामों का प्रगति रिपोर्ट पेश किया और इसके उद्देश्य और लक्ष्यप्राप्ति में हम कहां तक सफल हो पाए है , जिला एवं कार्यकारणी के सभीं सदस्य एवं पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक विमर्श किया गया। मुशावरत के जिला जेनरल सेक्रेटरी मोहम्मद इश्तेयाक ने सभी सदस्यों का स्वागत किया एवं एक दूसरे का परिचय कराने के बाद सेक्रेटरी रिपोर्ट पेश करते हुए मुजफ्फरपुर जिला में संगठन विस्तार के सफलता एवं विशेषकर मोतिहारी सहित अन्य जिलों में मुशावरत द्वारा किए गए समाजी एवं कल्याणकारी गतिविधियों के रिपोर्ट को जिलों के सचिव व अध्यक्ष के साथ साझा किया। बैठक के मुख्य एजेंडा , देश में चल रहे आम चुनाव में बिहार मुशावरत का विजन और देशवासियों के नाम पैगाम पर .... मौजूद सभी राज्य कार्यकारणी सदस्य एवं जिला पदाधिकारियों के साथ विमर्श में तय हुआ कि भारतवासियों एवं बिहार वासियों से अपील करते है कि आप अपने क्षेत्र में ऐसे सांसद को चुने जो कर्मठ,जुझारू और ईमानदार हो , जिसका कोई अपराधिक एवं भ्रष्टाचारी पृष्ठभूमि न हो , देश एवं स्थानीय क्षेत्र के आधारभूत संरचना के विकास ,आर्थिक प्रगति ,सामाजिक उन्नति , संविधानिक मूल्यों में विश्वास रखने, भारत के धर्मनिपेक्ष चरित्र को अक्षुण रखने और भारत के सामाजिक ,धार्मिक समरसता के भाव को जगाए रखने में विश्वास रखता हो और इसके लिए अपनी वचनबद्धता और प्रतिबद्धता की गारंटी देता हो । सर्वसहमति से पारित इस प्रस्ताव पर चर्चा में कार्यकारिणी सदस्य सीतामढ़ी से डा साजिद खान, मुजफ्फरपुर से मोहम्मद इश्तेयाक ,पटना से अनवारूल होडा राज्य उपाध्यक्ष अबुल कलाम कासमी ,तनवीर अहमद खान, मोतिहारी के सचिव सोहैल साहिल , मोख्तार आलम , डा खालिद अनवर,वैशाली के अध्यक्ष प्रो वाजुल हक ,नसर इमाम ,अनवारूल वस्तवी , दरभंगा के कन्वेनर उमर फारूक, अररिया से सय्यादुजमान , गोपालगंज से शफी उज्जमा नदवी , खालिद रहमानी ,असलम रहमानी , वसी आलम,असगर हुसैन ,आफताब काजिमी आदि सहित और लोगों ने भाग लिया । बैठक की शुरूवात कुरान पाक के पाठ से हाफिज मोहम्मद जैद ने किया एवं शिक्षा के महत्व और जागरूकता पर मासूम अदीब द्वारा एक नज्म पेश किया गया । बैठक का संचालन एवं धन्यवाद राज्य कार्यकारिणी सदस्य एवं जिला जेनरल सेक्रेटरी मोहम्मद इश्तेयाक ने किया ।

## विद्यार्थी परिषद नगर, गांव से लेकर प्रखंड तक चलाएगी मतदाता जागरूकता अभियान

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद दरभंगा जिले द्वारा ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के एमबीए विभाग में मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर एकदिवसीय कार्यशाला एवं बैठक का आयोजन किया गया था। कार्यशाला की शुरूआत माँ सरस्वती और स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन सामूहिक रूप से क्षेत्रीय संगठन मंत्री निखिल रंजन, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य पूजा कश्यप, प्रदेश सह मंत्री उत्सव पराशर,विभाग प्रमुख प्रो. अमृत झा, जिला प्रमुख बिंदु चौहान एवं नगर उपाध्यक्ष जयशंकर ने किय। कार्यशाला में अभाविप के क्षेत्रीय संगठन मंत्री बिहार,झारखंड निखिल रंजन ने कहा की हमें मतदान के माध्यम से पुनः सुरक्षित हाथों में शासन सौंपना है। आज देश में राष्ट्रवाद के साथ - साथ लोगों के जीवन स्तर में भी बहुत बड़ा सुधार आया है। भारत शस्त्र निर्माण में आत्मनिर्भर बनने के साथ ही अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में भी झंडा गाड़ रहा है। ऐसे में हमें मतदान के माध्यम से राष्ट्रनिर्माण में अपनी भूमिका निभाना है। उन्होंने परिषद के कार्यक्रम नेशन फर्स्ट ,वोटिंग मस्ट के माध्यम से उपस्थित कार्यकताओं को नगर , गांव ,मोहल्ला, प्रखंड तक मतदाता जागरूकता अभियान के माध्यम से सभी बुजुर्ग मतदाताओं को बूथ तक मतदान दिलाने का कार्य करेगी । राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य पूजा कश्यप ने कहा की नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से महिलाओं को राजनीतिक अधिकार दिया गया है।प्रदेश सह मंत्री उत्सव पराशर ने कहा की देश में सांस्कृतिक पुनर्जागरण का काल है। विदेशी हमलावरों के द्वारा विध्वंश किये गए मंदिरों का पुनर्निर्माण कराया जा रहा है। विद्यार्थी परिषद के दरभंगा विभाग के प्रमुख प्रो. डॉ. अमृत झा ने बताया कि आज भारत युवाओं का देश है और उसमें भी सबसे युवा राज्य बिहार है फिर भी यहां वोटिंग कम जाना दुर्भाग्य है हम सभी युवाओं का दायित्व है। प्रो. डॉ. बिंदु चौहान ने बताई की हम सभी राष्ट्रहित में अपने मत का जरूर प्रयोग करना चाहिए एवं सभी से मिलकर एक दूसरे से आग्रह अपने मत का प्रयोग जरूर करने के लिए करना पड़ेगा

## डायरिया से निपटने के लिए सदर अस्पताल तैयार, इलाज के साथ दवा भी उपलब्ध

**बच्चों में 24 घंटे के दौरान तीन या उससे अधिक बार पानी जैसे दस्त होने को नहीं करें नजरंदाज**

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

जिले में तापमान अपने पूरे शबाब पर है और इस कारण भीषण गर्मी पड़ रही है।

में अप्रत्याशित बदलाव के साथ ही डायरिया की संभावना भी बढ़ने लगी है। डायरिया से निपटने के लिए सदर अस्पताल में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। बता दें कि ऐसे मौसम में बच्चों में डायरिया होने की संभावना अधिक रहती है। जिसमें लापरवाही बच्चों के लिए जानलेवा साबित हो सकती है। इस संबंध में सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ गिरीश कुमार बताते हैं कि बच्चों में 24 घंटे के दौरान तीन या उससे अधिक बार पानी जैसा दस्त आना डायरिया का लक्षण है। इसे बिल्कुल भी नजरअंदाज नहीं करें। उन्होंने बताया कि ऐसे लक्षण दिखाई पड़ने पर मरीज को ओआरएस का घोल लगातार पिलाते रहें। इससे आराम नहीं मिलने पर अविलंब मरीज को पास के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराएं। डॉ गिरीश कुमार ने बताया कि डायरिया, जीवाणु व विषाणु संक्रमण के कारण होता है। हालांकि इसका सबसे अधिक मुख्य कारण है प्रदूषित पानी, खान-पान में गड़बड़ी और आंत में संक्रमण।

उन्होंने बताया कि डायरिया से शरीर में पानी की कमी हो जाती है, जिसे डीहाईड्रेशन भी कहते हैं। इससे शरीर में कमजोरी आ जाती है और अगर समय पर इलाज न मिले तो मरीज की मौत होने की संभावना भी बनी रहती है। उन्होंने बताया कि लगातार पानी जैसा मल का आना, बार-बार उल्टी होना, दस्त के साथ बुखार आना, अत्यधिक प्यास लगना भी डायरिया का लक्षण है। उन्होंने कहा कि इस मौसम में डिहाइड्रेशन की समस्या होना आम बात है, लेकिन लोगों को इससे सतर्क रहना चाहिए और समय-समय पर ओआरएस का घोल लेते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल में डायरिया के मरीजों के लिए व्यवस्था है और सम्बन्धित दवा भी उपलब्ध है।

## घायल मुखिया को सीएचसी खजौली में भर्ती कराया गया

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी खजौली थाना क्षेत्र के चंद्रडीह पंचायत के महाराजपुर बुल्ला चौक स्थित रविवार को संध्याकाल लगभग 7 वजे में चंद्रडीह पंचायत के मुखिया व प्रखंड़ मुखिया संध जय प्रकाश मंडल पर कुछ दूर से चतरा गांव निवासी अमर यादव एव महाराजपुर गांव निवासी ललन सिंह अन्य पाँच अज्ञात अपराधियों द्वारा रिवाल्वर से ताबार तोड़ गोली फायरिंग करने से मुखिया को बाये तरफ गाल के एव दोनों हाथ की अंगुलियों में गोली लगने से घायल हो गया. वही गोली की आवाज सुनकर स्थानीय ग्रामीणों ने घटना स्थल पर पहुँच कर घायल मुखिया को सीएचसी खजौली में भर्ती कराया गया.सीएचसी में डियूटी पर तैनात डा. राजेश राम ने प्राथमिक उपचार किया गया.वर्तमान मुखिया जयप्रकाश मंडल ने सीएचसी में भर्ती के दौरान उन्होंने खजौली थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह को बताया की मैं संध्याकाल करीब 7 वजे में महाराजपुर बुल्ला चौक पर आये हुये थे.इसी बीच मैं देखा कि दूर से ललन सिंह एव अमर यादव अन्य पांच अज्ञात अपराधी ने जान से मारने की नीयत से मुझ पर हमला किया. मैं जान बचाकर भागने लगा.इसी पर मेरे दोनों हाथ की अंगुली एव बाये गाल घायल हो गया.वही थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि वादी वर्तमान मुखिया के लिखित आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान जारी कर दिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### राजद प्रत्याशी शिवचंद्र राम ने किया नामांकन

हाजीपुर ।हाजीपुर सुरक्षित लोकसभा सीट से आज इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के रूप में राजद के पूर्व मंत्री शिवचंद्र राम ने अपना नामांकन किया। नामांकन करने के लिए शिवचंद्र राम समर्थकों के साथ साइकिल से पहुंचे थे ।साथ में महुआ के विधायक डॉ मुकेश रोशन ,राजद नेता उपेंद्र राय, रवि चौरसिया, संतोष चौधरी सहित अन्य थे ।शिवचंद्र राम ने दो सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी यशपाल मीणा ने नामांकन लिया। जिला प्रशासन द्वारा समाहरणालय परिसर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी ।नामांकन करने के बाद समाहरणालय से बाहर निकले शिवचंद्र राम को समर्थकों ने जय जयकारा लगाकर फूल मालाओं से लाद दिया। शिवचंद्र राम ने कहा कि उन्हें पूरी उम्मीद है की हाजीपुर की जनता रिकॉर्ड मतों से उन्हें विजय बनाएगी ।वे हाजीपुर का बेटा है और पूरे साल लोगों के सुख-दुख के साथी रहते हैं।

# बिहार में काम हम लोग किए हैं और हम ही लोग करेंगे : नीतीश कुमार

प्रात : किरण, संवाददाता



आलमनगर (मधेपुरा) बिहार में काम हम ही लोग किए हैं, हम ही लोग करेंगे। 15 वर्ष शासन रहा, इससे पहले कांग्रेस का रहा क्यों नहीं काम किए उक्त बातें आलमनगर पानी टंकी मैदान पर चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नितीश कुमार ने कहा। उन्होंने कहा कि 15 वर्ष पूर्व शाम को लोग घरों से नहीं निकलते थे। आज रात को भी बेधड़क लोग सड़कों पर आवाजाही करते हैं। हम लोगों ने शांति एवं भाईचारे का माहौल बिहार में बनवाया। पहले क्या बुरा हाल था 2005 से हमलोग काम कर रहे हैं उससे पहले क्या हाल था शाम होते ही सभी का घर बंद हो जाता था। अब हिंदू मुस्लिम का कोई झगड़ा नहीं है प्रेम भाईचारे और शांति का माहौल बनाया। गरीबी के कारण पहले लड़किया पढ़ नहीं पाती थीं तो हमने लड़कियों के लिए साइकिल योजना चलाई। 2005 में हमलोग भाजपा के साथ मिलकर काम करना शुरू किया, हम लोगों ने शिक्षकों की बहाली करवाई पहले स्वास्थ्य की स्थिति खराब थी डॉक्टर का इंतजाम किया। सबका इलाज और पढ़ाई की व्यवस्था सुदृढ़ किया। लड़कियों को पढ़ने के लिए मैट्रिक इंटर एवं ग्रेजुएशन के उपरांत प्रोत्साहन राशि देना शुरू किया। लड़किया पढ़ रही है तो उससे प्रजनन दर में बिहार में कमी आई है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि हमनें सर्वे करवाया मैट्रिक पास लड़कियों में प्रजनन दर 2, इंटर पास लड़कियों में 1.6 पाया। हर तरह से हम लोगों ने काम किया। हिन्दू मुस्लिम का झगड़ा समाप्त किया साथ ही मदरसा को सरकारी मान्यता दिया और मदरसा में पढ़ाने वाले शिक्षकों को भी राज्य सरकार की शिक्षको की तरह सभी सुविधाए दी। जो माईनोरिटी के लोग हैं वो याद रखें कब्रिस्तान कि घेराबंदी पहले नहीं होती थी हम लोग जब आए तो कब्रिस्तान की घेराबंदी करवाया। और जब हमलोग 2015 में आए तो हर घर नल का जल, हर घर बिजली, हर घर शौचालय देने का काम किया। इससे पहले बिहार में बिजली नहीं थीं हमनें हर घर बिजली पंहुचाई। सब तरह का काम हमलोग किए। नीतिश कुमार ने तेजस्वी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कुछ लोग नौकरी बांटे जाने की बात कर रहे हैं हम ही न बताएं कैसे करना है। उन्होने कहा कि हम और भाजपा जब साथ थे तभी हमने 10 लाख नौकरी देने का प्लान बनाया था उसी के तहत उस पर अमल किया जा रहा था की बीच में वो साथ हो लिए और उसका क्रेडिट वो लेना शुरू किए हम लोगो ने 4 लाख रोजगार और 1 लाख नौकरी अभी तक देने का काम किया. कांग्रेस वाले आज जाति आधारित जनगणना कराने की बात कर रहे हैं जब हम उसके साथ थे तो हमने कहा था बिहार में हमने जाति आधारित गणना कराया हुं अब सब मिलकर देश में जाति जनगणना करवाइए। वही मुख्यमंत्री ने उपस्थित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि इतनी कड़ी धुप में उपस्थित बहनों और भाइयों का मैं अभिनंदन करता हूं। दिनेश चंद्र यादव को पुनः जिताए और ये पुनः सांसद बने। हम एक ही बात कहना चाहते हैं आपलोगो ने हमे काम करने का मौका दिया। आप याद करिए हमलोग काम कर रहे हैं पहले क्या हाल था कोई घर से शाम में नही निकलता था ये लोगों की हाल थी अब जो यंगर लोग हैं हम तो ये 18 साल पुराना बात कह रहे है जो 18 साल वाला है उसको भी बता दिजिए जो पुराने लोग हैं याद किजिए क्या स्थिति थी। हमने मधेपुरा में मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज खुलवाया, कई एसएच के निमार्ण के साथ साथ बड़े बड़े पुलों का निमार्ण कर लोगो को यातायात की अच्छी सुविधा दिलाने का काम किया हूं और आगे बचे हुए काम को भी हमलोग ही पुरा करेंगे। और अंत में मुख्यमंत्री ने मधेपुरा लोकसभा से एनडीए गठबंधन के जदयू के प्रत्याशी दिनेश चंद्र यादव को वोट देने की अपील करते हुए मंच पर विजय का माला पहनाया।

## दिनदहाड़े पति-पत्नी को मारी गोली पति की मौत ,पत्नी की स्थिति गंभीर



हाजीपुर। हाजीपुर के सदर थाना क्षेत्र के अदलपुर में अपराधियों ने लूटपाट करने का विरोध करने पर पति-पत्नी को गोली मार दिया। जिसमें मौके पर ही पति की मौत हो गई और गंभीर रूप से घायल पत्नी हाजीपुर सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। मोटरसाइकिल सवार तीन अपराधियों ने पूरी घटना को अंजाम दिया है। जानकारी के अनुसार,अदलपुर मुहल्ला स्थित घर के दरवाजे पर ही किरण देवी उरढ संचालित करती थी और पति धनेश्वर सिंह बैंक में गार्ड का काम करता था ।आज दोपहर बाद मोटरसाइकिल सवार तीन अपराधी अचानक उरढ लूटने आये। अपराधियों को देख धनेश्वर सिंह अपराधियों का विरोध करने लगे। इसी दौरान अपराधियों ने धनेश्वर सिंह पर अंधाधुंध फायरिंग कर दिया कई गोली धनेश सिंह को लग गई और वह मौके पर ही गिर गए। वहीं धनेश सिंह पर गोली चला देख उनकी पत्नी किरण देवी अपराधियों का विरोध करने लगी तो अपराधियों ने किरण देवी पर भी अंधाधुन फायरिंग करने लगा। जिससे उसको भी गोली लग गई और वहीं जमीन पर गिर गई। गोलियां चलाकर मोटरसाइकिल सवार अपराधी भाग निकले। पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में लगी हुई है।

## जागरूकता के तहत सभी प्रखंडों में ARO की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन



प्रात : किरण, संवाददाता

हाजीपुर ।जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- जिला पदाधिकारी श्री यशपाल मीणा के निर्देश पर वैशाली जिला में मतदाता जागरूकता के तहत सभी प्रखंडों में अफ्ड की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया` बैठक में जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड स्तरीय अन्य पदाधिकारी, जीविका दीदी, विकास मित्र, तालिमी मरकज,आवास सहायक, किसान सलाहकार,सेविका, आशा कार्यकर्ता एवं मतदान केंद्रवार टैग किए गए कर्मियों ने भाग लिया`जंदाहा, पातेपुर,महुआ,चेहराकला प्रखंड अंतर्गत आयोजित बैठक में जिला पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने खुद भाग लिया` जिला पदाधिकारी द्वारा उपस्थित सभी बीएलओ, जीविका दीदी, विकास मित्र, तालिमी मरकज, सेविका, आशा, आवास सहायक, किसान सलाहकार, एवं मतदान केंद्रवार टैग कर्मियों से शत प्रतिशत मतदाता पर्ची वितरण का निदेश दिया एवं अपने क्षेत्र अंतर्गत मतदान के 70 प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति हेतु सभी मतदाताओं के घर-घर जाकर मतदान हेतु प्रेरित करने का संदेश दिया। साथ ही अपने अपने मतदान केंद्र पर चुनाव पाठशाला का आयोजन कर सभी मतदाताओं को मतदान केंद्र पर उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी देने का निदेश दिया गया। इसी क्रम में हाजीपुर नगर परिषद एवं हाजीपुर प्रखंड अंतर्गत आयोजित बैठक में अपर समाहर्ता एवं अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारीओ ने भाग लिया` मतदान केंद्रवार टैग सभी कर्मियों एवं सभी बीएलओ से शत प्रतिशत मतदाता पर्ची वितरण एवं सभी मतदाताओं के घर घर जाकर मतदान हेतु प्रेरित त करने का संदेश दिया एवं अपने-अपने मतदान केंद्र पर चुनाव पाठशाला का आयोजन कर सभी मतदाताओं को मतदान केंद्र पर उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी देने का निदेश दिया गया `वैशाली, गोरौल, एवं पटेढ़ी बेलसर प्रखंड अंतर्गत भी बैठक का आयोजन किया गया` बैठक मे उप विकास आयुक्त वैशाली एवं अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारीओ ने भाग लिया ` बैठक में उपस्थित सभी बीएलओ, एवं मतदान केंद्रवार टैग कर्मियों को शत मतदाता पर्ची वितरण, सभी मतदाताओं के घर-घर जाकर मतदान हेतु प्रेरित करने एवं अपने-अपने मतदान केंद्र पर चुनाव पाठशाला का आयोजन कर सभी मतदाताओं को मतदान केंद्र पर उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी देने का निदेश दिया गया।

## मौसम का असर-बाहर निकलने के दौरान कपड़ा से सिर ढक्कन निकलने की चिकित्सको की सलाह

### प्रचंड गर्मी के कारण अस्पताल में मरीजों की बढ़ी संख्या




प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई/गिद्धौरः- तेज धूप और गर्मी के कारण लोग बीमारी के चपेट में आ रहे हैं। अस्पताल में रोगियों की लंबी कतार लग रही है। चिलचिलाती धूप तेज गर्म हवा ने लोगों के हालात बिगाड़ दिए हैं। दिग्विजय सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाइन लगी हुई है। मरीजों की जनसंख्या बढ़ती जा रही है। प्रतिदिन मौसमी बीमारी दस्त, बुखार,डिहाइड्रेशन के रोगी अस्पताल में पहुंच रहे हैं ।वहीं डॉक्टर प्रदीप कुमार ने बताया कि रोज लगभग 15 से 20 रोगी दिग्विजय सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। वहीं उन्होंने बताया कि लोगों को इस प्रचंड गर्मी को लेकर ठंडा चीजों का उपयोग करना चाहिए। जैसे सत्तू,आम का शरबत,तरबूज, खीरा और घर से निकलने के समय कपड़े से सिर को ढककर निकालना चाहिए, जिससे लोग लू से बच सकेंगे और घर में कच्चे प्याज का सेवन जरूर करें ।अस्पताल प्रभारी अजीमा निशांत एवं अस्पताल के मैनेजर प्रियदर्शनी कुमारी ने बताया कि अस्पताल में इस गर्मी को लेकर ओआरएस की व्यवस्था पर प्रचुर मात्रा में की गई है। लोग ओआरएस का इस्तेमाल करें ताकि शरीर में एनर्जी हमेशा बना रहे ।जिससे लू से लोग बच पाए।

## परेशानी:पंचायत प्रतिनिधियों और जनप्रतिनिधियों के आश्वासनों से उब चुके हैं ग्रामीण

### एक दर्जन गांवों को जोड़ने वाली गिद्धौर मौरा व मांगोबंदर पुल पथ की स्थिति जर्जर

प्रात : किरण, संवाददाता



जमुई/ गिद्धौर प्रखंड के एक दर्जन गांवों को मुख्यालय से जोड़ने वाली सड़क जो गिद्धौर मौरा व मांगोबंदर तक विभिन्न गांवों को जाती है उस सड़क की स्थिति जर्जर बनी हुई है। इस मार्ग से मौरा,बंधौरा,धोवधट, सिमेरिया, प्रधानचक, धनियाठीका, मांगोबंदर, निजुआरा सहित अन्य गांवों को जाने वाली लगभग 6 किलोमीटर लंबी सड़क तकरीबन 10 सालों से जर्जर स्थिति में है। जिसके कारण गांवो का विकास बाधित है ।आवागमन करने में संबंधित गांव के ग्रामीणों को काफी परेशानी होती है ।इसको लेकर ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है। इस संबंध में मौरा पंचायत के वर्तमान मुखिया धनराज यादव,पंचायत समिति सदस्य दुःखन यादव ग्रामीण कुणाल सिंह,सोनू सिंह,सच्चिदानंद मिश्रा,विरेन्द्र यादव सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण 2017 में कराया गया था। जिसके बाद आज तक मरम्मत कार्य नहीं कराया गया ।जबकि 2021 तक मरम्मत कार्य के नाम पर आवंटित राशि का निकासी निर्माण एजेंसी के द्वारा किया जाता रहा। सड़क मरम्मत को लेकर कई बार मुखिया,प्रखंड प्रमुख,उप प्रमुख,पंचायत समिति सदस्य,जिला परिषद,राजनीतिक दलों के नेताओं विधायक एवं सांसद को भी कहा गया ।लेकिन अब तक इस और कोई पहल नहीं की गई है। सड़क बीच-बीच में उखड़ गया है और बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। जिसके कारण बाइक और पैदल चलना भी मुश्किल है। बरसात के दिनों में ग्रामीणों को और भी ज्यादा परेशानी होती है प्रत्येक 5 वर्षों में पंचायत चुनाव, विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव के वक्त ग्रामीणों को नेताजी पक्की सड़क बनाने का आश्वासन दे जाते हैं ।लेकिन अब तक सड़क जर्जर बनी हुई है। जर्जर सड़क के कारण वाहन को छह किलोमीटर सफर तय करने में आधे घंटे से अधिक का समय लग जाता है। बरसात के दिनों में ग्रामीणों को काफी परेशानी उठानी पड़ती हैं। जानकारी के अनुसार बताते चलें कि गिद्धौर मौरा भाया मांगोबंदर तक वर्ष 2016 में मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना से कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग झाझा के द्वारा लगभग लाखों रुपए की लागत से 6 किलोमीटर सड़क का निर्माण कराया गया था। जिसमें 5 वर्ष के रखरखाव के लिए लगभग लाखों रुपए की राशि निर्धारित किया गया था। सड़क किनारे लगी है झाड़ियां सड़क के किनारे जंगली झाड़ियां से जहां एक तरफ सड़क संकीर्ण हो गया है ।दूसरी और जानवर एकाएक सामने आने से दुर्घटना की आशंकाएं बनी रहती है।

## देश के अस्तित्व व संवैधानिक संस्थाओं को बचाने का एक मात्र विकल्प इंडिया गठबंधन :प्रदेश अध्यक्ष



प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा लोकतंत्र के महापर्व लोक सभा चुनावी समर के मद्देनजर लगातार बिहार के सभी लोक सभा क्षेत्रों में जन संपर्क अभियान एवं नुक्कड़ सभा आयोजित कर इंडिया गठबंधन एवं लालू प्रसाद तथा तेजस्वी यादव के घोषणा पत्र को जन जन तक पहुँचा कर इंडिया गठबंधन व राजद उम्मीदवार का जीत सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मधेपुरा पहुँचे राजेश यादव प्रदेश अध्यक्ष युवा राष्ट्रीय जनता दल बिहार ने उक्त बातें मधेपुरा होटल में प्रेस वार्ता आयोजित कर कही। मोदी जी हैं तो बेरोजगारी खत्म होना मुश्किल है, नौकरी मिलना मुश्किल है, महंगाई पर लगाम लगना मुश्किल है, किसानों का कल्याण होना मुश्किल है, देश का आगे बढ़ना मुश्किल है, मोदी जी समाधान नहीं समस्या हैं। जब तक मोदी जी रहेंगे तब तक देश की राजनीति हमेशा अलगाव, भटकाव और भेदभाव की राजनीति पर बना रहेगा। उन्होंने कहा कि 13-मधेपुरा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से विद्वान एवं सुलझे हुए व्यक्ति को लालू प्रसाद एवं तेजस्वी यादव ने उम्मीदवार बनाया है ।अनिता कुमारी जिला अध्यक्ष युवा राजद मधेपुरा ने कहा कि यह चुनाव देश के अस्तित्व को बचाने का चुनाव है। एक तरफ संविधान, आरक्षण और लोकतंत्र बचाने के लिए इंडिया गठबंधन के लोग खड़े हैं तो दूसरी तरफ इसे खत्म करने वाले एनडीए के लोग खड़े हैं। गरीबों के मसीहा लालू प्रसाद एवं बेरोजगारी मिटाने के प्रति संकल्पित तेजस्वी यादव जी ने वंचितों, शोषितों, पीड़ितों एवं अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को मुख्य धारा में लाने के लिए जो शानदार एजेंडा जनता के सामने रखा है उससे जनता में हर्ष का माहौल है। सभी का दायित्व बनता है कि विद्वान, सुयोग्य एवं ईमानदार उम्मीदवार प्रो0 कुमार चन्द्रदीप जी को आशीर्वाद देकर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास का अवसर प्रदान करे। मौके पर संदीप यादव प्रदेश महासचिव, रितेश यादव प्रदेश सचिव, विकास विवेक जिला उपाध्यक्ष, मंजेश यादव मधेपुरा प्रखंड अध्यक्ष, प्रेम प्रकाश नगर अध्यक्ष, सिंटू कुमार जिला सचिव, विनोद कुमार जिला सचिव, आशीष कुमार उपस्थित थे।

## मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर सेविकाओं की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

महनार । वैशाली के जिला पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में महनार की बाल विकास परियोजना पदाधिकारी श्रीमती गीता ने आंगनबाड़ी सेविकाओं के साथ एक बैठक कर विभिन्न गांव व नगर की गली मोहल्लों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाने का आदेश दिया। इस सम्बंध में सीडीपीओ ने बताया कि पूरे इलाका में घूम घूम कर अभियान चलाना है एवं मतदाताओं को अपने मत का महत्व बताना है तथा जो मतदाता वृद्ध, दिव्यांग एवं कमजोर है उन्हें मतदान केंद्र तक ले जाने और मतदान के बाद घर तक पहुंचाने का काम भी इन लोगों को करना है। यदि कहीं किसी कारण से कोई मतदाता भयभीत है तो इसकी भी सूचना देनी है ताकि उसको सुरक्षा में ले जा कर उनका मतदान कराया जा सके। सीडीपीओ ने सभी मतदाताओं से अपील किया है कि 20 मई को हर हाल में अपना मतदान अवश्य करें क्योंकि लोकतंत्र में मतदान एक महा पर्व है।

## लोकनृत्य और लोकनाट्य को सहेज रहे बिकास, कोशी एवं देश- विदेश में नाम कर रहे रोशन

प्रात : किरण संवाददाता



- दूरदर्शन केन्द्र पटना द्वारा बिकास कुमार को प्राप्त हुआ ग्रेड
- बेहतर प्रदर्शन के लिए प्राप्त कर चुके हैं राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार

मधेपुरा सदर प्रखंड अंतर्गत राजपुर गांव के सुयोग्य शिक्षक बालकृष्ण यादव एवं स्वास्थ्य कार्यकर्त्री प्रमिला देवी के ज्येष्ठ पुत्र विकास कुमार की शिक्षा शहर के निजी विद्यालय से शुरू हुई। स्कूल जीवन से ही इनका सहज झुकाव पढ़ाई से अधिक पारंपरिक गीत, लोकनृत्य और अभिनय जैसे सांस्कृतिक गतिविधियों की ओर थी। बाल्यकाल से ही गांव में होने वाले लोकनाट्य और नाटक आदि को बड़े गौर से देखते थे। लगभग 2001 में इप्टा द्वारा चल रहें रिहर्सल को देखने के लिए चुपके से निकल जातें थे। घंटों देखते रहते ।इसी क्रम में निर्देशक को बाल अभिनय हेतु बालकलाकार की जरूरत पड़ी उनका ध्यान प्रायः आकर गौर से देखने वाला बच्चा विकास की ओर गया। उन्होंने बच्चे से पूछा तुम रोल करेंगे। इनकी चाह तो थी,ही यहीं से विकास की रंगयात्रा शुरू हुई। इप्टा से जुड़े बिकास पढ़ाई के साथ रंगमंच से लगातार जुड़े रहे । देशभर में घूम-घूम कर इन्होंने दो दर्जन से अधिक नृत्य और नाटक संबधित कार्यशाला में भाग लिया। इस क्रम में इन्हें सीखने और खुद को तरासने का अच्छा अवसर मिला। कला के क्षेत्र में बिकास कुमार किसी पहचान के मुहताज नहीं हैं। पिछले 15 वर्षों से जिला स्तरीय मंच, राज्य स्तरीय और राष्ट्रीय स्तरीय मंच पर अपनी धमक से सभी को मंत्रमुग्ध किया है। वे लगभग 24 वर्षों से कला क्षेत्र में निरंतर जुटे है। 2004 ग्रामीण नाट्य महोत्सव में बेहतर प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया है। 2006 में जिला स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम में द्वितीय और 2007 मे प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया। 2010में गणतंत्र दिवस पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोकनृत्य विधा में प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं ।राज्य स्तरीय व अंतर राष्ट्रीय स्तरीय कार्यक्रम में लगातार प्रदर्शन करते आ रहे है। 2012 राज्यस्तरीय युवा उत्सव में तृतीय स्थान प्राप्त किया। कोशी महोत्सव, उग्रतारा महोत्सव, मिथिला महोत्सव, विशुराउ महोत्सव, सोनपुर महोत्सव, माहेश्वरी महोत्सव, विद्यापति महोत्सव, लोरीक महोत्सव, भागलपुर महोत्सव, पाटलिपुत्र महोत्सव, गोष्टामी महोत्सव और सिंहेश्वर महोत्सव सहित अन्य महोत्सवो में भी बिकास को बेहतर प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया है। 2017 में आयोजित विशिष्ट कलाकारों ईचायन प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार पा चुके हैं। 2021-22 में अंतरराष्ट्रीय कला महोत्सव में मौका मिला वहां पर भी लोक नृत्य की सफल प्रस्तुति के लिए बिहार सरकार के कला संस्कृति मंत्री द्वारा सम्मान मिला। 2022-23 में भी राज्यस्तरीय युवा उत्सव में अपनी टीम द्वारा लोक नृत्य और एकांकी नाटक सहित लोकगाथा में बेहतर प्रदर्शन करने का अवसर प्राप्त हुआ। 2024 में नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा द्वारा आयोजित भारत रंग महोत्सव में बेहतर प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। बिहार सहित अन्य राज्यों- झारखंड , असम, दिल्ली, त्रिपुरा, राजस्थान, मध्यप्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र जैसे राज्यों की राजधानी एवं पड़ोसी देश नेपाल के बड़े मंचों से लोकनृत्य और लोकनाट्य की सशक्त प्रस्तुति कर चुके है। साथ ही लोकनृत्य, नाटक में अभिनय, लेखन और निर्देशन करते आ रहें है। बिहार सरकार द्वारा चलाई जा रही एक दर्जन कल्याण कारी योजनाओं पर अधारित नुक्कड़ नाटक का लेखन, मंचन और निर्देशन कर चुके हैं। वे अभी स्नातकोत्तर की पढ़ाई पुरी करने के बाद। आगे की उच्च शिक्षा के लिए भी प्रयास रत है। अपनी कला के प्रदर्शन के साथ वे जिले के बच्चों को लोक नृत्य और नाटक का प्रशिक्षण भी देते हैं। सृजन दर्पण के अध्यक्ष डॉ.ओम प्रकाश ओम कहते हैं रंगकर्मी विकास कुमार अपनी टीम के साथ विभिन्न राज्यो के महोत्सव में लोकनृत्य प्रस्तुति कर कई पुरस्कार हासिल कर चुके है। इन्होंने सृजन दर्पण के कलाकारों को ना केवल प्रशिक्षण बल्कि प्रदर्शन हेतु बड़े-बड़े मंचों पर मौका भी दिया। इस रंग यात्रा में बड़े - बड़े कलावंतो का सानिध्य लाभ मिला। इसके अन्दर की प्रतिभा को निखारने एवं तरासने में कला के विविध क्षेत्रों के अधिष्ठाताओ से काफी प्रेणना मिली। इन्हे उत्कृष्ट लोकनृत्य एवं नाट्य अभिनय के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से पुरस्कृत किया गया। कोशी अंचल के विलुप्त हो रही संस्कृति को दो दशकों से सहेजने में इनका अहम योगदान रहा है। लोकनृत्य एवं लोकनाट्य के क्षेत्र में बिकास कुमार ने लगभग एक दशक से हजारों नव कलाकारों को प्रशिक्षित किया एवं उसे एक नई दिशा देने का काम किया। जो जिले से लेकर राज्यकीय एवं राष्ट्रीय मंचों पर बेहतर प्रदर्शन कर अपनी लोक संस्कृति का परचम लहरा रहे है। इस बदलते दौर में भी जहां कला के प्रति उपेक्षा के कारण कलाकारों को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ता है। जिसके कारण बहुत- सी प्रतिभाएं मजूबर होकर इस ओर से अपना मुख मोड़ लेती है। उनकी कला अससय विपन्ता की मार से लुप्त हो जाती है। ऐसी दशा में भी रंगकर्मी बिकास ने अपना कारवां जारी रखा। इसमें कोशी के शिक्षाविदों एवं कलाप्रेमियों का सहयोग अविस्मरणीय है। इस निरंतन कला साधना का ही परिणाम है कि 2024 में मधेपुरा पहली बार रंगकर्मी बिकास कुमार को दूरदर्शन केन्द्र पटना द्वारा लोक नृत्य के क्षेत्र में आयोजित आडिशन में ग्रेड मिला। यह पुरे कोशीवासियों के लिए गौरव की बात है।

## जमुई शिक्षा विभाग कार्यालय में शॉर्ट सर्किट से लगी आग कई महत्वपूर्ण फाइलें जली

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई शिक्षा विभाग के कार्यालय में शाम करीब 5:00 बजे अचानक बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग लगने के बाद कार्यालय परिसर में खलबली मच गई। इस आगलगी में बिजली के बोर्ड के नीचे रखे गए कई महत्वपूर्ण फाइल आग में जल कर राख हो गया। आग लगने की सूचना शिक्षा विभाग के कर्मियों द्वारा जमुई फायर ब्रिगेड को दिया गया। सूचना के उपरांत फायर ब्रिगेड की दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंच गई। कड़ी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड के कर्मियों द्वारा आग पर काबू पाया गया। इस दौरान शिक्षा विभाग के कई महत्वपूर्ण दस्तावेजों और फाइलों में आग पकड़ लिया। आपको बताते चले की शिक्षा विभाग के कार्यालय में रिनोवेशन का काम जारी है। जिसके वजह से कई फाइलों और दस्तावेजों को ऑफिस से निकाल कर ऊपरी तल जाने वाले सीढ़ी के समीप रखा गया है। उसी जगह पर शिक्षा विभाग का बिजली का पैनल भी लगा हुआ है। जिसमें शॉर्ट सर्किट से आग लगी है। वही इस घटना के बारे में फायर ब्रिगेड के कर्मी राम बहादुर राम ने बताया कि सूचना मिली की शिक्षा विभाग में आग लग गई है ।सूचना मिलने के बाद जब वहां आकर देखा तो सीढ़ी घर में रखें सभी फाइले जल रही थी। उन्होंने बताया कि हम लोग जब पूर्व में ऑडिट में आए थे,तो इन लोगों को पहले सतर्क कर दिए थे कि यहां से सभी फाइले को हटा लीजिए। लेकिन इसे लापरवाही समझे,या सोची समझी साजिश, हम लोगों के सुझाव के बाद भी वहां से फाइल को नहीं हटाया गया। उन्होंने बताया कि जिस जगह पर आग लगी है वहां से पूरे कार्यालय में बिजली सप्लाई किया जाता है। सीढ़ी रूम में ही बिजली के मेंन कनेक्शन होने के कारण शॉर्ट सर्किट से आग लगी है।

## फ्लाइंग स्क्वायड की टीम ने कट्टा के साथ अपराधी को किया गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। लोकसभा चुनाव को देखते हुये जिला पुलिस शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव को लेकर काफी सतर्कता बरत रही है। अपराधियों की धरपकड़ को लेकर काफी चौकस हो गई है। रविवार के दिन नगर थाना की पुलिस को जैसे हीं सूचना मिली कि एक अपराधी नगर थाना क्षेत्र के करिमचक कब्रिस्तान के पास एक अपराधी कट्टा लिये हुये घूम रहा है तो तुरंत हीं फ्लाइंग स्क्वायड की टीम ने उक्त जगह पर छापेमारी करते हुये अपराधी को धर दबोचा। गिरफ्तार अपराधी करिमचक मुहल्ले का मुन्ना खां का बीस वर्षीय पुत्र हसन खान बताया जाता है। पुलिस ने उसके खिलाफ केस दर्ज करते हुये जेल भेज दिया।

## तेज हवा में आग लगने से घर जलकर राख

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई/ लक्ष्मीपुर प्रखंड अंतर्गत ककनचौर पंचायत के वार्ड नंबर 06 बघमा गांव में आग लगने से एक गरीब परिवार का घर जलकर राख हो गया। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि रविवार दोपहर को तेज हवा चलने से बघमा निवासी सुरेश यादव,पिता हंशु यादव के घर में अचानक आग लगने से परिवार के लोग चिल्लाने लगे ।जब तक ग्रामीण लोग दौड़ते तब तक घर का सारा सामान जलकर भस्म हो चुका था ।उक्त घटना से पीड़ित परिवार के लोगों को खाने के लाले पड़ गए हैं। उक्त घटना की जानकारी ग्रामीणों ने दूरभाष से थानाध्यक्ष आलोक कुमार और अंचलाधिकारी रविकांत कुमार को दी ।सूचना मिलते ही अंचलाधिकारी रविकांत कुमार ने अंचल निरीक्षक को जांच करने का निर्देश देते हुए पीड़ित परिवार को संबंधित जनवितरण प्रणाली के विक्रेता से राशन व्यवस्था भी करने का निर्देश दिए हैं। वहीं अंचलाधिकारी रविकांत कुमार ने बताया कि प्राप्त आवेदन के आलोक में मंगलवार को ही पीड़ित परिवार को सरकारी मुआवजा मिल जायेगा। आए दिन आग लगी की घटना ने सब को चकित कर दिया है ।चाहे शहर हो चाहे गांव। एक तरफ आग लगी की घटना से पीड़ित परिवार सहमे हुए तो एक तरफ चिलचिलाती धूप की गर्मी से आमलोग परेशान हैं।

सम्पादकीय

## घटते मतदान के सबब

यदि लोकतंत्र को वाकई जिंदा और प्रासंगिक रखना है, तो भरपूर मतदान कीजिए। चुनाव ही लोकतंत्र की जीवन-रेखा हैं। मताधिकार हमारा संवैधानिक, मौलिक अधिकार है, क्योंकि हम एक स्वतंत्र और संप्रभु राष्ट्र हैं। मतदान छुट्टी या सैर-सपाटे का दिन नहीं है, क्योंकि हम पर देश की संसद और सरकार चुनने का गुरुत्तर दायित्व है। इस दायित्व की लगातार अनदेखी की जा रही है। आम चुनाव, 2024 के दूसरे चरण में भी मतदान अपेक्षाकृत घटा है। अर्थात चुनाव के प्रति हम उदासीन या लापरवाह दिखाई दे रहे हैं। पहले दोनों चरणों में 190 लोकसभा सीटों पर मतदान हो चुका है। यानी करीब 35 फीसदी चुनाव सम्पन्न हो चुका है, लेकिन दूसरे चरण की 88 लोकसभा सीटों पर करीब 16 करोड़ पात्र मतदाता थे। उनमें से करीब 4.5 करोड़ मतदाताओं ने वोट नहीं डाले। आखिर क्यों? क्या इसे चुनाव-बहिष्कार माना जाए? दूसरे चरण में मतदान शनिवार शाम 7 बजे तक 66.7 फीसदी गिना गया। यह चुनाव आयोग का लगभग अंतिम आंकड़ा है। 2019 के चुनाव की तुलना में यह 3 फीसदी कम रहा। मध्यप्रदेश में 9 फीसदी, उप्र में 6.9 फीसदी, बिहार में 5 फीसदी, बंगाल में 4 फीसदी और राजस्थान में 3.39 फीसदी मतदान कम हुआ है। दक्षिण, पूर्व और पूर्वोत्तर भारत में भी मतदान घटा है। कुछ महत्वपूर्ण सीटों में से राहुल गांधी की वायनाड पर 6 फीसदी से ज्यादा और प्रख्यात अभिनेत्री हेमामालिनी की मथुरा सीट पर करीब 11 फीसदी मतदान घटा है। टीवी धारावाहिक रामायण में प्रभु राम का किरदार निभाने वाले अरुण गोविल के मेरठ में करीब 6 फीसदी, केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर और पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर के तिरुवनंतपुरम में करीब 10 फीसदी मतदान कम हुआ है।

दरअसल 2019 के दूसरे चरण में जिन सीटों पर भाजपा जीती थी, उन पर 3 फीसदी तक मतदान कम हुआ है। जो सीटें कांग्रेस ने जीती थीं, उन पर 5-10 फीसदी मतदान घटा है। हिंदी पट्टी के प्रमुख राज्यों में मतदान औसतन 7 फीसदी तक घटा है। ये राज्य ही भाजपा के दुर्गनुमा चुनावी गढ़ हैं। क्या यह घटा हुआ मतदान भाजपा के खिलाफ एक ह्यखामोश चुनावी लहरह्न है? सवाल यह भी है कि फिर यह लहर किस राजनीतिक दल के पक्ष में है? कांग्रेस ने तो 300 सीटों पर भी उम्मीदवार नहीं उतारे हैं और गठबंधन के तौर पर ह्यइंडियाह्न छिन्न-भिन्न स्थिति में है। तो फिर जनादेश कैसा होगा और केंद्र सरकार का स्वरूप भी कैसा होगा? चुनाव का जो रुझान दिखाई दे रहा है, उसमें प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के प्रति गंभीर नाराजगी का भाव महसूस नहीं होता। यदि सरकार बदलने के लिए मतदान होना था, तो लबालब भीड़ पोलिंग स्टेशनों के अंदर-बाहर दिखाई देती और मतदान भी 70 फीसदी से ज्यादा होता। कांग्रेस के पास काडर, बूथ कार्यकर्ता और मतदाता को पोलिंग स्टेशन तक पहुंचाने वाले संगठन की कमी देखी जाती रही है, लेकिन मतदाताओं का ऐसा सैलाब भी गायब है, जो 400 पार के जनादेश को सुनिश्चित कर दे। हालांकि प्रधानमंत्री के मंगलसूत्र और मुसलमान वाले अभियान के बाद ध्रुवीकरण महसूस किया गया है। जुमे की नमाज के बाद मुसलमान भी पोलिंग स्टेशनों की ओर गए हैं। क्या वह सारा मतदान भाजपा-विरोधी हुआ है?

गंभीर सवाल यह है कि मतदान एक स्तर के बाद उठ क्यों नहीं रहा है? पूरे देश में गर्मी अभी इतनी भीषण नहीं है कि सुबह और शाम में मतदान न किया जा सके। क्या युवाओं और नए मतदाताओं ने मतदान कम किया? उनकी दिलचस्पी कम दिखाई दी है। ऐसे कई लाख मतदाताओं ने वोट नहीं दिए। सवाल यह भी है कि किस राजनीतिक पक्ष के मतदाता अपने घरों से बाहर नहीं निकले? चूंकि मतदान शुक्रवार हो हुए हैं, लिहाजा यह भी एक कारण हो सकता है कि लंबे सप्ताहांत के मद्देनजर लोग छुट्टी पर निकल गए हों! लोकतंत्र की अनदेखी यहां भी हुई है। बहरहाल तीसरे चरण के मतदान के मद्देनजर भाजपा ने अपनी रणनीति बदलने का फैसला लिया है। करीब 500 नेता और पदासीन कार्यकर्ता मतदान वाले क्षेत्रों में तैनात किए जाएंगे। वे सुबह और शाम में मुख्य चुनाव केंद्र को रपट देंगे कि मतदाता की स्थिति क्या है? तीसरे चरण में अपने कोटे के मतदाताओं के वोट डलवाने को भाजपा ने कमर कस ली है। क्या कम मतदान का सबब यही है? हम इस सवाल से सहमत नहीं हैं।

## अल्पसंख्यक श्रेणी का अधिकार

प्रमोद भार्गव

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने धर्म के आधार पर पिछड़ों, दलितों और आदिवासियों को मिलने वाले आरक्षण में सेंधमारी करने के संविधान विरोधी प्रयासों पर बड़ा हमला बोला है। कांग्रेस से सवाल किया है, क्या कांग्रेस ऐलान करेगी कि वे संविधान में पिछड़ों, दलितों और आदिवासियों के आरक्षण को कम करके इसे मुसलमानों को नहीं बांटेंगे?इ 2004 में जैसे ही कांग्रेस की केंद्र में सरकार बनी तो उसने सबसे पहले आंध्र प्रदेश में एससी/एसटी आरक्षण को कम कर इस कोटे में मुसलमानों को आरक्षण देने का प्रयास किया था। यह कांग्रेस का पायलट प्रोजेक्टइ था, जिसे कांग्रेस पूरे देश में आजमाना चाहती थी। 2004-2010 के बीच कांग्रेस ने चार बार आंध्र प्रदेश में मुस्लिम आरक्षण लागू करने की कोशिश की थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट की जागरूकता के कारण वे अपने मंसूबे पूरे नहीं कर पाए। मोदी ने अब फिर से आरोप लगाया कि कांग्रेस ने अपने चुनाव घोषणापत्र में लोगों का धन छीन कर अपने खासइ लोगों को बांटने की साजिश रची है। यह अत्यंत तल्ख टिप्पणी राजस्थान के टोंक जिले में एक चुनावी जनसभा में की। प्रधानमंत्री की टिप्पणी संपूर्ण सत्य है। एक समय कांग्रेस सरकार की अल्पसंख्यक बनाम मुस्लिमों को पिछड़ों, दलित और आदिवासियों के संविधान में निर्धारित कोटा के अंतर्गत 4.5 प्रतिशत आरक्षण देने की मंशा रही थी। लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने भी कड़ा रु ख अपनाते हुए आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के फैसले के विरु द्ध दायर अपील को खारिज कर दिया था। केंद्र सरकार इस मामले में सुप्रीम कोर्ट से स्थगन आदेश चाहती थी। इस मंशा के विपरीत कोर्ट ने सरकार से स्पष्ट करने को कहा था कि वह बताए कि उसने किस आधार पर अल्पसंख्यकों को 4.5 फीसदी आरक्षण देने का फैसला लिया? कोर्ट ने यह भी कहा कि इस तरह तो कोटे में उपकोटा आरक्षित करने का सिलसिला चलता रहेगा। दरअसल, आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट ने धर्म के आधार परइ आरक्षण का लाभ संविधान के विरु द्ध बताया था। वर्तमान में दिसम्बर, 2011 के बाद से शैक्षणिक संस्थानों और सरकारी नौकरियों में ओबीसी वर्ग को 27 फीसद आरक्षण का प्रावधान है। लेकिन केंद्र सरकार ने ओबीसी के कोटे में खास तौर से मुस्लिमों को लुभाने के लिए 4.5 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने का प्रावधान कर दिया था। इसे कानूनी रूप देते हुए अल्पसंख्यकों से संबंधितइ और अल्पसंख्यकों के लिएइ जैसे वाक्यों का जो प्रयोग किया गया वह असंगत है, जिसकी कोई जरूरत नहीं है। इस फैसले का व्यापक असर होना तय था क्योंकि यह प्रावधान आईआईटी जैसे केंद्रीय शिक्षण संस्थानों में भी लागू हो गया था। वंचित समुदाय, चाहे अल्पसंख्यक हों अथवा गरीब सवर्ण, को बेहतरी के उचित अवसर देना लाजिमी है क्योंकि बदहाली की सूरत अल्पसंख्यक अथवा जातिवादी चश्मे से नहीं सुधारी जा सकती? खाद्य की उपलब्धता से लेकर शिक्षा और स्वास्थ्य संबंधी जितने भी ठोस मानवीय सरोकार हैं, उनको हासिल करना मौजूदा दौर में पूंजी और शिक्षा से ही संभव है। ऐसे में आरक्षण के सरोकारों के जो वास्तविक हकदार हैं, वे अपरिहार्य योग्यता के दायरे में न आ पाने के कारण उपेक्षित ही रहेंगे। अलबत्ता, आरक्षण का सारा लाभ वे बटोर ले जाएंगे जो आर्थिक रूप से पहले से ही सक्षम हैं, और जिनके बच्चे पब्लिक स्कूलों से पढ़े हैं। इसलिए इस संदर्भ में मुसलमानों और भाषायी अल्पसंख्यकों को सरकारी नौकरियों में आरक्षण देने की वकालत करने वाली रंगनाथ मिश्र आयोग की रिपोर्ट के भी कोई बुनियादी मायने नहीं रह गए थे? यह रिपोर्ट भी मुसलमानों को संवैधानिक प्रावधानों में आरक्षण जैसे विकल्प खोलने के लिए तैयार कराई गई थी। वर्तमान समय में मुसलमान, सिख, पारसी, ईसाई और बौद्ध ही अल्पसंख्यक दायरे में आते हैं जबकि जैन, बहाई और कुछ दूसरे धर्म-समुदाय भी अल्पसंख्यक दर्जा हासिल करना चाहते हैं लेकिन जैन समुदाय केंद्र द्वारा अधिसूचित सूची में नहीं है। इन्हीं वजहों से आतंकवाद के चलते अपनी ही पुश्तैनी जमीन से बेदखल कश्मीरी पंडित अल्पसंख्यक के दायरे में नहीं आ पा रहे हैं। दरअसल, अल्पसंख्यक श्रेणीइ का अधिकार पा लेने के क्या राजनीतिक, सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक निहितार्थ हैं, इन्हें समझना मुश्किल है।

# गहराते जल-संकट से जीवन एवं कृषि खतरे में

**केंद्रीय जल आयोग के नवीनतम आंकड़े भारत में बढ़ते इसी जल संकट की गंभीरता को ही दशार्ते हैं। आंकड़े देश भर के जलाशयों के स्तर में आई चिंताजनक गिरावट की तस्वीर उकेरते हैं। रिपोर्ट के अनुसार 25 अप्रैल 2024 तक देश में प्रमुख जलाशयों में उपलब्ध पानी में उनकी भंडारण क्षमता के अनुपात में तीस से पैंतीस प्रतिशत की गिरावट आई है। जो हाल के वर्षों की तुलना में बड़ी गिरावट है। जो सूखे जैसी स्थिति की ओर इशारा करती है। जिसके मूल में अल नीनो घटनाक्रम का प्रभाव एवं वर्षा की कमी को बताया जा रहा है। जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। मानव एवं जीव-जन्तुओं के अलावा जल कृषि के सभी रूपों और अधिकांश औद्योगिक उत्पादन प्रक्रियाओं के लिये भी बेहद आवश्यक है। परंतु आज भारत गंभीर जल-संकट के साए में खड़ा है। अनियोजित औद्योगीकरण, बढ़ता प्रदूषण, घटते रेगिस्तान एवं ग्लेशियर, नदियों के जलस्तर में गिरावट, वर्षा की कमी, पर्यावरण विनाश, प्रकृति के शोषण और इनके दुरुपयोग के प्रति असंवेदनशीलता भारत को एक बड़े जल संकट की ओर ले जा रही है। भारत भर में 150 प्रमुख जलाशयों में जल स्तर वर्तमान में 31 प्रतिशत है, दक्षिण भारत में सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र है, जिसके 42 जलाशय वर्तमान में केवल 17 प्रतिशत क्षमता पर हैं। यह भारत के विभिन्न क्षेत्रों में देखी गई सबसे कम जल क्षमता का प्रतीक है। स्थिति अन्य क्षेत्रों में भी चिंताजनक है, पश्चिम में 34 प्रतिशत और उत्तर में 32.5 प्रतिशत जलाशय क्षमता है। हालाँकि, पूर्वी और मध्य भारत की स्थिति बेहतर हैं, उनके पास अपने जलाशयों की सक्रिय क्षमता का क्रमशः 40.6 प्रतिशत और 40 प्रतिशत है, पिछले वर्ष वर्षा कम थी,**





**ललित गर्ग**
**लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।**

मानवीय गतिविधियों और क्रिया-कलापों के कारण दुनिया का तापमान बढ़ रहा है और इससे जलवायु में होता जा रहा परिवर्तन अब मानव जीवन के हर पहलू के साथ जलाशयों एवं नदियों के लिए खतरा बन चुका है। जलवायु परिवर्तन का खतरनाक प्रभाव गंगा, सिंधु और ब्रह्मपुत्र सहित प्रमुख जलाशयों और नदी घाटियों में कुल जल भंडारण पर खतरनाक स्तर पर महसूस किया जा रहा है, जिससे लोगों को गंभीर जल परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। केंद्रीय जल आयोग के नवीनतम आंकड़े भारत में बढ़ते इसी जल संकट की गंभीरता को ही दशार्ते हैं। आंकड़े देश भर के जलाशयों के स्तर में आई चिंताजनक गिरावट की तस्वीर उकेरते हैं। रिपोर्ट के अनुसार 25 अप्रैल 2024 तक देश में प्रमुख जलाशयों में उपलब्ध पानी में उनकी भंडारण क्षमता के अनुपात में तीस से पैंतीस प्रतिशत की गिरावट आई है। जो हाल के वर्षों की तुलना में बड़ी गिरावट है। जो सूखे जैसी स्थिति की ओर इशारा करती है। जिसके मूल में अल नीनो घटनाक्रम का प्रभाव एवं वर्षा की कमी को बताया जा रहा है। जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। मानव एवं जीव-जन्तुओं के अलावा जल कृषि के सभी रूपों और अधिकांश औद्योगिक उत्पादन प्रक्रियाओं के लिये भी बेहद आवश्यक है। परंतु आज भारत गंभीर जल-संकट के साए में खड़ा है। अनियोजित औद्योगीकरण, बढ़ता प्रदूषण, घटते रेगिस्तान एवं ग्लेशियर, नदियों के जलस्तर में गिरावट, वर्षा की कमी, पर्यावरण विनाश, प्रकृति के शोषण और इनके दुरुपयोग के प्रति असंवेदनशीलता भारत को एक बड़े जल संकट की ओर ले जा रही है।

भारत भर में 150 प्रमुख जलाशयों में जल स्तर वर्तमान में 31 प्रतिशत है, दक्षिण भारत में सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र है, जिसके 42 जलाशय वर्तमान में केवल 17 प्रतिशत क्षमता पर हैं। यह भारत के विभिन्न क्षेत्रों में देखी गई सबसे कम जल क्षमता का प्रतीक है। स्थिति अन्य क्षेत्रों में भी चिंताजनक है, पश्चिम में 34 प्रतिशत और उत्तर में 32.5 प्रतिशत जलाशय क्षमता है। हालाँकि, पूर्वी और मध्य भारत की स्थिति बेहतर हैं, उनके पास अपने जलाशयों की सक्रिय क्षमता का क्रमशः 40.6 प्रतिशत और 40 प्रतिशत है, पिछले वर्ष वर्षा कम थी, विशेष रूप से दक्षिण भारत में, 2023 का मानसून असमान था क्योंकि यह अल नीनो वर्ष भी था - एक जलवायु पैटर्न जो आम तौर पर इस क्षेत्र में गर्म और शुष्क परिस्थितियों का कारण बनता है। इससे काफी चिंता पैदा हुई है. वर्तमान में, सिंचाई भी प्रभावित हो रही है, और देश भर में पीने के पानी की उपलब्धता और जलविद्युत उत्पादन पर प्रभाव के बारे में चिंताएं बढ़ रही हैं। भविष्य को देखते हुए, आने वाले महीनों में और अधिक गर्मी पड़ने की आशंका है, जो दशार्ता है कि आने वाले दिनों में बड़ा जल संकट उभरने वाला है।

लंबे समय तक पर्याप्त बारिश न होने के कारण जल भंडारण में यह कमी आई है। जिसके चलते कई क्षेत्रों में सूखे जैसे और असुरक्षित हालात पैदा हो गये हैं। जिससे विभिन्न फसलों पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। इसका एक कारण यह भी है कि देश की आधी कृषि योग्य भूमि आज भी मानसूनी बारिश के निर्भर है। ऐसे में सामान्य मानसून की स्थिति पर कृषि का भविष्य पूरी तरह निर्भर करता है। वास्तव में लगातार बढ़ती गर्मी के कारण जल स्तर में तेजी से गिरावट आ रही है। इसके गंभीर परिणामों के चलते आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे राज्यों में पानी की कमी ने गंभीर रूप धारण कर लिया है। देश का आईटी हब बेंगलुरु गंभीर जल संकट से जूझ रहा है। जिसका असर न केवल कृषि गतिविधियों पर पड़ रहा है बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी भी बुरी तरह प्रभावित हो रही है। ऐसे में किसी आसन्न संकट से निपटने के लिये जल संरक्षण के प्रयास घरों से लेकर तमाम कृषि पद्धतियों और औद्योगिक कार्यों तक में तेज करने की जरूरत है। जल भंडारण और वितरण दक्षता में सुधार के लिये पानी के बुनियादी ढांचे और प्रबंधन प्रणालियों में बड़े निवेश की तात्कालिक जरूरत भी है। इसके साथ ही जल संरक्षण की परंपरागत तकनीकों को भी बढ़ावा देने की जरूरत है। साथ ही आम लोगों को प्रकृति के इस बहुमूल्य संसाधन के विवेकपूर्ण उपयोग को बढ़ावा हेतु प्रेरित करने के लिए जनजागरण अभियान चलाने की जरूरत है।

पानी के संरक्षण और समुचित उपलब्धता को सुनिश्चित कर हम पर्यावरण को भी बेहतर कर सकते हैं तथा जलवायु परिवर्तन की समस्या का भी समाधान निकाल सकते हैं। आप सोच सकते हैं कि एक मनुष्य अपने जीवन काल में कितने पानी का उपयोग करता है, किंतु क्या वह इतने पानी को बचाने का प्रयास करता है? जलवायु परिवर्तन के कारण 2000 से बाढ़ की घटनाओं में 134 प्रतिशत वृद्धि हुई है और सूखे की अवधि में 29 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। पानी धरती पर जीवन के अस्तित्व के लिए आधारभूत आवश्यकता है। आबादी में वृद्धि के साथ पानी की खपत बेतहाशा बढ़ी है, लेकिन पृथ्वी पर साफ पानी की मात्रा कम हो रही है। जलवायु परिवर्तन और धरती के बढ़ते तापमान ने इस समस्या को गंभीर संकट बना दिया है। दुनिया के कई हिस्सों की तरह भारत भी जल संकट का सामना कर रहा है। वैश्विक जनसंख्या का 18 प्रतिशत हिस्सा भारत में निवास करता है, लेकिन चार प्रतिशत जल संसाधन ही हमें उपलब्ध है। भारत में जल-संकट की समस्या से निपटने के लिये प्राचीन समय से जो प्रयत्न किये गये है, उन्हीं प्रयत्नों को व्यापक स्तर पर अपनाने एवं जल-संरक्षण क्रांति को घटित करने की अपेक्षा है।

सदियों से निर्मल जल का स्त्रोत बनी रहीं नदियाँ प्रदूषित हो रही हैं, अब उन पर जलवायु परिवर्तन का घातक प्रभाव पड़ने लगा है। जल संचयन तंत्र बिगड़ रहा है, और भू-जल स्तर लगातार घट रहा है। धरती पर सुरक्षित और पीने के पानी के बहुत कम प्रतिशत के आंकलन के द्वारा जल संरक्षण या जल बचाओ अभियान हम सभी के लिये बहुत जरूरी हो चुका है। जल को बचाने में अधिक कार्यक्षमता लाने के लिये सभी औद्योगिक बिल्डिंगें, अपार्टमेंट्स, स्कूल, अस्पतालों आदि में बिल्डरों के द्वारा उचित जल प्रबंधन व्यवस्था को बढ़ावा देना चाहिये। देश के सात राज्यों के 8220 ग्राम पंचायतों में भूजल प्रबंधनों के लिए अटल भूजल योजना चल रही है। स्थानीय समुदायों के नेतृत्व में चलने वाला यह दुनिया का सबसे बड़ा कार्यक्रम है। साथ ही, नल से जल, नदियों की सफाई, अतिक्रमण हटाने जैसे प्रयास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हो रहे हैं। हमारे यहां जल बचाने के मुख्य साधन हैं नदी, ताल एवं कूप। इन्हें अपनाओं, इनकी रक्षा करो, इन्हें अभय दो, इन्हें मरुस्थल के हवाले न करो। गाँव के स्तर पर लोगों के द्वारा बरसात के पानी को इकट्ठा करने की शुरूआत करनी चाहिये। उचित रख-रखाव के साथ छोटे या बड़े तालाबों को बनाकर या उनका जीर्णोद्धार करके बरसात के पानी को बचाया जा सकता है। धरती के क्षेत्रफल का लगभग 70 प्रतिशत भाग जल से भरा हुआ है। परंतु, पीने योग्य जल मात्र तीन प्रतिशत है। इसमें से भी मात्र एक प्रतिशत मीठे जल का ही वास्तव में हम उपयोग कर पाते हैं।

पानी का इस्तेमाल करते हुए हम पानी की बचत के बारे में जरा भी नहीं सोचते, जिसके परिणामस्वरूप

# अमेठी से चुनाव क्यों नहीं लड़ते राहुल गाँधी?

**कार्यकर्ता चाहते हैं कि राहुल गाँधी और प्रियंका रायबरेली और अमेठी से चुनाव लड़े। कार्यकताओं की मांग जायज भी है, लेकिन पार्टी राहुल और प्रियंका को उम्मीदवार बनाने में डर क्यों रही है यह समझ से परे है। उन्हें क्या हार का भय भयभीत कर रहा या फिर वे चुनाव लड़ना नहीं चाहते हैं। ऐसा नहीं है तो उन्हें पार्टी का उम्मीदवार घोषित करना चाहिए कांग्रेस में संगठन या फिर गाँधी परिवार का फैसला सर्वमान्य है। मुझे तो ऐसा नहीं लगता क्योंकि अगर बात पार्टी स्तर पर होती तो अब तक फैसला हो गया होता। लेकिन मुझे लगता है इसमें राहुल और प्रियंका गांधी का निजी निर्णय है जिसकी वजह से पार्टी फैसला नहीं ले पा रहीं है। क्योंकि प्रियंका गांधी ने कई बार संकेत दिया है वह चुनाव नहीं लड़ना चाहती हैं। लेकिन वर्तमान समय में जो स्थिति है वह कांग्रेस पार्टी के लिए बेहद चुनौती पूर्ण है। लेकिन अमेठी और रायबरेली के लिए यह स्थित हम गाँधी परिवार के लिए कम से कम चुनौती पूर्ण नहीं मानते हैं। क्योंकि अभी तक वहां से सोनिया गाँधी संसद पहुँचती रहीं हैं। जहाँ तक मेरा मानना है राहुल और प्रियंका गांधी को निश्चित रूप से अमेठी और रायबरेली से चुनाव लड़ना चाहिए। कांग्रेस के लिए हार जीत के मायने से कहीं अधिक महत्वपूर्ण अमेठी और रायबरेली की जनता का सम्मान है। क्योंकि दोनों अहम सीट गांधी परिवार की परंपरागत विरासत रही है। यह अलग बात है कि अमेठी से भजपा की स्मृति ईरानी चुनाव जीतने में सफल रहीं हैं। कांग्रेस राजनीति के संक्रमण काल से गुजर रही है लेकिन गांधी परिवार की अहमियत कांग्रेस और देश के लिए उतनी ही अहम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने सियासी हमले के लिए सीधे तौर पर कांग्रेस को चुनते हैं। प्रधानमंत्री मोदी को अच्छी तरह मालूम है कि भाजपा का विकल्प कांग्रेस ही है। हम चाहते हुए भी कांग्रेस का अस्तित्व नहीं मिटा सकते हैं।**





**प्रभुनाथ शुक्ल**
**(लेखक वरिष्ठ राजनीतिक टिप्पणीकार हैं**

कांग्रेस अमेठी और रायबरेली को लेकर असमंजस में है। अपनी परम्परागत सीट पर अपना उम्मीदवार तय नहीं कर पाई है। अमेठी और रायबरेली को लेकर मंथन जारी है। कहा यह जा रहा है कि यहाँ पांचवें चरण में वोटिंग होगी इसलिए पर्याप्त समय है। लेकिन सम्भवतः सच यह है कि अभी राहुल गाँधी एवं प्रियंका खुद तय नहीं कर पाए हैं कि उन्हें चुनावी मैदान में उतरना है या नहीं। फिलहाल दिखावे के लिए यह फैसला पार्टी अध्यक्ष खड़गे पर छोड़ दिया गया है। कार्यकर्ता चाहते हैं कि राहुल गाँधी और प्रियंका रायबरेली और अमेठी से चुनाव लड़े। कार्यकताओं की मांग जायज भी है, लेकिन पार्टी राहुल और प्रियंका को उम्मीदवार बनाने में डर क्यों रही है यह समझ से परे है। उन्हें क्या हार का भय भयभीत कर रहा या फिर वे चुनाव लड़ना नहीं चाहते हैं। ऐसा नहीं है तो उन्हें पार्टी का उम्मीदवार घोषित करना चाहिए कांग्रेस में संगठन या फिर गाँधी परिवार का फैसला सर्वमान्य है। मुझे तो ऐसा नहीं लगता क्योंकि अगर बात पार्टी स्तर पर होती तो अब तक फैसला हो गया होता। लेकिन मुझे लगता है इसमें राहुल और प्रियंका गांधी का निजी निर्णय है जिसकी वजह से पार्टी फैसला नहीं ले पा रहीं है। क्योंकि प्रियंका गांधी ने कई बार संकेत दिया है वह चुनाव नहीं लड़ना चाहती हैं। लेकिन वर्तमान समय में जो स्थिति है वह कांग्रेस पार्टी के लिए बेहद चुनौती पूर्ण है। लेकिन अमेठी और रायबरेली के लिए यह स्थित हम गाँधी परिवार के लिए कम से कम चुनौती पूर्ण नहीं मानते हैं। क्योंकि अभी तक वहां से सोनिया गाँधी संसद पहुँचती रहीं हैं। जहाँ तक मेरा मानना है राहुल और प्रियंका गांधी को निश्चित रूप से अमेठी और रायबरेली से चुनाव लड़ना चाहिए। कांग्रेस के लिए हार जीत के मायने से कहीं अधिक महत्वपूर्ण अमेठी और रायबरेली की जनता का सम्मान है। क्योंकि दोनों अहम सीट गांधी परिवार की परंपरागत विरासत रही है। यह अलग बात है कि अमेठी से भजपा की स्मृति ईरानी चुनाव जीतने में सफल रहीं हैं। कांग्रेस राजनीति के संक्रमण काल से गुजर रही है लेकिन गांधी परिवार की अहमियत कांग्रेस और देश के लिए उतनी ही अहम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने सियासी हमले के लिए सीधे तौर पर कांग्रेस को चुनते हैं। प्रधानमंत्री मोदी को अच्छी तरह मालूम है कि भाजपा का विकल्प कांग्रेस ही है। हम चाहते हुए भी कांग्रेस का अस्तित्व नहीं मिटा सकते हैं। उसी तरह राजनीति में यह भी सच है कि जब तक कांग्रेस है तब तक गांधी परिवार के अस्तित्व को मिटाया नहीं जा सकता है। क्योंकि गांधी परिवार ने देश, कांग्रेस और राजनीति के लिए जो योगदान दिया है देश की जनता में कहीं ना कहीं से उसके लिए सुरक्षित कोना महफूज है। सियासी आलोचनाओं की बात दीगर है। क्योंकि राजनीति एक ऐसा विषय है जिसमें विरोधी के लिए समालोचना का स्थान नहीं होता। दिल्ली का रास्ता उत्तर प्रदेश से होकर गुजरता है। उत्तर प्रदेश में अगर गांधी परिवार की उपस्थिति शून्य है तो यह राजनीति के विश्लेषण का विषय। लोकतंत्र में जय पराजय का खेल कोई मायने नहीं रखता है। क्योंकि यह फैसला जनता के हाथ में होता है। यह वही रायबरेली और अमेठी है जहां से श्रीमती इंदिरा गांधी को भी चुनाव हारना पड़ा। कांग्रेस विरोधी लहर में राज नारायण, जनता पार्टी से इंदिरा गाँधी के खिलाफ चुनाव जीत गए। राहुल गांधी के खिलाफ स्मृति ईरानी जीत गई। लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि यह सीट कांग्रेस के हाथ से छीन गई। लोकतंत्र में हमेशा प्रयोग का विकल्प खुला रहता है। रायबरेली ने उन्हीं इंदिरा गांधी को फिर चुनकर दिल्ली भेजा। इसलिए हार जीत के डर से चुनाव न लड़ना गांधी परिवार की राजनीतिक कमजोरी होगी। उत्तर प्रदेश बड़ा हिंदी भाषी राज्य है। गांधी परिवार मूल रूप से उत्तर प्रदेश से आता है। उत्तर प्रदेश से ही उसकी राजनीतिक शून्यता बौद्धिक राजनीति का संकेत नहीं देती। गांधी परिवार के लिए रायबरेली और अमेठी अहम सीट रही है। यहां की जनता ने इंदिरा गांधी, सोनिया गांधी, राजीव गांधी और राहुल गाँधी के नेहरू जी को अनगिनत बार दिल्ली भेजा और प्रधानमंत्री का ताज पहनाया। अमेठी और रायबरेली गांधी परिवार की विरासत के रूप में जानी जाती है। यहां की जनता ने गांधी परिवार को बहुत सम्मान दिया है। रायबरेली में कांग्रेस 1952 से लेकर अब तक 17 बार जीत दर्ज कर चुकी है। लेकिन सोनिया गांधी की तरफ से सक्रिय राजनीति से अलविदा होने के बाद इस सीट पर गांधी परिवार को अपना राजनैतिक उत्तराधिकारी नहीं मिल पा रहा है। सियासी टिप्पणियों और आलोचना से बाहर निकलकर प्रियंका और राहुल गांधी को चुनावी मैदान में उतरना चाहिए। राहुल गांधी को अमेठी की जनता ने भरपूर स्नेह और सम्मान दिया है। 2004 में राहुल गांधी पहली बार अमेठी से चुनाव लड़े और तीन बार सांसद चुने गए। 2019 में उन्होंने वायानाड और अमेठी दोनों से चुनाव लड़ा, लेकिन अमेठी में स्मृति ईरानी के सामने उन्हें पराजित होना पड़ा। हालांकि वायानाड की जनता ने उन्हें सांसद बनाकर दिल्ली भेजा। इस हालात में राहुल गांधी के सामने उत्तर और दक्षिण का पेंच फंसा है।

# कुछ की धड़कनें बढ़ीं, तो कोई सुखद सपने देखने लगा...

चैतन्य भट्ट

मध्य प्रदेश के बहुत सारे मंत्रियों और विधायकों की सांस इस वक्त अटक गई है, दिल की धड़कनें इतनी तेज चल रही है जिसका कोई हिसाब नहीं है और क्यों ना धड़के, क्यों ना तेज चले। देश में भारतीय जनता पार्टी के दमदार नेता गृहमंत्री अमित शाह जी ने साफ-साफ कह दिया भोपाल में कि जिन मंत्रियों और विधायकों के इलाके में कम वोटिंग हुई है वे अपना बोरिया बिस्तर बांध कर रखें क्योंकि जिन मंत्रियों के इलाके में कम वोटिंग हुई है उनका मंत्री पद खतरे में पड़ सकता है और जिन विधायकों के इलाके में अच्छी खासी वोटिंग हुई है उन्हें मंत्री पद से नवाजा जा सकता है, अब जिन मंत्रियों के इलाके में कम वोटिंग हुई है वे भारी परेशान और हलाकान्न हैं उन्हें समझ में नहीं आ रहा कि वे क्या और कौन सा बहाना बनाएं। क्या ये कहें कि गर्मी बहुत थी इसलिए लोगों ने वोट नहीं दिया या फिर ये बताएं कि लोगों की वोट के प्रति आस्था कम हो गई है या फिर ये बताएं कि मतदाता ने कह दिया है कि हम जिस पार्टी के उम्मीदवार को वोट देते हैं वो जीतने के बाद दूसरी पार्टी का दुपट्टा ओढ़ लेता है इसलिए हम वोट डालें तो क्यों डालें? और कौन से दूसरे बहाने बनाएं यह भी उन्हें समझ में नहीं आ रहा इधर उन विधायकों के मन में लड्डू फूट रहे हैं जिनके इलाके में अच्छा खासा मतदान हुआ है वे दिन में ही सपने में लाल बत्ती की गाड़ी, बंगला, दफ्तर, अर्दली, जय जयकार करती जनता, सर झुकाए खड़े अफसर का सपना देख रहे हैं। वे इंतजार कर रहे हैं कि जैसे ही रिजल्ट आए वैसे ही उनकी मनोकामना पूरी हो जाए और जो अभी मंत्री बनकर ठाठ से घूम रहे हैं वे केवल विधायक बनकर रह जाएं। अब बेचारे मंत्री करें तो क्या करें एक-एक वोटर को तो घर से पकड़ कर ला नहीं सकते, कार्यकर्ता भी ये सोच रहा है कि अपन तो चार सौ पार हो रहे हैं तो काहे को इतनी गर्मी में मेहनत करें और लोगों को वोट के लिए प्रेरित करें सुबह से ही घर में चुपचाप बैठ गए हैं, अब ऐसे में वोटिंग परसेंट तो कम होना ही है, इधर कांग्रेस भारी प्रसन्न है कि ये जो वोटिंग कम हुई है इसका लाभ उसको मिल जाएगा उसका सोचना है कि लोग अब भारतीय जनता पार्टी से ऊब चुके हैं कुल मिलाकर वोटरों ने जो अल्सेट पटकी है उससे चुनाव आयोग तक परेशान और हैरान है। बीजेपी कहां तो दस फीसदी वोट बढ़ाने की बात कर रही थी उधर दस पंद्रह फीसदी वोटिंग घट गई। सारे गणित फेल होते हुए दिखाई दे रहे हैं कांग्रेस कह रही है कि बीजेपी की तानाशाही के चलते वोटिंग कम हुई है तो बीजेपी कह रही है कि जितने भी वोट कम हुए हैं वे सब कांग्रेस के हैं हमारा वोटर को पक्का है वो इधर से उधर हो ही नहीं सकता। अब कौन सा वोटर किस तरफ चला गया या कहीं गया ही नहीं यह तो 4 तारीख को पता लगेगा लेकिन तब तक चार तारीख नहीं आ जाती तब तक तमाम पार्टियों के नेताओं में धुकधुकी बनी रहेगी। गारंटी और वारंटी इन दिनों पूरे देश में गारंटीयों का बाजार बेहद गर्म है, हर जगह गारंटी ही गारंटी दी जा रही है। कहीं मोदी जी की गारंटी है तो कहीं कांग्रेस के न्याय पत्र की गारंटी है तो चुनाव आयोग की निष्पक्ष चुनाव करवाने की गारंटी है, पर बाजार में हर चीज की गारंटी नहीं मिल पा रही है वे गारंटी की बजाय वारंटी दे रहे हैं आप जो कुछ खरीदना चाहे खरीद लो लेकिन गारंटी नहीं वारंटी मिल रही हैअपने को तो समझ में नहीं आता कि जब पूरे देश में गारंटी चल रही है तो फिर ये बड़ी-बड़ी कंपनियां गारंटी क्यों नहीं दे रही वारंटी क्यों दे रही है। कम से कम देश की पार्टियों से कुछ तो सीख लेना चाहिए वैसे पॉलीटिकल पार्टी की गारंटीयों पर वोटरों का भरोसा कम हो गया है और शायद यही कारण है कि वो भी यही गारंटी दे रहा है कि तुम चाहे कितने भी प्रयास कर लो कितनी भी गारंटी दे दो लेकिन हम भी गारंटी दे रहे हैं

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रात:किरण
पटना, मंगलवार, 30 अप्रैल, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### स्नातकोत्तर द्वितीय एवं तृतीय सेमेस्टर परीक्षा प्रपत्र भरने की तिथि हुई विस्तारित

छपरा सदर। सोमवार को जयप्रकाश विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर द्वितीय एवं तृतीय सेमेस्टर परीक्षा प्रपत्र भरने की तिथि विस्तारित कर दी गई है। कुलपति प्रो. परमेन्द्र कुमार बाजपेई ने छात्रहित में यह आदेश जारी किया है। गौरतलब है कि सत्र 2021-23 के द्वितीय सेमेस्टर तथा सत्र 2020-22 के तृतीय सेमेस्टर के परीक्षा प्रपत्र भरने की अंतिम तिथि 27 अप्रैल 2024 थी किंतु कुछ परीक्षार्थी परीक्षा प्रपत्र भरने से वंचित हो गए थे। कुलपति के संज्ञान में यह बात आई तो उन्होंने छात्रहित में परीक्षा प्रपत्र भरने की तिथि को 30 अप्रैल 2024 तक विस्तारित करने का आदेश दिया है।

### हाईवा ने बाइक में मारी टक्कर, दो घायल

इसुआपुर । इसुआपुर बाजार के बाबा लाल दास के मठिया के पास एस एच 90 मुख्य सड़क पर तेज गति से आ रहे हाईवा ने एक बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया। जिस पर सवार दो युवक बुरी तरह से जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों तथा पुलिस की मदद से दोनों घायलों को इलाज के लिए सीएचसी इसुआपुर ले जाया गया। घायलों में पानापुर थाना क्षेत्र के खजूरी गांव के बांका प्रसाद का पुत्र राकेश कुमार प्रसाद तथा इसी गांव के मनोहर प्रसाद का पुत्र विकास कुमार बताए जा रहे हैं। गंभीर रूप से जख्मी राकेश कुमार प्रसाद को प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया है । हाईवा का ड्राइवर पुलिस कस्टडी में है। वहीं पुलिस ने हाईवा को जप्त कर लिया है।

### अगलगी में तीन दुकान जलकर राख

बेतिया(मोहन सिंह)। नगर के संत कबीर चौक स्थित अचानक एक बिजली ट्रांसफार्मर में आग लग गई, जिससे हाहाकार मच गया। घटना सोमवार की सुबह की है।आग की तेज लपटों के कारण आसपास के तीन कपड़ा दुकानों का सबकुछ जलकर खाक हो गया।दुकान में आग लगने के बाद पूरे बाजार में हाहाकार मच गया।सूचना के बाद पहुंची अग्निशमन दस्ता की टीम ने भारी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।बताया जाता हैं कि ट्रांसफार्मर में आग लगने की सूचना बिजली विभाग को दी गई लेकिन अधिकारियों के द्वारा तत्परता नही दिखाई गई। जिसके कारण लाखों की क्षति हुई है।

### पति ने पत्नी को चाकू मार किया घायल,प्राथमिकी दर्ज

दरियापुर।स्थानीय थाना क्षेत्र के नगवा में पति ने पत्नी को चाकू मार कर घायल कर दिया। वहीं मां को बचाने पहुंची बेटी की भी बेरहमी से पिटाई कर दी।इस संबंध में पीड़िता गुड़िया देवी ने थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।दर्ज एफआईआर में उसने कहा है कि उसके पति की मौत हो जाने के बाद वह परिजनों की सहमति से अपने देवर से शादी कर ली।उसका पति कोई काम नहीं करता है और उससे बराबर पैसा मांगता है।पैसा नही देने पर मारपीट करता है। पुनः पैसे के लिए विवाद हुआ और उसका पति चाकू से उस पर वार कर दिया।जिसमें उसका हाथ कट गया।पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

### खड़े ट्रक में खाना बनाने के दौरान लगी आग

बनियापुर । सहाजितपुर थाना क्षेत्र के कोल्हुआ बाजार पर विगत रात दस बजे के दौरान एकाएक आग लग गई।आग का कारण खाना बनाने के दौरान गैस लीक कर जाना बताया जा रहा जिसमे ड्राइवर और खलासी बाल बाल बच गए।गनीमत रही कि वहाँ रह रहे किन्नरों के द्वारा बाल्टी से पानी डाल डाल कर आग पर काबू पाया बाद में सूचना पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी वहाँ पहुंचकर आग को बुझाई।प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार रात्रि में ट्रक के ड्राइवर एव खलासी कोल्हुआ बाजार पर गाड़ी खड़ा कर खाना बना रहे थे तभी एकाएक आग पकड़ लिया।वहां उपस्थित किन्नरों द्वारा आग प काबू पाया गया।जिससे ट्रक का केबिन ही जल पाया।

### चलेगी विशेष ट्रेन

छपरा। पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल में यात्रियों की हो रही अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए यात्री जनता की सुविधा हेतु 04037 सहरसा-नई दिल्ली ग्रीष्मकालीन अनारक्षित विशेष गाड़ी का संचलन सहरसा से 29 अप्रैल, 2024 को एकल यात्रा हेतु निम्नवत किया जायेगा। 04037 सहरसा-नई दिल्ली ग्रीष्मकालीन अनारक्षित विशेष गाड़ी 29 अप्रैल, 2024 को सहरसा से 07.00 बजे प्रस्थान कर मानसी से 07.58 बजे, खगड़िया से 08.07 बजे, बेगूसराय से 08.36 बजे, बरौनी से 09.10 बजे, दलसिंहसराय से 09.47 बजे, समस्तीपुर से 10.14 बजे, मुजफ्फरपुर से 11.10 बजे, हाजीपुर से 12.10 बजे, सोनपुर से 12.20 बजे, छपरा से 14.05 बजे, सीवान से 15.00 बजे, देवरिया सदर से 15.58 बजे, गोरखपुर से 17.05 बजे, खलीलाबाद से 17.46 बजे, बस्ती से 18.11 बजे, गोण्डा से 19.40 बजे, बाराबंकी से 21.17 बजे, ऐशबाग से 22.25 बजे, दूसरे दिन कानपुर सेन्ट्रल से 00.15 बजे, इटावा से 01.42 बजे, टुण्डला से 02.52 बजे, अलीगढ़ से 04.07 बजे तथा गाजियाबाद से 06.02 बजे छूटकर नई दिल्ली 07.00 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी के सभी कोच अनारक्षित श्रेणी के लगाये जा रहे है।

# छठे चरण में 25 मई को पश्चिम चंपारण में होने वाले आम चुनाव की अधिसूचना हुआ जारी

प्रात: किरण, संवाददाता



बेतिया( मोहन सिंह)। लोकसभा चुनाव 2024 के तहत चुनाव के छठे चरण में 25 मई को पश्चिम चंपारण में होने वाले आम चुनाव की अधिसूचना 29 अप्रैल से जारी कर दी गई है।इसके साथ ही पश्चिम चंपारण के वाल्मीकिनगर एवं पश्चिम चंपारण संसदीय सीट के लिए नामांकन का कार्य शुरू हो गया है जिसकी अंतिम तिथि 6 मई को होगी।उक्त जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि जिले के दो संसदीय क्षेत्र में निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव कराने हेतु सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है इसके लिए अलग-अलग सेलों का गठन किया गया है जो अपना विधिवत काम शुरू कर दिए है। वाल्मीकिनगर संसदीय सीट के लिए अपर समाहर्ता और पश्चिमी चंपारण संसदीय क्षेत्र के लिए जिलाधिकारी स्वयं निर्वाचन पदाधिकारी होंगे।उन्होंने कहा कि 7 मई को नाम निर्देशन पत्र की समीक्षा की जाएगी और 9 मई को अभ्यर्थी अपना नाम वापस ले सकेंगे।पश्चिम चंपारण के दो लोकसभा सीट पर चुनाव के छठे चरण में 25 मई को चुनाव संपन्न होगा और मतगणना 4 जून को होगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि वाल्मीकिनगर संसदीय क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 18 लाख 25490 है जिसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 9 लाख 66 हजार 302 एवं एवं महिला मतदाताओं की संख्या 8 लाख 59 हजार 116 है जिनके लिए 1829 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। वहीं पश्चिम चंपारण संसदीय क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 17 लाख 54 हजार 210 है जिसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 9 लाख हजार 966 एवं महिला मतदाताओं की संख्या लाख 19 हजार 180 है जिनके लिए 1756 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि मतदान के समय मतदाताओं की सुविधा के लिए पूरी व्यवस्था की गई है। साथ ही जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि वाल्मीकिनगर संसदीय क्षेत्र में सुरक्षा की दृष्टि से 54 मतदान केंद्रों पर सुबह 7:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक मतदान किया जा सकेगा। इसके अलावे जिले के बाकी मतदान केदो पर सुबह 7:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक सामान्य रूप से मतदान किया जा सकेगा।इस मौके पर बेतिया पुलिस अधीक्षक अमरकेश डी बगहा पुलिस अधीक्षक सुशांत सरोज अपर समाहर्ता राजीव कुमार सिंह उप विकास आयुक्त श्रीमती प्रतिभा रानी सदर एसडीएम विनोद कुमार नगर निगम आयुक्त शंभू कुमार एवं जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अनंत कुमार के अलावे कई अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## छात्र-छात्राओं की नियमित उपस्थिति करें सुनिश्चित, महाविद्यालयों में शैक्षणिक वातावरण का हो निर्माण : कुलपति

● जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति ने किया राजेंद्र कॉलेज एवं जगलाल चौधरी कॉलेज का औचक निरीक्षण

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा सदर। सोमवार को जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. परमेन्द्र कुमार बाजपेयी ने कहा कि महाविद्यालयों में छात्र-छात्राओं की नियमित उपस्थिति हर हाल में सुनिश्चित की जाय। प्राध्यापक महाविद्यालय के रूटीन के मुताबिक वर्गों को संचालित करें और हर महाविद्यालय की प्रयोगशालाओं में प्रायोगिक कक्षाओं का नियमित रूप से संचालन हो जिससे महाविद्यालयों में दिनानुदिन शैक्षणिक सुधार परिलक्षित हो। कुलपति ने उक्त बातें उत्तरपुस्तिका मूल्यांकन केंद्र, विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर विभागों व राजेंद्र कॉलेज तथा जगलाल चौधरी कॉलेज के औचक निरीक्षण करने के दौरान कही। कुलपति ने कहा कि इन कार्यों में महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय स्तर से हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि परीक्षाओं और उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन में पूर्ण पारदर्शिता और शुचिता बरकरार रखी जाय। पठन-पाठन के स्तर में सतत सुधार की प्रक्रिया निरंतर चलती रहनी चाहिए ताकि शैक्षणिक सुधार होता रहे। उन्होंने आह्वान किया कि आधारभूत संरचनाओं के विकास के लिए भी हर कोई प्रयास करे ताकि विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों की आधारभूत संरचनाओं को सुदृढ किया जा सके। इससे पहले उन्होंने विश्वविद्यालय परीक्षा भवन में चल रही उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य की समीक्षा की। उन्होंने मूल्यांकन कार्य कर रहे प्राध्यापकों से पूछा कि उन्हें कोई परेशानी तो नहीं हो रही। उन्होंने वहां की समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए। इसके पश्चात कुलपति ने जगलाल चौधरी महाविद्यालय का औचक निरीक्षण किया। वहां उन्होंने प्रयोगशाला की जांच की और निर्देश दिया कि भौतिकी की प्रयोगशाला में प्रयोग सामग्री को व्यवस्थित रूप से रखा जाय ताकि विद्यार्थी प्रयोग कर सके। साथ ही राजेंद्र कॉलेज का औचक निरीक्षण भी कुलपति ने किया। वहां आंतरिक परीक्षा चल रही थी। वहां उन्होंने प्रयोगशालाओं सहित अन्य विभागों का बारीकी से जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए।

## बिजली के शार्ट सर्किट से लगी आग में अरहर व गेहूं के सैकड़ों बोझे जलकर राख

प्रात: किरण, संवाददाता

माँझी। दाउदपुर थाना क्षेत्र के गोबरही टोला के बधार में सोमवार को दोपहर में अचानक बिजली के शार्ट सर्किट से लगी आग में अरहर व गेहूं के सैकड़ों बोझे जलकर नष्ट हो गए। साथ में भूसा के कई ढ़ेर भी जलकर राख हो गए। बताया जाता है की तेज पछुआ हवा के कारण आग तेजी से बगल के खेतों में रखे अरहर व गेहूं के बोझे को चपेट में ले लिया। आग का विकराल रूप देख किसानों में अफरा-तफरी मच गई। शोर सुनकर बड़ी संख्या में आस-पास के ग्रामीण किसान जुट गए और आग पर काबू पाने का प्रयास करने लगे। तेज धूप के बीच उठ रही तेज लपटों के कारण ग्रामीणों के आग बुझाने में पसीने छूट रहे थे। इस बीच ग्रामीणों ने दाउदपुर थाना पुलिस को अगलगी की सूचना दी। जिसके बाद पहुंचे मिनी फायर बिग्रेड वाहन व ग्रामीणों की सहायता से आग पर काबू पा लिया गया। आगलगी से पीड़ित किसानों में सरपंच भरत सिंह के एक बीघा की गेहूं के करीब डेढ़ सौ बोझें व दर्जनों अरहर के बोझे जल कर नष्ट हो गए है। वहीं ग्रामीण बृजनंदन सिंह के करीब एक बीघे की अरहर के सैकड़ों बोझे, ओपी सिंह के आठ कट्ठा की अरहर तथा वीरेश सिंह के भी करीब तीन कट्ठा के अरहर के फसल जलाकर राख हो गए। पीड़ित किसानों ने बताया कि फसल काटकर खेत में रखा गया था जिसका आज कल में ही दवनी व पिटनी होने वाली थी तभी अचानक शार्ट सर्किट से लगी आग से तैयार फसल जलकर राख हो गई। घटना की जानकारी पीड़ित ग्रामीणों ने मांझी सीओ को देकर उचित सरकारी सहायता की मांग की है।

## विरेंद्र साह मुखिया हुए राजद में शामिल

प्रात: किरण, संवाददाता



छपरा। सोमवार को बिरेंद्र साह मुखिया ने अपने सैकड़ों सहयोगियों के साथ राष्ट्रीय जनता दल में राजद के युवा तुर्क नेता पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव तथा राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और राष्ट्रीय जनता दल के सम्मानित नेतावों के समक्ष सदस्यता ग्रहण कर शामिल हुए। बिरेंद्र साह मुखिया ने अपने सहयोगियों के साथ छपरा से राजद प्रत्याशी डॉ रोहणी आचार्य को विजय श्री का माला पहनाकर जीत के प्रति आश्वस्त किया। बिरेंद्र साह मुखिया ने आह्वान करते हुए कहा कि अब हमारा समाज किसी पार्टी का बंधुआ मजदूर बनकर नहीं रहेगा। हम सब मिलकर इस बार राजद प्रत्याशी डॉ रोहानी आचार्य को भारी से भारी मतों से विजय श्री दिलाकर देश में इतिहास रचवाने का काम करेंगे। शामिल होने वाले लोगों में मुख्य रूप से बिरेंद्र साह मुखिया, मुना गुप्ता, जयप्रकाश साह मुखिया, विद्यासागर बिथार्थी, जयचंद प्रसाद, विजय गुप्ता, रामनारायण साह, राजकुमार साह, झगरू साह, डॉक्टर लव कुमार, रंजित साह, कृष्ण साह,सोनालाल साह , कन्हैया कुमार गुप्ता, चंदन कुमार गुप्ता, सुनील कुमार गुप्ता, संजय गुप्ता, ओके गुप्ता , सोनू कुमार गुप्ता, पारस साह शिक्षक, मनोज कुमार गुप्ता, रविकिशन गुप्ता जलंधर कुमार गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## बारात में हुई दो पक्ष के विवाद के बाद अपने पलानिनुमा घर पर सोए व्यक्ति की रड से मारकर की हत्या

● डांस प्रोग्राम में हुई नोकझोंक, रात्रि में सोए पैक्स अध्यक्ष के चाचा को रड से मारकर उतारा मौत के घाट

प्रात: किरण, संवाददाता

परसा : थाना क्षेत्र के लतरहिया गांव में आई बारात में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान दो पक्षों के बीच हुई नोक झोंक से हुई मामले की शुरूआत के बाद असामाजिक तत्वों ने रात्रि में सोए व्यक्ति को रड से मारकर हत्या कर दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है।घटना की सूचना मिलते ही स्वजनों के रोदन क्रंदन से कोहराम मच गया।घटना बीते रविवार देर रात्रि की है।मृतक बलिगाव पैक्स अध्यक्ष बिंदु राय का चाचा शिवजी राय 58 वर्षीय बताए गए है।जो पुनीत राय के पुत्र बताए गए है।शिवजी राय ट्रक चालक का काम करते थे।मिली जानकारी के अनुसार गांव में आई बारात में डांस प्रोग्राम देखने को लेकर दो पक्षों में नोक झोंक हुआ।और इसके शिवजी राय अपने गांव स्थित नव मकान निर्माण हेतु दिए गए नीव स्थान पर पलानीनुमा घर में सोए पड़े थे।कि दो लोग अचानक आए और शिवजी राय को खोजने लगे और बिछावन पर सोए अवस्था में शिवजी राय पर रड से प्रहार कर दिया।और जब दोनो पति पत्नी चिल्लाने लगे तो वे दोनो युवक भाग निकले।स्वजन आनन फानन में जख्मी शिवजी राय को उपचार के लिए परसा सामुदायिक अस्पताल लाया।जहा चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के उपरांत चिकित्सक ने चिंताजनक स्थिति में पीएमसीएच रेफर कर दिया।करीब तीन बजे रात्रि में पीएमसीएच में इलाज के दौरान मौत हो गई।घटना की सूचना पर पत्नी मीना देवी,भाई भुनेश्वर राय,जयनाथ राय,परसन राय,पूजन राय,भुटेली राय,भतीजा बिंदु राय,पुत्र अरुण राय,राजू राय,नितेश राय,रोहित कुमार,पुत्री विगन देवी,रिंकी देवी का रो रो कर बुरा हाल है।वही पूरे गांव में मातम का माहौल है।

## महाराजगंज लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी जानकारी**




● नामांकन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि छह मई और मतदान 25 मई को

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा। 19- महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र की अधिसूचना सोमवार को जारी कर दी गयी। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम अमन समीर और एसपी डॉ. गौरव मंगला ने समाहरणालय सभाकक्ष में संयुक्त प्रेस वार्ता का आयोजन किया। डीएम श्री समीर ने कहा कि महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र के लिए अधिसूचना जारी होते ही नामांकन फॉर्म जमा करने की प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है।नामांकन की अंतिम तिथि 06 मई है. इस बीच 01 और 05 मई को एनआई एक्ट के तहत घोषित छुट्टियों पर नामांकन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। नामांकन का समय सुबह 11 बजे से अपराह्न 03 बजे तक निर्धारित है। डीएम ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के तहत महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र का चुनाव छठे चरण में हो रहा है। नामांकन पत्रों की जांच (स्क्रूटनी) 07 मई को होनी है। नामांकन करने वाला कोई भी व्यक्ति 09 मई तक अपना नाम वापस ले सकता है। उन्होंने कहा कि महाराजगंज लोकसभा के रिटर्निंग ऑफिसर के रूप में मैं स्वयं अधिसूचित हूं। नामांकन फॉर्म डीएम कार्यालय कक्ष में दर्ज किया जाएगा। महाराजगंज के लिए 25 मई को सुबह 07 बजे से शाम 06 बजे तक मतदान होगा। जिसके लिए कुल 1916 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र में अद्यतन कुल 19 लाख 31 हजार 12 मतदाता हैं।जिसमें 10 लाख 06 हजार 87 पुरूष, 09 लाख 24 हजार 921 महिला एवं 04 अन्य मतदाता शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इनमें कुल 07 हजार 420 सेवा मतदाता एवं 14 हजार 773 दिव्यांग मतदाता भी शामिल हैं।जिनमें कुल 04 लाख 03 हजार सात सौ अठहत्तर नए मतदाता शामिल हैं। नामांकन के लिए मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय दलों के प्रत्याशी को एक और निर्दलीय प्रत्याशी को 10 प्रस्तावक देने होंगे। प्रस्तावक और समर्थक को महाराजगंज लोकसभा के किसी भी विधानसभा क्षेत्र का मतदाता होना चाहिए। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि जहां से भी मतदान बहिष्कार की सूचना आ रही है, उसपर त्वरित ऐक्शन के तहत टीम भेजी जा रही है। लोगों की समस्या को हल करने के साथ ही वार्ता कर लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सेदारी सुनिश्चित करने के लिए समझाया जा रहा है। एसपी डॉ गौरव मंगला ने अपने संबोधन में कहा कि नामांकन अवधि के दौरान आचार संहिता के साथ कानून-व्यवस्था एवं यातायात नियंत्रण को सख्ती से लागू किया जायेगा। इसके अलावा थाना चौक एवं नगर निगम चौक के बीच वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। केवल प्रत्याशी की तीन वाहन और विशेष सुरक्षा प्राप्त अभ्यर्थी के सेक्यूरिटी बॉक्स को समाहरणालय के मुख्य द्वार तक जाने दिया जाएगा। नॉमिनेशन कक्ष में प्रत्याशी समेत सिर्फ पांच लोगों को ही प्रवेश की इजाजत होगी। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को परेशानी से बचाने के लिए अलग ट्रैफिक प्लान बनाया गया है। धन बल के प्रयोग को रोकने के लिए पूरे जिले में 30 फ्लाइंग स्क्वायड टीम और स्टेटिक सर्विलांस टीमें भी गठित की गयी हैं,जबकि 10 स्थानों पर चेक पोस्ट बनाये गये हैं। साथ ही कुल 10 अन्तर्राज्यीय और अन्तर्राजिला चेकपोस्ट स्थापित किए गए हैं। बड़े वाहनों का शहर में प्रवेश वर्जित किया गया है। जबकि कई रूट पर ट्रैफिक डाइवर्ट किया गया है।चिन्हित संवेदनशील मतदान केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में अर्द्धसैनिक बल तैनात किए जा रहे हैं। प्रेस वार्ता में नगर आयुक्त सुमित कुमार, एडीएम पीजीआरओ संजय कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी जावेद एकबाल, अवर निर्वाचन पदाधिकारी एखलाक अंसारी, डीपीआरओ रवीन्द्र कुमार आदि मौजूद थे।

## इस बार पश्चिम चंपारण से भाजपा की होगी विदाई जनता का अपार समर्थन : मदन मोहन तिवारी

प्रात: किरण, संवाददाता

सुगौलीः लोक सभा चुनाव को लेकर इस बार पश्चिम चंपारण लोक सभा के इंडिया गठबंधन के कांग्रेस के उम्मीदवार मदन मोहन तिवारी चुनाव मैदान में है सुगौली में कार्यकर्ताओ द्वारा मदन मोहन तिवारी का सुगौली ताज बाबू चौक के समीप रक्सौल जाने क्रम में स्वागत किया गया। और उन्होंने बताया कि इस बार की चुनाव देश से आरक्षण को खत्म करने वाली भाजपा लोगो से वोट मांग रही है। और बेरजगारी से नौजवान त्रस्त है। चार साल को अग्नीवीर योजना से नौजवान त्रस्त है और नौकरी का कोई बेकेंसी भी नहीं है। सिर्फ जुमलेबाजी और लोगो को ठगा जा रहा है। पूरे देश में मंहगाई से सभी लोग परेशान है दिन रात देश में इन सब गंभीर मुद्दों को हटा कर सिर्फ हिंदू मुसलमान की बाते भाजपा करती है। पश्चिम चंपारण से इस बार भाजपा की विदाई तय है।उन्होंने कहा की मुझ जैसे कार्यकर्ता को कांग्रेस ने जमीन से उठा कर बेतिया से विधायक बनाया और अब इंडिया गठबंधन से कांग्रेस के राहुल गांधी लालू प्रसाद यादव तेजस्वी यादव मुकेश सहनी साहित और भी गठबंधन के शीर्ष नेताओं ने मुझ पर भरोसा जताया और मुझे पश्चिम चंपारण से भाजपा की विदाई की जिम्मेदारी सौंपी है। वही मौके विधायक शशि भूषण सिंह ने कहा की हम लोग इस बार इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार मदन मोहन तिवारी कांग्रेस के उम्मीदवार को जीत का सेहरा बांधेंगे और उन्हें दिल्ली के सांसद भवन में भेजेंगे। वीआईपी पार्टी के प्रदेश के युवा सचिव मनोज सहनी ने मौके पर कहा की इस बार सभी समाज वर्गो में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार मदन मोहन तिवारी का समर्थन मिल रहा है इस बार मदन मोहन तिवारी की जीत निश्चित है। कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार झा राजद के प्रखंड अध्यक्ष ताराचंद यादव अरविंद यादव बच्चू मिया ।

## छपरा उपभोक्ता फोरम के जिला जज बीपी सिंह ने लगाया रुद्राक्ष का पेड़

प्रात: किरण, संवाददाता

माँझी। पर्यावरण संरक्षण वर्तमान परिवेश में हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग होना चाहिए। पर्यावरण को संरक्षित रखना हम सबकी नैतिक जिम्मेवारी है। यह बातें छपरा उपभोक्ता फोरम के जिला जज बीपी सिंह ने कही। वे माँझी नगर पंचायत के उत्तर टोला निवासी व प्रसिद्ध समाजसेवी मदन सिंह की पत्नी तथा माँझी पूर्वी के पैक्स अध्यक्ष विजय सिंह की माता कलावती देवी की श्रद्धांजलि सभा के पूर्व रुद्राक्ष का पेड़ लगाने के दौरान कही। मौके पर मौजूद अवकाश प्राप्त जिला जज बलिराम सिंह ने कहा कि आजकल वातावरण बहुत प्रदूषित हो गया है जिसके चलते भीषण गर्मी, दूषित हवा, प्रदूषण व बीमारियां फैल रही हैं. इसलिए वातावरण को शुद्ध बनाए रखने के लिए सभी को योगदान देना चाहिए। मौके पर जेपी विश्वविद्यालय के पूर्व रजिस्टार प्रो रवि प्रकाश बबलू तथा धर्मेन्द्र सिंह उर्फ डब्ल्यू।मुखिया।,सूर्यनाथ सिंह।अभियन्ता तथा शिक्षक नेता दिनेश सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे। सभा का संचालन मुन्ना सिंह ने किया।

## हत्या मामले में पुर्व विधायक को आजीवन कारावास एवं अर्थ दंड की सजा

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा कोर्ट। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सप्तम सह सांसद व विधायक मामले के विशेष कोर्ट के न्यायाधीश सुधीर सिन्हा ने पानापुर थाना कांड संख्या 9/96 के सत्र वाद 588/09 में मसरख के तीन बार रहे विधायक तारकेश्वर प्रसाद सिंह को हत्या एवं अपहरण मामले में अंदर दफा 302 भादवी मे आजीवन कारावास एवं 20 हजार रुपए अर्थ नहीं देने पर अतिरिक्त छह माह की सजा सुनाई है।सजा को लेकर न्यायालय परिसर में उनके समर्थकों की भी काफी भीड़ लगी हुई थी परंतु उनके न्यायालय में नहीं आने से उनके समर्थकों में निराशा थी।पुलिस की भी काफी व्यवस्था की गई थी सजा के बिंदु पर सुनवाई के दौरान विशेष न्यायालय के अपर लोक अभियोजक ध्रुव देव सिंह ने अभियोजन की ओर से डॉक्टर तथा अनुसंधानकर्ता समेत कुल छह गवाहो की गवाही न्यायालय में कराई गई थीं। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता त्रियोगी नाथ सिन्हा संजीत कुमार ने न्यायालय में अपना अपना पक्ष रखा। विदित हो कि 10 जनवरी 1996 को पानापुर थाना क्षेत्र के तुर्की निवासी व मृतक के भाई बाबूलाल गुप्ता ने पानापुर थाना में एक प्राथमिकी दर्ज करायी थी . जिसमे मशरक के पूर्व विधायक तारकेश्वर सिंह समेत अन्य द्वारा अपने भाई का अपहरण कर हत्या कर देने का आरोप लगाते हुए उन्हें मामले में अभियुक्त बनाया था ।ज्ञात हो कि अपहरण के दो दिन बाद शत्रुघ्न प्रसाद गुप्ता का शव मोतिहारी के डुमरिया पुल के नीचे नदी में मिला था।

## ट्रक और बाइक मे टक्कर, एक कि मौत

प्रात: किरण, संवाददाता

गड़खा। गड़खा मानपुर मुख्य मार्ग पर गड़खा थाना क्षेत्र के मीठेपूर ब्रह्म स्थान के समीप सोमवार सुबह एक अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार युवक को ठोकर मार दिया जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान नयागांव थाना क्षेत्र के शोभापुर निवासी अजय कुमार गुप्ता के 22 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार बताया जाता है। घटना के बाद ट्रक के चालक और खलासी वाहन को छोड़कर फरार गए। बताया जाता है की बाइक चालक सुरज कुमार गुप्ता अपने घर से बाइक से किसी कार्य को लेकर गरखा की ओर जा रहा था उसे क्या मालूम था की आज उसकी जीवन की आखरी दिन होगा और आज वो काल के गाल मे समा जाएगा जैसे ही सुरज गरखा मानपुर मुख्य मार्ग स्थित मिठेपुर की समिप पहुचा तभी अनियंत्रित ट्रक ने उसे कुचल डाला इसकी सुचना स्थानीय पुलिस को दि गई लोगो के सहयोग से पुरी तरह लहुलुहान घायल व्यक्ति को गरखा पीएचसी पहुचाया गया चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया इस घटना की सुचना परिजनो को दी गई सुचना के बाद परिजन पहुचे और जैसे ही सुरज को मृत देखा परिजन और अन्य लोगो की आँखो से आसु निकलने लगे पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज पोस्टमार्टम करा शव को परिजनो को सौप दिया साथ ट्रक को पुलिस ने जब्त कर लिया चालक और खलासी फरार बताया जाता है इस घटना को लेकर मृतक के परिजनो का रो रो कर बुरा हाल बना हुआ है।

## चलाई जाएगी विशेष ट्रेन

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय।रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु 09103/09104 उधना-मुजफ्फरपुर-उधना ग्रीष्मकालीन अनारक्षित विशेष गाड़ी का संचलन उधना से 28 अप्रैल, 2024 को तथा मुजफ्फरपुर से 30 अप्रैल, 2024 को एक फेरे के लिये निम्नवत किया जायेगा। 09103 उधना-मुजफ्फरपुर ग्रीष्मकालीन अनारक्षित विशेष गाड़ी 28 अप्रैल, 2024 को उधना से 22.00 बजे प्रस्थान कर सूरत से 22.20 बजे, सायन से 22.40 बजे, भरूच से 23.15 बजे, दूसरे दिन 29 अप्रैल, 2024 बडोदरा से 00.40 बजे, गोधरा से 01.55 बजे, रतलाम से 05.10 बजे, उज्जैन से 07.05 बजे, संत हिरदाराम नगर से 10.05 बजे, बीना से 13.10 बजे, वीरांगना लक्ष्मीबाई जं. से 16.05 बजे, कानपुर सेन्ट्रल से 20.00 बजे, प्रयागराज जं0 से 23.50 बजे, तीसरे दिन 30 अप्रैल, 2024 बनारस से 03.05 बजे, गाजीपुर सिटी से 04.55 बजे, बलिया से 06.02 बजे, छपरा से 07.10 बजे, सोनपुर से 08.02 बजे, हाजीपुर से 08.17 बजे छूटकर मुजफ्फरपुर से 10.00 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में 09104 मुजफ्फरपुर-उधना ग्रीष्मकालीन अनारक्षित विशेष गाड़ी मुजफ्फरपुर से 30 अप्रैल, 2024 को 13.00 बजे प्रस्थान कर हाजीपुर से 14.07 बजे, सोनपुर से 14.22 बजे, छपरा से 13.35 बजे, बलिया से 16.34 बजे, गाजीपुर सिटी से 18.10 बजे, बनारस से 20.05 बजे, दूसरे दिन प्रयागराज जं0 से 23.05 बजे, दूसरे दिन कानपुर सेन्ट्रल से 03.15 बजे, वीरांगना लक्ष्मीबाई जं. से 06.40 बजे, बीना से 09.30 बजे, संत हिरदाराम नगर से 12.30 बजे, उज्जैन से 15.30 बजे, रतलाम से 17.50 बजे, गोधरा से 20.22 बजे, बडोदरा से 21.50 बजे, भरूच से 23.07 बजे, सयान से 23.42 बजे तथा तीसरे दिन सूरत से 00.10 बजे छूटकर उधना 00.30 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में शयनयान के 16 एवं एस.एल.आर./डी. के 02 कोचों सहित कुल 18 कोच लगाये जायेंगे।

## भीषण गर्मी के वजह से पर्यटकों की संख्या हुई कम टुरिस्ट डिस्टिनेशनों पर पसरा है सन्नाटा

प्रात: किरण, संवाददाता

बगहा।वीटीआर के टुरिस्ट क्षेत्रों में सन्नाटा पसरा है। एका दुक्का पर्यटक नजर आ रहे हैं। बतादें की इनदिनों आसमान से आग बरस रहे हैं,प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग द्वारा ऑरेंज अलर्ट जारी किया जा रहा है।लोग घरों में रहें जरूरी हो तो बाहर निकलें। ऐसे में टूरिस्टों का वाल्मीकिनगर आवक में गिरावट आई है। बोटिंग और सफारी भी इस भीषण गर्मी की वजह से अछूता नहीं रहा है। रेंजर राजकुमार पासवान ने बताया कि गर्मी के वजह से जंगलों में होने वाले सैलानियों के भ्रमण पर ब्रेक सा लगा दिया है। हवाएं गर्म हो जंगल के वातावरण को प्रभावित कर रही हैं। झूला पूल,इको पार्क,जंगल कैम्प,पाथवे आदि टुरिस्ट स्थलों पर पर्यटकों की भीड़ लगी रहती थी लेकिन गर्म हवाओं के थपेड़े और झुलसाने वाली गर्मी के कारण पर्यटक इन जगहों पर नहीं पहुंच पा रहे है।

## रुद्र महायज्ञ मे जुट रहे श्रद्धालु भीषण गर्मी भी आस्था के सामने फीका

प्रात: किरण, संवाददाता

डोरीगंज। गडखा प्रखंड के नरांव टोला स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर परिसर ग्यारह दिवसीय रुद्र मे आस्था की शैलाव उमर रही है। जिले के कोठियां-नरांव के मध्य मे यज्ञ परिसर मे प्रातः काल से हीं यज्ञ प्रेमियों व भक्तो की भीड यज्ञ मंडप की परिक्रमा करने व नर्मदेश्वर महादेव को दुग्ध व जल से अभिषेक करने के लिए अमादा दिखते है। यज्ञ की शुरूआत शनिवार को जलभरी के साथ शुरूआत हुई जो अगले सोमवार सात मई तक जाडी रहेगा।इस महायज्ञ मे वाराणसी से आए आचार्य द्वारा पूर्ण विधि-विधान से अर्जी मंथन कर अग्नि उत्पन्न किया गया। यज्ञ मे निःशुल्क चिकित्सा शिविर व निःशुल्क आर ओ के शीतल जल प्याऊ सेवा केन्द्र का उद्घाटन सूर्यनारायण मन्दिर के पूजेडी व शिविर मे आये आधा दर्जन से अधिक एम बी बी एस फिजिशियन व सर्जन डांक्टरों द्वारा संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर शंखनाद के सांथ शुरू हुआ।यह शिविर यज्ञ परिसर मे 24वों घंटे अपनी सेवा देगी। शुबह मे परिक्रमा,सांय मे प्रवचन एंव मेले मे भक्तो की संख्या देखते बन रही है।कोठियां-नरांव क्षेत्र के नरांव टोला,मदनपुर, धनौरा,सप्तापुर,नवतन,धरमबागी, चैनपुरवा मुसेपुर, संठा गांव के भक्त तन मन से समर्पित होकर यज्ञ की सफलता के लिए जी-जान से लगे हुए है।

## संक्षिप्त खबरें

### मेडीवर्स हॉस्पिटल के डॉक्टर पुत्री ने किया नाम रोशन

गया। गया के आइभीएफ सपस्शेलिष्ट डॉक्टर तेजस्वी नंदन एवं बच्चों के मशहूर डा मंजुल विजय की बेटी मानवीका विजय ने झान भारती वर्ल्ड स्कूल में कक्षा एक मे अपने स्कूल में अच्छा प्रदर्शन किया और मां पिता का नाम रोशन किया है इनके खबर आते ही लोगों ने डॉक्टर तेजस्वी नंदन एवं डॉक्टर मंजुल विजय को बधाई दिए जिसमें धीरज,राहुल रंजन और मेडीवर्स हॉस्पिटल के प्रबंधक एवं सभी डॉक्टर एवं स्टाफ ने शुभकामनाएं दीए है ।

### सिपाही की मौत के बाद सोन नद पर किया गया अंतिम संस्कार

गया। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराए जाने के उद्देश्य से सुपौल जा रहे गोपालगंज पुलिस बल के सिपाही अरवल जिले के ईटवां गांव निवासी राजदेव सिंह के पुत्र दिग्विजय सिंह की सड़क हादसे में मौत हो गई है। जैसे ही जानकारी इटवा गांव में मिली पूरे गांव में शोक का माहौल कायम हो गया। जानकारी के मुताबिक राजदेव सिंह के तीन पुत्र थे। उन तीन पुत्रों में सबसे छोटे पुत्र दिग्विजय थे। वर्ष 2011 में सिपाही में नौकरी लगी थी। पार्थिव शरीर गांव आते ही गांव में मातम पसर गया परिजनों को रो रो कर हाल बेहाल हो गयो इधर अंतिम संस्कार के लिए अरवल सोन नदी घाट पर लाया गया जहाँ अंतिम संस्कार किया गयो इस मौके पर अरवल डीएसपी कृति कमल ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। मौके पर मृतक के परिजन के साथ भारी संख्या में पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मी मौजूद थे।

### हीट वेव की स्थिती से जन जीवन अस्त व्यस्त

करपी/ अरवल। अखिल भारतीय छात्र संघ जिला सचिव राकेश राही ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कहा कि जिले में हीट वेव की स्थिती बनी हुई है। जन जीवन अस्त व्यस्त है। जिले के कई इलाके में पेय जल का संकट है। लोगों के चापाकल सुख गये हैं। बंद पड़े चापाकल को जल्द से जल्द दुरुस्त कराया जाय। ताकि आम जन को इस भीषण गर्मी में पानी के लिए भटकने की आवश्यकता न हो। सबसे महत्वपूर्ण बात की जिले के अंदर विभिन्न बाजारों मे चौक चौराहे पर पानी की व्यवस्था तत्काल रूप से जिला प्रशासन को करनी चाहिए। जिससे इस भीषण लू में लोगों को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रशासन से मांग करता हूं कि इस को जल्द से जल्द मूर्त रूप दिया जाय। मौसम विभाग के लगातार चेतावनी के वाबजूद शिक्षा विभाग ने भी अभी तक अपना रूख स्पष्ट नही किया है। जिले के अंदर छोटे छोटे बच्चे स्कूल जाने को विवश हैं। निजी विद्यालयों के लिये भी दिशा निर्देश दिया जाय। ताकि छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

### राष्ट्रीय जनता दल के उम्मीदवार ने चलाया जनसंपर्क अभियान

अरवल। जहानाबाद लोकसभा इंडिया गठबंधन के राष्ट्रीय जनता दल के समर्पित उम्मीदवार सुरेंद्र प्रसाद यादव ने कुर्था विधानसभा क्षेत्र के गंगापुर ,अनुआ, कर्मी बीघा, माली, सोनभद्र गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने वोटरों से वोट देकर जीताने की अपील की। इस दौरान अनुआ पंचायत के मुखिया मनोज कुमार, माली पंचायत के मुखिया ललन कुमार ने गुलदस्ता देकर स्वागत किया।

### पुलिस ने देसी शराब किया बरामद, धंधेबाज फरार

दिनारा (रोहतास) स्थानीय पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर देसी शराब बरामद कर लिया। लेकिन मामले में संलिप्त शराब कारोबारी पुलिस की गिरफ्त से भागने में सफल रहा। थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के जमरोढ़ गांव से गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने 15 लीटर देसी शराब बरामद कर लिया। लेकिन पुलिस की भनक मिलते ही कारोबारी भागने में सफल रहा । थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में संलिप्त शराब कारोबारी को बहुत जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

### पुलिस ने छापेमारी कर शराब के साथ दो धंधेबाज को भेजा जेल

काराकाट (रोहतास) आबकारी विभाग पुलिस टीम ने मिली गुप्त सूचना के आधार पर काराकाट थाना क्षेत्र के मुंजी एवं धवनी गांव में छापेमारी कर देसी एवं अंग्रेजी शराब के साथ दो कारोबारी को धर दबोचा। जानकारी देते हुए अनुमंडलीय उत्पाद निरीक्षक ने बताया कि काराकाट थाना क्षेत्र के मुंजी गांव से गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी अभियान चलाकर शिव पुकार उर्फ शिवकुमार सिंह के पास से 14 कार्टन यानी कुल मात्रा 120.960 लीटर अंग्रेजी शराब एवं धवनी गांव से मंटू साह के पास से 7.74 लीटर देसी शराब बरामद किया गया। साथ ही साथ मामले में संलिप्त दोनों कारोबारी को भी गिरफ्तार कर संबंधित मामला दर्ज करते हुए जांच के उपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# डीएम ने लोकसभा चुनाव को लेकर सेक्टर पदाधिकारियों के साथ किया समीक्षात्मक बैठक

प्रात : किरण संवाददाता




अरवल। समाहरणालय सभाकक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह की अध्यक्षता में सेक्टर पदाधिकारियों के साथ लोकसभा चुनाव-2024 की तैयारियों को लेकर समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा सेक्टर पदाधिकारियों द्वारा किये गये कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा के उपरांत सभी सेक्टर पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि वे प्रतिदिन मतदान केन्द्र का भ्रमण करेंगे, जिसके अंतर्गत वल्नरेबल पॉकेट में जाकर लोगों के बीच कॉन्फिडेंस बिल्डिंग का कार्य करेंगे ताकि मतदाता भयमुक्त माहौल में मतदान कर सकें, साथ ही प्रखण्ड स्तर पर बनाये गये माइक्रोप्लान के अंतर्गत घर-घर दस्तक देकर मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रेरित करेंगे। यदि मतदान केन्द्र पर अभी भी मूलभूत भौतिक सुविधाओं की कमी है तो अपने-अपने प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं सहायक निवार्ची पदाधिकारी को तुरंत प्रतिवेदित करेंगे।

इसके अतिरिक्त मतदाता पर्ची वितरण एवं वोटर गाइड की भी जाँच करेंगे। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अरवल के साथ अन्य उपस्थित रहे।

# नवादा में एसएलआर व कारतूस चोरी मामला से नहीं उठा पर्दा ,खबर चलाने पर पत्रकार पर थानाध्यक्ष ने किया मुकदमा

प्रात : किरण /धीरज गुप्ता



गया ।नवादा में पिछले दिनों 18 अप्रैल की देर रात मतदान केंद्र की सुरक्षा में तैनात एक पुलिस जवान से चोरी हुई रायफल और कारतूस मामले में दुस्साहस की सारी हदें पार कर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाला शातिर चोर पुलिस की गिरफ्त से अब तक बाहर है ।इधर, घटना की खबर को सभी चैनलों और अखबार में प्रमुखता से छपी लेकिन कशिश न्यूज के संवाददाता सन्नी भगत द्वारा प्रमुखता से दिखाने पर पकरीवरावां थाना के थानाध्यक्ष अजय कुमार ने टारगेट कर उन्हें एक झूठा मुकदमा न्यायालय मुख्य न्यायधीश के समक्ष दायर किया है।

नवादा पुलिस अपनी निष्क्रियता छिपाकर पत्रकार को घेरे में ले रही है और झूठा आरोप लगा रही है ।घटना के 9 दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली : बता दें कि लोकसभा चुनाव को लेकर पहले चरण में नवादा लोकसभा सीट पर मतदान 19 अप्रैल को हुआ था। वहीं, मतदान केंद्र की सुरक्षा में तैनात देररात एक पुलिस जवान की रायफल और 20 कारतूस की चोरी की वारदात हुई थी। हालांकि पुलिस ने इस मामले में घटना के अगले दिन घटनास्थल से कुछ दूरी पर एक ताड़ के पेड़ के नीचे झाड़ी से पुलिस जवान से चोरी हुई रायफल और 20 कारतूस को लावारिश अवस्था में बरामद किया था ।वहीं, इस मामले में पुलिस ने कुछ लोगों को अपने हिरासत में भी लिया था। अगले दिन पूछताछ कर सभी को निर्दोष पाकर थानाध्यक्ष अजय कुमार ने छोड़ दिया था। वहीं, इस घटना को कशिश न्यूज समेत अन्य न्यूज चैनल और अखबार में चलने के बाद थानेदार ने सिर्फ कशिश न्यूज के संवाददाता सन्नी भगत पर एक झूठा मुकदमा न्यायालय में मुख्य न्यायधीश के समक्ष दायर किया गया है ।बता दें कि घटना के 9 दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। चोर अब तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर बताया जाता है।

वहीं, पत्रकार को फर्जी तरीके से आरोपी बनाए जाने से जिलाभर के पत्रकारों में रोष है। रिपोर्टर पर एफआईआर की निंदा करते हुए पत्रकारों ने कहा है कि पुलिस अपनी विफलता को दबाने के लिए पत्रकारों के खिलाफ दमन की कार्रवाई कर रही है ।पत्रकार पर झूठा मुकदमा कर थानाध्यक्ष ने लोकतंत्र पर किया प्रहार : वहीं नवादा ऑल इंडियन रिपोर्टर्स एसोसिएशन (आईरा इंटरनेशनल) बिहार के नवादा जिलाध्यक्ष सुनील कुमार ने पकरीबरावां थानाध्यक्ष की इस कार्रवाई पर तीखी भर्त्सना किया है। उन्होंने कहा थानाध्यक्ष अजय कुमार अपने निष्क्रियता को छिपाने के लिए पत्रकार सन्नी भगत को टारगेट किया है। सभी अखबारों और न्यूज चैनलों ने खबर चलाया ,लेकिन उन्होंने टारगेट लेकर सन्नी भगत पर झूठा मुकदमा दर्ज किया है। इस कुकृत्य का नवादा के सभी पत्रकार तीखी भर्त्सना करता है और वरीय अधिकारी से इसकी जांच की मांग किया है।

उन्होंने कहा पकरीबरावां थानाध्यक्ष अपनी नाकामी छिपाना चाह रही है। घटना के 09 दिन बीत जाने के बावजूद अभी तक इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं किया है। एसएलआर व कारतूस बरामद हुआ ,लेकिन इसे किसने चोरी किया यह एक पहेली बना है। इनकी नाकामियों को छापने पर पत्रकार पर मुकदमा किया गया है। उन्होंने कहा पहले वरीय अधिकारी से साक्ष्य के साथ मिलकर कि उक्त पत्रकार पर मुकदमा और आरोप हटाने का मांग किया जाएगा। इसके बाद वरीय अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं करेंगे तो चरणबद्ध धारणा - प्रदर्शन कर आन्दोलन किया जाएगा।

## एनडीए गठबंधन के पक्ष मे लोजपा (रा) चलाया जनसंपर्क अभियान : सत्येन्द्र रंजन

प्रात : किरण संवाददाता



अरवल। जहानाबाद लोकसभा क्षेत्र से एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी के पक्ष मे लोजपा रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन के नेतृत्व में चलाया गया जनसंपर्क अभियान। आगामी लोकसभा चुनाव के तैयारी को लेकर पूरे देश भर में 400 सौ सांसद जिताने के संकल्प के साथ जहानाबाद लोकसभा क्षेत्र से एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी को जिताने के लिए अरवल जिला लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन के नेतृत्व में अरवल विधानसभा क्षेत्र के ग्राम - राणापुर , हरना , ढोरहां , दरियापुर , बेलखारा सहित दर्जनों गांवों में जनसम्पर्क अभियान चलाया गया । उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी , लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद चिराग पासवान एवं बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हाथों के मजबूत करने के लिए जहानाबाद लोकसभा क्षेत्र से एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी के पक्ष में मतदान करने के लिए आम मतदाताओं से अपील किया । जनसम्पर्क अभियान में बेलखारा पंचायत के पैक्स अध्यक्ष धनंजय वर्मा , लोजपा रामविलास के कई कार्यकर्ता शामिल रहे।

## स्वीप मतदाता जागरूकता से लोगों को किया गया जागरूक

बिक्रमगंज (रोहतास) स्वीप कार्यक्रम के तहत नोनहर पंचायत में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान। जिला पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रोहतास नविन कुमार के निर्देश पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित प्रताप सिंह के नेतृत्व में पंचायत मुखिया आभा सिंह की उपस्थिति में स्विप कार्यक्रम के तहत पंचायत के सभी गावों में घर घर जाकर मतदान संवाद कार्यक्रम करते हुए प्रखंड में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जीविका के कार्यकताओं ने रैली निकाली। मुखिया प्रतिनिधि मिक्की राज मेहता ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य लोकसभा चुनाव मे शत प्रतिशत मतदान कराने तय के साथ महिला मतदाताओं को जागरूक करना है। कार्यक्रम में प्रखंड परियोजना पदाधिकारी विजय कुमार चौधरी, सामुदायिक समन्वयक आलोक कुमार, राजेश कुमार, सीएम प्रियंका कुमारी, जुली कुमारी, मुन्नी देवी, पिंकी पटेल, तमन्ना खातुन सहित काफी संख्या में जीविका सदस्य शामिल थे।

## रैली अभियान से मतदाता को किया गया जागरूक

प्रात : किरण संवाददाता




काराकाट (रोहतास) जिलाधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी नवीन कुमार के निर्देशानुसार काराकाट प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह के नेतृत्व में सोमवार को देवाशीष सिंह श्रम परावर्तन पदाधिकारी,अनुज कुमार प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी की उपस्थिति में सिकरियां पंचायत के उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय एवं नगर पंचायत काराकाट गोड़ारी उच्च माध्यमिक विद्यालय और मध्य विद्यालय गोड़ारी में स्वीप कार्यक्रम तहत सभी गतिविधियां कराई गई। साथ ही तीनों विद्यालयों द्वारा एक जून को मतदान करने को लेकर मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें तीनों विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, शिक्षक-शिक्षिका , आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, आशा कार्यकर्ता, जीविका दीदी , बीएलओ, छात्र-छात्राओं सहित अन्य लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### पराली जलाने वालों के विरुद्ध प्रशासन ने शुरू की कार्रवाई

बिक्रमगंज (रोहतास) बिक्रमगंज अनुमण्डल क्षेत्र में अगलगी की बढ़ रही घटनाओं को लेकर अनुमंडल प्रशासन सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। घटनाओं को संज्ञान में लेते हुए सोमवार को पराली जलाने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर अनुमण्डल क्षेत्र के विभिन्न थानों में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। संझौली थाना कांड सं0-75/24, बिक्रमगंज थाना कांड सं0-248/24, सूर्यपुरा थाना कांड सं0-114/24, दिनारा थाना कांड सं0-180/24 में आईपीसी की धारा-188 तथा धारा-39 एयर एक्ट 1981 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। अन्य थानों में भी पराली जलाने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर कार्रवाई की जा रही है।

## बीडीओ के खिलाफ ग्रामीणों ने एसडीएम से की शिकायत

प्रात : किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) प्रखंड क्षेत्र के खरगपुरा में बीडीओ अमित प्रताप सिंह द्वारा साधु महात्मा को अपमानित करने और ग्रामीणों को धमकी दिये जाने की शिकायत ग्रामीणों ने एसडीएम अनिल बसाक से की। एसडीएम को दिये गये आवेदन में कहा गया है कि खरगपुरा गांव में शिव मन्दिर के निर्माण उपरांत मन्दिर प्रांगण में प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ का आयोजन किया गया था। जो 27 अप्रैल को पुणार्हुति व भण्डारा के साथ संपन्न हुआ। महायज्ञ कराने वाले सन्त श्री राजन जी महाराज मठाधीश सोनवर्षा एवं वैशाडीह मठ के द्वारा यज्ञ एवं प्राण प्रतिष्ठा का कार्य सम्पन्न कराया गया। इसी बीच 24 अप्रैल को श्री राजन जी महाराज के कुटिया जो कि यज्ञशाला में आग लग गई और वह पूरी तरह से जल गया। अनुकूल समय नहीं होने के कारण महाराज के कुटिया का व्यवस्था नहीं हो पाया तो सभी ग्रामिणों की ओर से विद्यालय प्रांगण में साफ-सफाई कर उनके ठहरने का व्यवस्था विद्यालय समिति के सदस्यों के सामुहिक निर्णय से किया गया ।

27 अप्रैल को साधु महाराज जी लोगों का विदाई हो रहा था। उसी समय बीडीओ बिक्रमगंज अमित प्रताप सिंह वहां पहुंचे और साधु महात्मा लोगों को ऊंची आवाज में बोलने लगे । इस दौरान उन्होंने अमर्यादित एवं अभद्र भाषा का प्रयोग उन सन्त महात्माओं के लिए किया । इसी बीच ग्रामीण भी आ गए। जिनको भी बीडीओ अपशब्द बोलने लगे। इन सारी बातों को देखते हुए साधु सन्त ग्रामवासी से बोले कि आपलोग के सामने हम साधु सन्तों को इतना अपमानित होना पडा, इस पर सभी ग्रामवासी बहुत दुःखी हो गए । फिर जाते-जाते बोले कि सभी ग्रामवासियों को झुठे केश में फसाऐंगे । क्योकि आपलोग बिना सूचित किए विद्यालय को धर्मशाला बना दिये थे । ग्रामीणों ने एसडीएम से बीडीओ द्वारा सरकारी पद एवं पावर का दुरुपयोग करके साधु महात्मा के साथ-साथ ग्रामिणों को भी अपमानित करने, धार्मिक कार्य में बाधा डालने एवं शान्ति भंग करने के लिए कानूनी दण्डात्मक कार्रवाई करने की मांग की है ।

### सड़क दुर्घटना में जख्मी युवक की मौत, दूसरे की हालत गंभीर

संझौली (रोहतास) थाना क्षेत्र के गैस एजेंसी के समीप सोमवार की सुबह में करीब आठ बजे सड़क दुर्घटना में हुए दो जख्मी में इलाज के लिए ले जाने क्रम में बीच रास्ते में एक ने दम तोड़ दिया। वही दूसरा घायल का इलाज सासाराम सदर अस्पताल में भर्ती है, जहां उसका ईलाज चल रहा है। दोंनो एक ही गांव के निवासी बताए जाते है। मृतक ब्रजेश कुमार उम्र 24 वर्ष, घायल कवि कुमार उम्र 18 वर्ष जो यूपी के चंदौली जिले के ग्राम धनउ के दोंनो निवासी बताया जाता है। घटना के संबंध बताया जाता है कि सोमवार की सुबह में गैस एजेंसी के समीप मुख्य सड़क पर दोनों ब्यक्ति ने सड़क के किनारे सड़क की मार्किंग का कार्य कर रहे थे।

### देवर ने टांगी से मार भाभी को उतरा मौत के घाट

रोहतास। कोचस थाना क्षेत्र के तेतरिया गांव में 39 वर्षीय महिला को टांगी से मार कर मौत के घाट उतार दिया गया है। मृतक महिला झामु राम की पत्न ी गुड़िया देवी बताई जाती है। घटना की सूचना के बाद पहुंचे एसडीपीओ कुमार वैभव प्रखंड विकास अधिकारी दीपचंद जोशी सीओ बिनीत ब्यास थानाध्यक्ष रंजीत कुमार सिन्हा गांव पहुंचकर परिजनों को समझा बूझकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। वहीं थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना का अंजाम देने वाले उसके देवर शंभूराम पिता सिपाही राम को धारदार हथियार के साथ हिरासत में लिया गया है। हालांकि इस घटना कि जानकारी देते हुए कोचस थानाध्यक्ष ने बताया कि देवर भाभी में पिछले कई दिनों से मामूली सी बात को लेकर कहा सुनी हो रहा था।

## जनसंपर्क अभियान कर श्रम संसाधन मंत्री ने लोगों की सुनी समस्या

प्रात : किरण संवाददाता



नोखा (रोहतास) काराकाट लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत नोखा विधानसभा में महापुर गांव में बिहार सरकार के श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने सोमवार को क्षेत्रों का किया दौरा। इस क्रम में उन्होंने लोगों से एनडीए प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा के पक्ष में मत करने का किया अपील। इसी क्रम में महापुर गांव में मुखिया प्रतिनिधि विवेक सिंह ने उनसे मुलाकात की। अवसर पर मंत्री ने बताया कि इस बार प्रधानमंत्री के सबका साथ सबका विश्वास के साथ 400 पार का एनडीए ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी। साथ ही एनडीए प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा को भारी मतों से काराकाट लोकसभा क्षेत्र से जीत दिला उन्हें जनता जीत का सरताज पहनायेगी। जिसको लेकर कार्यकर्ता ने मजबूती के लिए संकल्प लिया। मौके पर भाजपा नेता दीनानाथ राय, इंद्रजीत सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

## लोकसभा चुनाव को लेकर एनडीए कार्यकर्ता ने की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता



डेहरी (रोहतास) नगर परिषद डेहरी स्थित एक सभागार में एनडीए की समन्वय बैठक आयोजित की गई। जिसमें औरंगाबाद जिला के तीनों विधानसभा क्षेत्र तहत एनडीए के प्रखंड और पंचायत समिति कार्यकर्ता शामिल थे। बैठक के दौरान एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में और मोदी सरकार के 400 पार के नारे को जमीनी स्तर पर मजबूत करने पर चर्चा हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीजेपी औरंगाबाद के जिला उपाध्यक्ष सिद्धानाथ मिश्रा ने किया। जबकि संचालन राष्ट्रीय लोक मोर्चा के औरंगाबाद जिला अध्यक्ष अशोक मेहता ने किया। बैठक के दौरान राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अभियान समिति के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष कुशवाहा, रोहतास के जिला अध्यक्ष कपिल कुमार युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष हिमांशु पटेल,युवा प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी विशाल सिंह, नवीनगर प्रखंड अध्यक्ष पप्पू पांडे ,मनोज कुमार, रविशंकर शर्मा, अरुण सिंह, सतेंद्र चौधरी, विनय कुमार सहित अन्य पार्टी नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जाँच समिति पर उठाये पूर्व सीनेटर ने सवाल, मामला महाराजा कॉलेज वित्तीय घोटाले का

आरा : महाराजा कॉलेज में पूर्व प्राचार्य डॉ नरेन्द्र कुमार के कार्यकाल में हुए लगभग साढ़े तीन करोड़ रुपये के हुए घोटाले की विश्वविद्यालय द्वारा गठित जाँच समिति ही खुद सवालों के घेरे में खड़ी होती नजर आ रही है। पूर्व सीनेटर प्रो दिवाकर पांडेय ने गठित तीन सदस्यीय जाँच समिति द्वारा अनावश्यक विलम्ब किये जाने पर सवाल उठाते हुए कुलपति को आवेदन सौंपकर वित्तीय अनियमितता के दोषियों पर समुचित एवं त्वरित कार्रवाई करने की मांग की है। आवेदन में उन्होंने कहा है कि जिसपर जाँच चल रही है वे प्रभावशाली व्यक्ति हैं और वर्तमान में जैन कॉलेज के प्राचार्य पद पर रहते हुए जाँच को प्रभावित करने में सक्षम हैं। प्रो दिवाकर पाण्डेय ने कहा कि जाँच में अनावश्यक विलम्ब से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि वे जाँच को प्रभावित कर चुके हैं। ज्ञात हो कि हाल में छात्रों ने भी इस मामले पर आंदोलन किया था जिस पर कुलपति ने 15 अप्रैल के पहले जाँच पूरी करा लेने का आश्वासन दिया था। प्रो पाण्डेय ने इस बात का भी उल्लेख किया है कि पूर्व में राज्यपाल सह कुलाधिपति के अलावा मुख्यमंत्री को भी इस घोटाले में दोषियों पर कार्रवाई के लिए आवेदन दिया जा चुका है। इस घोटाले की सूचना पाकर विधानसभा में डुमरांव विधायक अजित कुमार सिंह और तरारी विधायक सुदामा प्रसाद ने भी आवाज उठाकर स्वतंत्र एजेंसी से जाँच कराने की मांग की थी। पूर्व सीनेटर प्रो पाण्डेय ने लिखा है कि जाँच में अनावश्यक विलम्ब से छात्रों, शिक्षकों एवं आम जनता का विश्वविद्यालय प्रशासन से भरोसा उठता जा रहा है।

## आनंद से विध्वंश तक महादेव ने किया नृत्य का सृजन : बक्शी विकास



पूरी प्रकृति के नृत्य की अपनी शैली व अपना लय है। हवाओं के संगीत पर पेड़ पौधे नृत्य करते हैं तो शौर्य मंडल में सभी ग्रह व नक्षत्र लय मग्न होकर चक्कर काटते हुये नृत्य का प्रदर्शन कर रहें हैं। प्रकृति के ताल पर बारिश की बूंदों पर मयूर झूम कर नृत्य करता है मौसम में सावन झूमता हुआ नृत्य का मंचन करता है। जीवन के रंगमंच पर इंसान जन्म से मृत्य तक नृत्य ही तो करता है। नृत्य के बिना सृष्टि की कल्पना ही नहीं की जा सकती। आनंद से विध्वंश तक नृत्य को स्वयम भगवान शंकर ने लयबद्ध किया है। उक्त बातें कथक गुरु बक्शी विकास ने कहीं। अवसर था शिवादी क्लासिक सेंटर ऑफ आर्ट एण्ड म्यूजिक द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस समारोह का। इस कार्यक्रम का उद्घाटन नवी पीढ़ी की उभरती कथक नृत्यांगना चित्रा कुमारी ने किया। इस अवसर पर चित्रा ने एकल कथक नृत्य में गणेश वंदना, तीनताल में उपज, ठाट, उठान, आमद, तोड़े-टुकड़े व तिहाईयां प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वही राका श्रीवास्तव, हंसिका, अमृता, अंजली, स्नेहा पाण्डेय ने मैथिली लोक नृत्य झिझिया प्रस्तुत कर तालियां बटोरी। वहीं नन्ही नृत्यांगना सोमी, सोनी, सगुण व सिद्धि आनंद ने कृष्ण वंदना प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी। इस अवसर संस्था की निदेशिका कथक नृत्यांगना आदित्या श्रीवास्तव ने सभी नृत्यांगनाओ को युवा नृत्य रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया। मंच संचालन कथक नर्तक अमित कुमार व धन्यवाद ज्ञापन संयोजक अजीत पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर विदुषी बिमला देवी, डॉ. किरण कुमारी, डॉ. ममता मिश्रा, इंजीनियर सुशील कुमार, रविशंकर, सुशीला देवी, महेश यादव, चंद्रमोहन ओझा समेत कई गणमान्य उपस्थित थें।

### एनडीए कार्यकर्ताओं के चुनावी दंगल पर की विशेष चर्चा

काराकाट (रोहतास) राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन काराकाट लोकसभा में एनडीए के नेताओं ने कार्यकताओं के साथ बैठक की काराकाट प्रखंड के पचायत मुंजी, चिकसिल, काराकाट, मोथा, जयश्री, पंचायत में घूम करके बुथ कमेटी के लोगों को बुलाकर के उपेंद्र कुशवाहा को जीताने को लेकर के संवाद किए तथा मोदी जी के द्वारा किए गए कामों का उल्लेख किया गया। राष्ट्र के लिए समर्पित व्यंजन का विश्वास विदेश में भी भारत के झंडा को बुलंद करने वाले, उग्रवादियों को छक्का छुड़ाने वाले, 56 इंची के सीन वाले मोदी जी को पुनः प्रधानमंत्री बनने के लिए तथा भारत वर्ष को विश्व गुरु बनाने के लिए फिर से मोदी सरकार 400 पार के संकल्प को पूरा करने के लिए, जन-जन का विश्वास हासिल करने के लिए, संपर्क अभियान चलाया गया। जिसमें मौके पर भारतीय जनता पार्टी काराकाट मंडल अध्यक्ष ललित मोहन सिंह, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष दिनेश चंद्रवंशी, मुंजी पंचायत अध्यक्ष बच्चा सिंह, राष्ट्रीय लोक मोर्चा भाजपा नेता जनार्दन सिंह सहित कई शामिल थे।

## शॉर्ट सर्किट से मैगरा बाजार के सात दुकान जलकर हुआ राख

प्रात : किरण संवाददाता



गया ।डुमरिया प्रखंड के मैगरा थाना क्षेत्र का मैगरा बाजार में रविवार को रात्रि 2:00 बजे फर्नीचर दुकान,कपड़ा दुकान, किताब दुकान में आग लग जाने के कारण सारा सामान जल का राख हो गई आग के चपेट में आने से अगल-बगल किताब दुकान कपड़ा दुकान चप्पल दुकान का सारा सामान जल का राख हो गया आग लगने के बाद शोर सुनकर पहुंचे आसपास पड़ोस के लोगों ने पानी डालकर किसी प्रकार आग पर काबू करने का प्रयास किया लेकिन बचाव नहीं हो सका कुछ लोगों ने फायर ब्रिगेड को 2:10 मिनट पर फोन कर सूचना दिया लेकिन फायर ब्रिगेड का टीम 3:00 बजे पहुंचा उसके बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक दुकान का सारा सामान जल का राख हो चुका था फर्नीचर दुकान के मालिक नगहरी निवासी दीपक शर्मा पिता सीताराम मिस्त्री ने बताया कि रात्रि 2:00 बजे मैगरा से कोई लड़का फोन कर बताया कि आपका दुकान में आग लग गया है जिससे सामान जल का राख हो गया, दुकान में रखा शादी विवाह के लिए पलंग 4 सेट, 8 से 10 सेट खिड़की,जनरेटर, रंदा मशीन,चौकी 3, 7पीस कुर्सी,46 पिस पटरा,चौखट, समेत 10 से 12 लाख का नुकसान हुआ है चप्पल दुकान के मलिक मोहम्मद राजा ने बताया कि मेरे दुकान में चप्पल जूता लगभग 3 लाख के बीच जल का राख हो गया, कपड़ा दुकान का मालिक मदन साव ने बताया कि हमारा दुकान में रोहित,राजा,चुनचुन का कपड़ा, साड़ी ,शर्ट पैंट,जींस लगभग 10 से 12 लाख का रखा हुआ था जो जल कर राख हो गया सूचना पाने के बाद समाजसेवी पवन चंद्रवंशी प्रमुख प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह, सरपंच पति अखोरी पिंकू ने घटनास्थल पर जाकर जायजा लिया घटना शॉर्ट सर्किट से हुआ है इससे लगभग 30 से 40 लाख का नुकसान हुआ। पवन चंद्रवंशी ने बताया की अगर डुमरिया में फायर ब्रिगेड का टीम रहती तो सामान इतना नहीं जलता इसमें बिजली विभाग के लापरवाही बहुत है बिजली विभाग के जेई फोन पर सूचना देने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं करते हैं उनका काम है सिर्फ उगाही करना,बिजली विभाग के लापरवाही के कारण हमेशा घटना घटती रहती है,कभी जानवर मर जाति है,कभी इंसान के जान चल जाति है।

## अधिक मजदूर लगाकर सफाई कार्य जल्द कराएं : नगर आयुक्त

गया। बरसात के मोसम को ध्यान में रखते हुए गया नगर निगम द्वारा गया नगर निगम क्षेत्र के नाला,नाली की 2024 की सफाई मिशन मोड में प्रारंभ कराई गई है। इस क्रम में आज दिनांक 29 को अभिलाषा शर्मा नगर आयुक्त गया नगर निगम द्वारा गया नगर निगम क्षेत्र में किए जा रहे नाला,नाली सफाई का स्थल निरीक्षण किया गया है। गया नगर निगम क्षेत्र में बड़े नालों एवं वार्ड के मध्यम एवं छोटे नालियों की सफाई युद्ध स्तर पार्क प्रारंभ कराई गई है। बड़े नालों बॉटम, नदरागंज, इकबाल नगर , मनसर्वा नालों इत्यादि।में सफाई कार्य चल रहा है। इकबाल नगर एवं बॉटम नाला में निरीक्षण के दौरान निर्देश दिया गया की और अधिक मजदूर लगाकर सफाई कार्य जल्द सफाई कराएं एवं जिस नाला में जहां पर मशीन से सफाई हो सकता है वहां मशीन से सफाई कराना सुनिश्चित करें। डिसिल्टिंग मशीन, अन्य मशीन से नाला एवं भूगर्भ नाला की सफाई कराई जा रही है। इस निरीक्षण के क्रम में क्रेन स्कूल नाला, अलीगंज नाला, अनुग्रह कॉलेज के पास नाला, कन्या पाठशाला रोड नाली, वार्ड नं 14, 20 के नालियों का भी निरीक्षण किया गया है। आगे यह भी निर्देश दिया गया की और अधिक मजदूर लगाकर जल्द से जल्द सफाई का कार्य समाप्त करें। बॉटम नाला में कम मजदूर लगाने पर संबंधित जमादार को हटाकर दूसरे को कार्य सौंपने का निर्देश दिया गया है। सहायक लोक स्वच्छता पदाधिकारी को निर्देश दिया गया।



# विजय की फिल्म व्हिसल पोडु पर आया बड़ा अपडेट

साउथ सुपरस्टार विजय इन दिनों अपनी आगामी फिल्म गोट- ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। यह फिल्म इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म का क्रेज दर्शकों के बीच अभी से छाया हुआ है। हाल ही में फिल्म का पहला गाना व्हिसल पोडु रिलीज हुआ था, जिसे फैंस ने खूब पसंद किया। वहीं अब फिल्म के निर्माता इसका दूसरा गाना रिलीज करने की तैयारी में हैं, जिसे लेकर दिलचस्प जानकारी सामने आई है।
फिल्म के दूसरे गाने को लेकर फैंस के बीच काफी उत्साह है। वे इसके दूसरे सिंगल के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। दूसरे गाने के बारे में बात करते हुए निर्देशकों ने अब पुष्टि की है कि दूसरा एकल जून में रिलीज किया जाएगा। वहीं बात करें पहले गाने की तो कुछ दिन पहले निर्माताओं ने पहला सिंगल व्हिसल पोडु लॉन्च किया था। इस गाने को विजय ने खुद गाया था, जिसे युवान शंकर राजा ने कंपोज किया था। गाने में विजय, प्रशांत, प्रभुदेवा और अजमल अमीर के डांस मूव्स देखने को मिले थे।
इसके साथ ही वेंकट प्रभु ने फिल्म के टीजर और ट्रेलर के बारे में भी बात की। दरअसल, वेंकट प्रभु ने आज सुबह ट्विटर पर नेटिजन्स के साथ बातचीत की और इस दौरान विजय के प्रशंसकों ने कई अनुरोध किए। एक प्रशंसक ने वेंकट प्रभु से या तो एक झलक या एक टीजर जारी करने के लिए कहा, जिस पर निर्देशक ने कहा कि अभी कुछ भी जारी करना जल्दबाजी होगी। कहा जा रहा है कि गोट के एल्बम में सभी प्रमुख पात्रों के लिए कई लघु थीम गीतों के साथ चार गाने शामिल होंगे। रिपोर्ट्स के अनुसार, युवान ने विजय की भूमिका के लिए एक सिग्नेचर थीम सॉन्ग बनाया है, जो प्रतिष्ठित मनकथा थीम की तर्ज पर है। यह फिल्म वेंकट प्रभु द्वारा लिखित और निर्देशित है। इस फिल्म के जरिए वेंकट प्रभु और विजय पहली बार साथ काम कर रहे हैं। गोट विजय की 68वीं फिल्म है। इसे एजीएस एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन बैनर द्वारा नियंत्रित किया गया है। कहा जा रहा है कि यह एक एक्शन-आधारित विज्ञान-फाई फिल्म होगी। इस फिल्म में विजय के अलावा माइक मोहन, प्रशांत, प्रभु देवा, स्नेहा, लैला, जयराम, मीनाक्षी चौधरी और योगी बाबू जैसे कलाकारों की टोली भी शामिल है। फिल्म में वेंकट प्रभु के भाई प्रेमगी, वैभव, अरविंद आकाश और अजय राज जैसे उनके निरंतर सहयोगी भी हैं। यह फिल्म पांच सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# मैं आज जहां हूं सिर्फ और सिर्फ अपनी मेहनत के बदौलत हूं

तापसी पन्नू आज बॉलीवुड में किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। फिल्म इंडस्ट्री को एक से बढ़कर एक हिट फिल्म देने वाली तापसी के लिए यह सफर बिल्कुल भी आसान नहीं था। पिछले दिनों एक इंटरव्यू के दौरान अभिनेत्री अपने संघर्ष के दिनों को याद करती नजर आईं। साथ ही साथ उन्होंने बॉलीवुड के पैपराजी कल्चर पर भी अपनी बात को बेबाकी से रखा।
आखिरी बार तापसी पन्नू शाहरुख खान के साथ उनकी फिल्म डंकी में नजर आई थीं। दर्शकों को इस फिल्म में उनका किरदार काफी पसंद भी आया था। तापसी बॉलीवुड में अलग किस्म की भूमिकाएं निभाने के लिए मशहूर हैं। तापसी कहती हैं, मैंने अपने करियर के शुरुआत से ही अलग-अलग किस्म की भूमिकाओं को चुना है। तापसी पन्नू अपनी बात जारी रखते हुए कहती हैं, मैंने फिल्म बेबी और नाम शबाना जैसी फिल्मों के एक्शन किया है। वहीं मैंने सांढ़ की आंख और मनमर्जियां जैसी फिल्में भी की हैं। मुझे अलग-अलग किरदार निभाने में काफी मजा आता है।
हसीन दिलरुबा स्टार तापसी पन्नू कहती हैं, आज मैं जहां हूं वहां पहुंचने के लिए मैंने काफी मेहनत की है। यह सफलता मुझे यूं ही नहीं मिल गई है। अब मैं जहां हूं वहां से मैं आराम से अपने करियर के साथ निजी जिंदगी पर भी ध्यान दे सकती हूं। करियर के साथ जिंदगी में संतुलन रहे यह भी जरुरी है। तापसी पन्नू अपनी निजी जिंदगी के बारे में सोशल मीडिया पर निजता बरतती हैं। वे अपनी जिंदगी से जुड़ी बातों को सबके साथ साझा करने में विश्वास नहीं करती हैं। वहीं बॉलीवुड में पैपराजी कल्चर के बारे में बात करते हुए कहती हैं, पैपराजी को कलाकारों की निजता का सम्मान करना चाहिए। उनकी भी एक जिंदगी है जो उनकी पब्लिक लाइफ से अलग होती है। कई बार पैपराजी इसे नहीं समझते हैं। तापसी पन्नू के वर्क फ्रंट की बात करें तो तापसी साल 2023 में डंकी फिल्म में नजर आई थीं। वहीं मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो आने वाले दिनों में अभिनेत्री वो लड़की है कहां, खेल-खेल में और फिर आई हसीन दिलरुबा जैसी फिल्मों में नजर आने वाली हैं।




# तय हुई अक्षय-तापसी की फिल्म खेल खेल में की रिलीज डेट?

अक्षय कुमार और तापसी पन्नू एक कॉमेडी फिल्म खेल खेल में के लिए साथ आ रहे हैं। फिल्म खेल खेल में की शूटिंग पिछले साल अक्तूबर में शुरू हुई थी। कुछ दिन पहले ऐसी खबरें आई थीं कि मुख्य कलाकारों ने शूटिंग पूरी कर ली है। अब खबर है कि फिल्म की रिलीज डेट लॉक कर दी गई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म की रिलीज की तारीख 6 सितंबर, 2024 तय की गई है। खेल खेल में फिल्म का निर्देशन मुदस्सर अजीज ने किया है।



# दीपिका को मिली कल्कि 2898 एडी के प्रमोशन की जिम्मेदारी

इस साल की बहुप्रतिक्षित फिल्म कल्कि 2898 एडी अब रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म निर्मात इसकी रिलीज की तारीख की भी घोषणा कर चुके हैं। फिल्म 27 जून, 2024 को रिलीज होगी। इस एलान के बाद से फिल्म से जुड़े लोगों के साथ-साथ दर्शकों का उत्साह भी चरम पर है। अब जैसे-जैसे 27 तारीख पास आती जाएगी, वैसे-वैसे फिल्म का प्रचार जोर पकड़ता जाएगा। कल्कि 2898 एडी के प्रमोशन को लेकर इस तरह की अफवाह फैल रही है कि दीपिका पादुकोण भी फिल्म का प्रचार करेंगी। फिल्म निर्माताओं ने उन्हें प्रचार के लिए कुछ दिन सौंपे हैं। चर्चा इस बात की भी है कि फिल्म निर्माताओं ने कल्कि 2898 एडी के हिंदी संस्करण के प्रचार के लिए अलग से योजना बनाई है। इसके लिए मुंबई में प्रचार किया जाएगा, जो जल्द ही शुरू होने वाला है।
सभी जानते हैं कि अभिनेत्री दीपिका पादुकोण प्रेग्नेंट हैं। उन्होंने अपने पति रणवीर सिंह के साथ सोशल मीडिया हैंडल पर इस बात की जानकारी दी थी। वह सितंबर 2024 में मां बनेंगी। ऐसे में सवाल उठता है कि अगर उन्हें फिल्म के प्रमोशन की जिम्मेदारी दी गई है तो यह कैसे संभव होगा। दरअसल, अफवाह इस बात की भी उड़ रही है कि दीपिका पादुकोण कल्कि के प्रचार के लिए यात्राएं नहीं करेंगी। घूम-घूमकर प्रचार करने के बजाय वह फिल्म से जुड़े लोगों को ही साक्षात्कार देंगी।



# धनुष और रश्मिका मंदाना ने मुंबई में की कुबेर की शूटिंग

धनुष और रश्मिका मंदाना मुंबई में अपनी आने वाली फिल्म कुबेर की शूटिंग कर रहे हैं। दोनों का अपने-अपने कॉस्ट्यूम में शूटिंग स्थल की ओर जाते हुए एक वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। रश्मिका मंदाना ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक पैक-अप शॉट साझा किया। कुबेर शेखर कम्मुला द्वारा निर्देशित एक बहुभाषी फिल्म है। पैन-इंडिया फिल्म 8 मार्च को फर्स्ट-लुक पोस्टर रिलीज के साथ लॉन्च की गई थी। अब शूटिंग तेजी से चल रही है। यह धनुष की 51वीं फिल्म है। एक पैपराजी पेज ने इंस्टाग्राम पर फिल्म की शूटिंग स्थल से धनुष और रश्मिका मंदाना का एक वीडियो साझा किया। वीडियो में रश्मिका सिंपल चूड़ीदार सेट पहने नजर आईं, जबकि धनुष ने स्टाइलिश सूट पहना था। रश्मिका मंदाना ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर फिल्म के सेट से चंद्रमा की एक तस्वीर साझा की। उन्होंने लिखा, एंड इट्स पैक अप। कुबेरा। कुबेर एक अखिल भारतीय फिल्म है जिसमें धनुष, नागार्जुन अक्किनेनी, रश्मिका मंदाना और जिम सर्भ मुख्य भूमिका में हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म में नागार्जुन एक पुलिस ऑफिसर का किरदार निभा सकते हैं। शेखर कम्मुला-धनुष का पहला सहयोग सुनील नारंग और पुष्कुर राम मोहन राव द्वारा निर्मित कुबेर में संगीत देवी श्री प्रसाद ने दिया है और सिनेमैटोग्राफी निकेथ बोम्मी ने की है।

# एक्टर या डायरेक्टर के आधार पर फिल्म की सफलता की गारंटी नहीं दी जा सकती

पॉपुलर एक्टर-म्यूजिशियन दिलजीत दोसांझ ने इस बात पर जोर दिया कि स्टार के आधार पर फिल्म या गाने की सफलता की गारंटी नहीं दी जा सकती। हाल ही में रिलीज हुई ब्लॉकबस्टर चमकीला और चार्टबस्टर हिट गाने देने वाले दिलजीत से सवाल किया गया कि क्या उन्हें लगता है कि यह उनका गोल्डन पीरियड चल रहा है क्योंकि वह जो कुछ भी करते हैं, हिट हो जाता है।
इसका जवाब देते हुए दिलजीत ने कहा, कोई भी यह गारंटी नहीं दे सकता कि किसी की फिल्म या गाना निश्चित रूप से हिट होगा। यह भगवान की कृपा है। कोई भी एक्टर या डायरेक्टर यह नहीं कह सकता कि मैं हूं इसलिए फिल्म हिट है। ऐसा कुछ भी नहीं है, यह सब भगवान की वजह से है। उन्होंने कहा, मैं ऐसा ही सोचता हूं। कभी-कभी लोग कहते हैं कि दर्शक इसे पसंद करेंगे, लेकिन मुझे लगता है कि मैं खुद भी दर्शक हूं। अगर मुझे यह पसंद है, तो दर्शक भी इसे पसंद करेंगे। मैं फिल्मों और गानों को हमेशा दर्शकों के नजरिए से देखता हूं। दिलजीत की सोच उनके दर्शकों के साथ काफी मेल खाती है। मुझे लगता है कि जो सवाल उनके मन में है वही मेरे मन में भी है। मैंने कभी खुद को अलग महसूस नहीं किया...कि दर्शक कोई और है और मैं कोई और हूं।





# उम्र के कारण नहीं किया भगत सिंह का रोल, तो थ्री इडियट्स में क्यों निभाया जवान लड़के का किरदार?

आमिर ने उम्र का हवाला देते हुए भगत सिंह का रोल निभाने से मना कर दिया था, लेकिन हम जानते हैं उन्होंने थ्री इडियट्स में एक 18 साल के लड़के का किरदार निभाया है। तब उनकी उम्र 40 से ज्यादा थी। द ग्रेट इंडियन कपिल शो में उन्होंने इसकी वजह साझा की है। सुपरस्टार आमिर खान ने द ग्रेट इंडियन कपिल शो के ताजा एपिसोड में अपने करियर से जुड़ी कई दिलचस्प बातें साझा की है। सभी जानते हैं कि आमिर अपने फिल्मी करियर में बेहद अलग-अलग किस्म के किरदार अदा कर चुके हैं। कपिल शर्मा के शो में उन्होंने अपने द्वारा निभाए गए सबसे अहम किरदार को लेकर बात की है।

## इसलिए किया था भगत सिंह का किरदार निभाने से मना

कपिल शर्मा ने आमिर खान से बातचीत करते हुए पूछा कि उन्होंने शहीद भगत सिंह का किरदार निभाने से मना क्यों कर दिया था। इसके जवाब में आमिर खान ने कहा कि भगत सिंह जी एक ऐसिहासिक शख्सियत हैं और वह हमारे लिए बहुत ही महत्वपूर्ण शख्स है। उन्होंने 23 साल की उम्र में जो कुछ किया है, वह हम सोच भी नहीं सकते हैं। आमिर ने कहा कि भगत सिंह की खूबसूरती यह है कि एक 22-23 साल का नौजवान कठघरे में खड़ा होकर, जिसकी अभी मूंछें मुड़ना शुरू हुई है, वह इतनी बड़ी बातें कह रहा हैं। अगर मैं इस किरदार को निभाता तो मजा नहीं आता। उस वक्त मेरी उम्र 40 के आस-पास थी।

## थ्री इडियट्स में निभाया 18 साल के लड़के का रोल

आमिर खान ने उम्र का हवाला देते हुए भगत सिंह का किरदार निभाने से तो मना कर दिया, लेकिन हम जानते हैं उन्होंने थ्री इडियट्स फिल्म में एक 18 साल के लड़के का किरदार निभाया है। तब उनकी उम्र 40 से ज्यादा थी। कपिल के शो में इसके पीछे की वजह बताते हुए आमिर खान ने कहा कि वह इस फिल्म को भी नहीं करने वाले थे। उन्हें लग रहा था कि लोग उन पर हंसेंगे, क्योंकि उनकी उम्र 44 साल थी और उन्हें 18 साल के लड़के का किरदार निभाना था। आमिर ने आगे बताया कि उन्होंने राजकुमार हिरानी से तीन जवान अभिनेताओं को लेने के लिए कहा था, लेकिन हिरानी ने उनकी सुनी ही नहीं और उनके पीछे पड़ गए।

## राजू ने ऐसा क्या कहा कि मान गए आमिर खान

आमिर खान ने आगे बताया कि थ्री इडियट्स में उनका एक डायलॉग है- सक्सेस के पीछे मत भागो, एक्सीलेंस का पीछा करो, सक्सेस झक मारके तुम्हारे पीछे आएगी। उन्होंने कहा कि इस फिल्म के पीछे हिरानी की मुख्य सोच यही थी। उस दौरान राजू ने उनसे कहा था कि तुमने कई ऐसी फिल्में की हैं जो कभी हिट नहीं हो सकती थीं। तो फिर उन फिल्मों में काम क्यों किया? उन फिल्मों में तुमने यह सोचकर काम नहीं किया कि तुम्हें सफलता मिलेगी। यह तो तुम्हारा जुनून था। इसलिए तुमने वे फिल्में की और सफलता तुम्हारे पीछे-पीछे आ गई। तुम्हारा पूरा फिल्मी करियर इसी बारे में रहा है और अगर तुम डायलॉग बोलोगे तो लोग इस पर यकीन करेंगे।



# आर के सिंह ने शाहपुर,बिहिया प्रखंड के एनडीए कार्यकर्ता बैठक को किया संबोधित

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री सह आरा लोकसभा एनडीए भाजपा प्रत्याशी आर के सिंह शाहपुर और बिहिया प्रखंड के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के कार्यकर्ताओ के साथ बैठक किए। उक्त दोनो बैठक मे एनडीए घटक दलो के नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रमुख नेताओ मे पूर्व मंत्री जदयू नेता जयकुमार सिंह,श्रीभगवान सिंह कुशवाहा, पूर्व विधायक मुनी देवी,जदयू जिलाध्यक्ष संजय सिंह,लोजपा (रामविलास) जिलाध्यक्ष राजेश्वर पासवान, भाजपा लोकसभा प्रभारी जितेन्द्र पांडेय,राकेश ओझा,जिला पार्षद गंगाधर पांडेय,टीएन ठाकुर,अरविन्द पांडेय,मधु मिश्रा, सतीश भट्ट सहित अन्य नेतागण थे। शाहपुर बैठक की अध्यक्षता भाजपी शाहपुर नगर मंडल अध्यक्ष अंकित पांडेय और संचालन भाजपा जिला महामंत्री नरेन्द्र तिवारी ने किया। बिहिया एनडीए कार्यकर्ता बैठक की अध्यक्षता भाजपा बिहिया नगर मंडल अध्यक्ष अजीत कुमार और संचालन अनिल गुप्ता ने किया। केन्द्रीय मंत्री सह एनडीए प्रत्याशी आर के सिंह कार्यकताओ को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश बहुत तेजी से प्रगति कर रहा है।विश्व मे सबसे तेजी से प्रगति करने वाला देश भारत है। आज विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और 2047 तक हम दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएँगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे देश मे सभी क्षेत्रो मे विकास हुआ। महिला,युवा,किसान और गरीब सभी वर्गो का विकास जितना इस सरकार मे हुआ, उससे पहले कभी नही हुआ। हम पहले बिजली मे दूसरे देशो पर निर्भर रहते थे और आज देश ऊर्जा मे आत्मनिर्भर बन रहा है। जहाँ 2014 मे 1लाख 20 हजार मेगावाट बिजली की खपत थी,आज दो लाख पैतालीस हजार मेगावाट हो गया है।जहाँ पहले औसतन देश मे 4-5घंटे बिजली रहती थी,आज देश मे 21 घंटे बिजली उपलब्ध रहती है।

# मासूम बच्चे के रोने की आवाज सुन राहगीरों ने दी पुलिस को सूचना

प्रातः किरण संवाददाता

भागलपुर। इन दिनों जिले भर के कई हिस्से में मानवत्ता को शर्मशार कर देने वाली घटना लगातार सामने आती रही है। इसी कड़ी में एक और घटना भागलपुर व नवगछिया पुलिस जिला मार्ग के विक्रमशिला सेतु पर एक नवजात शिशु के रोने की आवाज आने जाने वाले राहगीरों को सुनाई दे रही थी। जिसके बाद राहगीरों ने इस मामले की जानकारी हाईलेवूल स्तिथ टीओपी थाना पुलिस को दी। इसके बाद गस्ती कर रहे

पुलिस कर्मियों ने सूचना मिलते ही फौरन मौके पर पहुंच आसपास की जांच करने के साथ ही मासूम नवजात शिशु को रेस्क्यू कर आनन फानन में त्वरित इलाज हेतू जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल के इमरजेंसी शिशु विभाग



में भर्ती कराया गया है। जहां फिलहाल चिकिसक के मुताबिक बच्चा स्वस्थ बताया जा रहा है। वही घटना को लेकर बताया जा रहा है कि विक्रमशिला सेतु पर थैले के अंदर कार्टून में भर कर किसी ने नवजात को रख दिया था। वही इस बच्चे से संबंधित कोई भी सटीक जानकारी नहीं मिल पाई है। वही घटना की जानकारी यातायात करने वाले राहगीरों ने पुलिस को दी गई थी। जिसकी सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मासूम को रेकसू कर अस्पताल तक पहुंचाया और इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल नवजात का इलाज अस्पताल के शिशु विभाग में चल रहा है।

डॉक्टर के मुताबिक बच्चा स्वस्थ व तंदरुस्त है। लेकिन चिकिसक के मुताबिक बताया जा रहा है कि बच्चा महज 15 दिन का है आशंका जताया जा रहा है कि प्रेमी जोड़ों का यह काम होगा, जिनके द्वारा नवजात मासूम को इस झुलसा देने वाली भीषण गर्मी में विक्रमशिला सेतु पर रख भाग लिया है। वही पुलिस के मुताबिक पुल के पाया नंबर 32 के समीप बच्चा पड़ा हुआ मिला था। वही दूसरी तरफ प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक एक कार्टून में डालकर किसी ने मासूम बच्चे को सुनसान जगह पा कर रखकर चला गया है, हालांकि मामले को लेकर पुलिस आसपास के क्षेत्र में जांच करने के साथ पूछताछ में जुट गई है।

वही सोशल मीडिया पर पुलिस ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि विक्रमशिला सेतु पर कहरारते हुए एक नवजात बच्चा मिला जिसके संबंध में राहगीरों ने त्वरित टीओपी थाना पुलिस पदाधिकारी को पूरी जानकारी दी। वही पुलिस पदाधिकारी व अन्य बलों द्वारा आनन फानन में मौके पर पहुंची और पुलिस जवानों ने बच्चे को रेक्सू कर त्वरित इलाज के लिए उसे मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां चिकिसक के निगरानी में इलाज जारी है, फिलहाल बच्चा स्वस्थ है अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाई है कि बच्चा किसने यहां पर रखा है। वही मामले को लेकर क्षेत्र इलाके में गहन जांच की जा रही हैं।

# स्कॉर्पियो और ऑटो के बीच हुई सीधी जबरदस्त टक्कर

प्रातः किरण संवाददाता

भागलपुर। जिले भर में सड़क दुर्घटनाओं का दौर लगातार जारी है तो वही इन हादसों में आकर कई लोगों की मौत की गाल समा चुके हैं। इसी कड़ी में एक और भीषण सड़क दुर्घटना घटित होने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक भागलपुर और बांका बॉर्डर के बीच सोल मार्केट के समीप मुख्य सड़क मार्ग पर स्कॉर्पियो और यात्रियों से भरी ऑटो के बीच सीधी टक्कर हो गई है। वही इस घटना में करीब आधा दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से जख्मी व घायल हो गये है। वही घटना की जानकारी मिलने के बाद आसपास के स्थानीय लोग व राहगीरों के मदद से सभी घायलों को त्वरित इलाज के लिए आनन फानन में स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां मौजूद चिकिसक द्वारा सभी घायलों का इलाज



किया जा रहा है। वही हादसे के बाद तेज रफ्तार से स्कार्पियो लेकर चालक मौके से फरार होने में सफल रहा है। वही इस भीषण टक्कर में ऑटो वाहन का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। वही दूसरी तरफ स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी स्थानीय जगदीशपुर थाना पुलिस को दी। वही मौके पर पहुंची पुलिस ने ऑटो को जप्त कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। वही घटना को लेकर बताया जा रहा है कि ऑटो पर सवार होकर आधा दर्जन से अधिक लोग सनहौला से धोरया के तरफ जा रहे थे। तभी धोरैया के तरफ से आ रहे तेज रफ्तार स्कार्पियो चालक ने ऑटो रिक्शा को सीधी टक्कर मार दी। वही हादसे के बाद स्कॉर्पियो को लेकर चालक मौके से फरार होने में सफल रहा है। घटना के संबंध में ऑटो पर सवार घायल सिंटू ने बताया कि मार्केट दवाई लेने गए हुए थे। वापस लौटने के दौरान तेज रफ्तार स्कार्पियो ने सामने से टक्कर मार दी। घटना में ऑटो पर सवार करीब आधा दर्जन से अधिक लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए है। जिसमें महिला समेत बच्चे भी शामिल है। सभी घायल को स्थानीय लोगों के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां पर उनका इलाज जारी है। इधर घटना की जानकारी पुलिस की मदद से घायल लोगों के परिजनों को दे दी गई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने ऑटो को जप्त कर अज्ञात स्कार्पियो चालक से संबंधित जानकारी प्राप्त करने की दिशा में कार्रवाई की कवायद में जुट गई है।

# बिहार में दो रेडी मिक्स कॉन्क्रीट प्लांट्स की स्थापना

## नौकरियों के 4000 प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष अवसर किए उत्पन्न

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। श्री सीमेंट औरंगाबाद में सीमेंट ग्राइंडिंग युनिट्स में 1100 करोड़ से अधिक रुपए का निवेश और बांका जिले में 42 मेगावाट सोलर प्लांट के साथ कंपनी सोलर क्षमता बढ़ाने पर ध्यान केन्द्रित कर रही है और उत्तरी बिहार में नए सीमेंट प्लांट की स्थापना के साथ राज्य में अपनी मौजूदगी को सशक्त बनाने के लिए प्रयासरत है। निवेश के चलते बिहार में नौकरियों के अवसर उत्पन्न हुए हैं। 1150 से अधिक प्रत्यक्ष कर्मचारियों और अनुबंध कर्मचारियों तथा अतिरिक्त 3000 अप्रत्यक्ष लाभार्थियों के साथ कंपनी राज्य के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रही है। उक्त बातें मनोज कुमार श्रीवास्तव, जॉइंट प्रेजीडेन्ट श्री सीमेंट एवं मैनुफैक्चरिंग हैड (ईस्ट) ने कहा। उन्होंने



कहा कि इसके अलावा कंपनी ने अगले 3 सालों में 100 बांगुर कंक्रीट प्लांट स्थापित करने की योजना बनाई है, जिसमें 2 प्लांट बिहार में स्थापित किए जाएंगे। ये प्लांट देश भर में नौकरियों के 3000 प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष अवसर उत्पन्न करेंगे। वहीं विभिन्न सेगमेन्ट्स के उपभोक्ताओं को सेंवाएं प्रदान करने के लिए 50 शहरों में आरएमसी प्लांट्स का संचालन करेगी। कंपनी ने 56.4 एमटीपीए की मौजूदा क्षमता को 2028 तक 80 एमटीपीए तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है और वित्तीय वर्ष 25 तक पांच नए प्लांट शुरू करने की योजनाए बनाई हैं।

# जेईई मेंस परीक्षा में 95 प्रतिशत लाकर भागलपुर के एक लाल ने किया कमाल

प्रातः किरण संवाददाता

भागलपुर। इशाकचक परिक्षेत्र के लालुचक अंगारी भट्टा रोड स्तिथ एक किराए के मकान पर रह रहे एक छात्र ने ज्वाइंट एंट्रेस एग्जामिनेशन (जेईई) की मेंस परीक्षा परिणाम में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कमाल कर दिया है। परीक्षा के परिणाम घोषित होने के साथ ही छात्र के परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई है। छात्र मूल रूप से मुंगेर जिले के हवेली खड़कपुर क्षेत्र अंतर्गत रठैता पंचायत गांव के रहने वाले ग्रामीण शैलेश पाठक के 17 वर्षीय पुत्र आर्यन कुमार बताया जा रहा है। विगत 25 अप्रैल को जेईई ने अपने हजारों अभ्यर्थी छात्राओं का रिजल्ट जारी किया था। जिसमें छात्र आर्यन ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्तकर पूरे देश में



अव्वल नम्बर लाकर अपनी पहचान सफलता के शिखर पर दर्ज कर दिया है। जिसे लेकर स्वजनों व परिवार के लोगों में काफी हर्षित का माहौल दिख रहा है।

आर्यन ने जेईई मेंस परीक्षा में 95 प्रतिशत अंक ला कर अपने राज्य स्तर पर ही नहीं बल्कि भागलपुर जिला का नाम रौशन किया है। वही इस सफलता को लेकर छात्र आर्यन ने बताया कि अपने लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में अब वह जेई एडवांस की तैयारी में जुट गया है। उनके सफलता को लेकर परिवार के लोगों ने बताया कि आर्यन बचपन से ही अपनी पढ़ाई में काफी अच्छा रहा है उसका शौख रहा है कि वह टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में कंप्यूटर इंजीनियर बनना चाहता है। जिसको लेकर वह काफी समय से कड़ी मेहनत के साथ तैयारी कर रहा था। वही छात्र आर्यन के पिता उड़ीसा में बिजनेस करते हैं, और वह अपनी मां और बहन के साथ किराये के मकान में रहकर अपनी पढ़ाई करता था। बेटे की सफलता को लेकर मां रूपम पाठक ने बताया कि बचपन से ही आर्यन का पढ़ाई करने में काफी शौक था, जो बेटे आर्यन ने अपनी 15 से 16 घंटे की कड़ी मेहनत के परिणाम के तौर पर उनका सपना पूरा होते हुए दिख रहा है, हालांकि उसकी बहन आकांक्षा झा ने भी पढ़ाई में उसे काफी सहयोग किया है। आर्यन के परीक्षा में पूरे देश व राज्य में अव्वल आने से उनके परिवार में काफी उत्साह का माहौल बना दिख रहा है। सभी परिवार वाले उसे बधाई देने घर पर आ रहे हैं। मां की खुशियों का ठिकाना ही नहीं दिख रहा था, जब प्रातः किरण की टीम उनके घर पहुंचे तो उनके परिवार वालों ने मिठाई खिलाकर आर्यन के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान आर्यन ने बताया कि संस्थान की तरफ से भी उसे काफी सहयोग मिला है, अब वह जेईई एडवांस्ड की परीक्षा को लेकर तैयारी कर रहा है। साथ ही उसने बताया कि आईआईटी में जाकर एक अच्छा कंप्यूटर इंजीनियर बनना ही उसका सपना है।

## अपर पुलिस अधीक्षक नगर के नेतृत्व में एक विशेष टीम का किया गया गठन

गया।वरीय पुलिस अधीक्षक, गया के द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक नगर, गया, थानाध्यक्ष, सिविल लाइन थाना एवं अन्य पुलिस बल के साथ सिविल लाइन थाना कांड संख्या-218/24,28 घटनास्थल का गहन निरीक्षण किया गया है।

वरीय पुलिस अधीक्षक, गया के द्वारा इस मामले को काफी गंभीरता से लिया गया है और इस घटना को करने में शामिल अभियुक्तों की गिरफ़्तारी हेतु अपर पुलिस अधीक्षक नगर, गया के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिसमे थानाध्यक्ष सिविल लाइन थाना, सिविल लाइन थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी तथा तकनिकी शाखा, गया के पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी को शामिल किया गया है।

# सभी प्रखंड में जिलाधिकारी के निर्देश पर शुद्ध पेयजल हेतु प्याऊ की व्यवस्था की गई

गया।भीषण गर्मी तथा कड़ी धूप से आम जनमानस को राहत देने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी डॉ० त्यागराजन एस०एम० ने जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को अपने प्रखंड के सभी पंचायतों के भीड़ भाड़ वाले क्षेत्रों, बाजार एरिया में शुद्ध पेयजल व्यवस्था कराने हेतु निर्देशित किया गया था।जिले के चौबीसों प्रखंड के लगभग सभी पंचायतों में ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता और पोषण समिति के मद वीएचएसएनसी जो संबंधित वार्ड सदस्य एवं स्वास्थ्य विभाग के एएनएम इस मद के सदस्य होते हैं। संयुक्त बैंक खाते में राशि है, उसी राशि से अपने पंचायत के सार्वजनिक स्थानों, भीड़भाड़ वाले स्थानों, बस स्टैंड, हाट बाजार,



प्रमुख चौराहों पर आम जनों को इस भीषण गर्मी से थोड़ी राहत देने के लिए उन स्थानों पर शुद्ध पेयजल हेतु प्याऊ की व्यवस्था की गई है, जिससे राहगीर शुद्ध ठंडा पेजल को पी कर अपने मन को तृप्त कर सके। जिससे राहगीर को गर्मी से थोड़ी राहत मिल सके। गर्मी के मौसम में लोगों को शीतल पानी पीने के लिए मिले, इसके लिए मटका में पानी रखा गया है। सभी पंचायतों में इसकी सुविधा लोगों के बीच बेहतर हो, इसलिए स्थानीय लोगों की देखरेख में लगाया गया है। जिससे जो भी राहगीर पानी पीने के लिए पहुंचे तो उन्हें शुद्ध ठंडा पेयजल मिल सके। यह व्यवस्था पूरे गर्मी के मौसम तक दिया जाएगा।बाकेबाजर प्रखंड के सभी 11 पंचायतों में प्याऊ लगवाया जा चुका है।गुरारू प्रखंड के सभी 12 पंचायतों में प्याऊ लगवाया जा चुका है। अतिरिक्त अन्य स्थानों पर लगवाने के कार्य किया जा रहा है। इसी प्रकार खिजर सराय, नीमचक बथानी, शेरघाटी, फतेहपुर, टनकुप्पा, नगर, टेकारी, परैया, कोच, बेला, वाजिरगंज सहित अन्य प्रखंडों के पंचायतों में सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ की व्यवस्था की गई है।

# जिला के अब तक 45 बच्चों की सर्जरी कर कानपुर में किया गया कॉकलियर इंप्लाट

प्रातः किरण संवाददाता

गया। जिला में श्रवण श्रुति कार्यक्रम की मदद से 45 बच्चों के कानों की सफल सज़्री की जा चुकी है।इन बच्चों के सर्जरी कर कॉकलियर इंप्लाट किया गया है. अब ये बच्चे अपने मां—बाप आवाजें सुन सकेंगे. सर्जरी के बाद इन बच्चों के माता—पिता के चेहरे पर मुस्कान है. उन्हें अब आशा हैं कि वह अपने बच्चों की बोली सुन सकेंगे। बच्चे अपने मातापिता को प्रतिक्रियाएं दे सकेंगे। श्रवण श्रुति कार्यक्रम की मदद से कानपुर स्थित मेहरोत्रा ईएनटी अस्पताल में इन बच्चों की सर्जरी की गयी. इनमें बोधगया के 8, शेरघाटी के 3, टेकरी 12, बेलागंज 3, खिजर सराय 1, इमामगंज तीन,



मोहनपुर दो, मानपुर एक, परैया एक, बांके बाजार एक, डोभी के 2, मोहरा 2, गुरुआ के 2, और वजीरगंज के एक, गया टाउन के 3 बच्चे शामिल हैं।स्वस्थ्य भविष्य की जिलाधिकारी ने की कामना श्रवण श्रुति कार्यक्रम का अनुश्रवण जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एस एम द्वारा नियमित रूप से सभी संबंधित पदाधिकारियों के साथ समीक्षा करते हैं। साथ ही पहले जितने भी सर्जरी हो चुके हैं उन बच्चों में वर्तमान स्थिति का भी जानकारी लेते हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि श्रवण श्रुति कार्यक्रम की मदद से ऐसे सभी बच्चे जो सही प्रकार से नहीं सुन पाते या पूरी तरह से बहरापन के शिकार है, उनके सर्जरी और इलाज की पूरी व्यवस्था सरकार द्वारा की जायेगी. उन्होंने सर्जरी हुए बच्चों के स्वस्थ्य भविष्य की कामना करते हुए उनके माता—पिता को बच्चों की नियमित थेरेपी की सलाह दी है।

बच्चों के बेहतर खानपान पर भी ध्यान देने के लिए कहा है। जिला पदाधिकारी ने यह भी बताया कि बिगत माह 07 बच्चों का ऑपरेशन किया जा चुका है। आपरेशन के बाद सभी बच्चों को निःशुल्क समुचित स्पीच थेरैपी करवाया जाता है। स्पीच थेरैपी के माध्यम से बच्चो को सुनने एव समझने का प्रशिक्षण दिया जाता है। स्क्रीनिंग की संख्या को बढ़ाने का हो रहा कामः जिला पदाधिकारी ने बताया कि जिला एवं प्रखंड स्तर में कैंप लगाकर बच्चों की स्क्रीनिंग की संख्या को बढ़ाया जा रहा है। अधिक से अधिक ऐसे बच्चों को चिन्हित करने का काम किया जा रहा है जो बहरापन के शिकार हैं।ऐसे बच्चों के मातापिता अपने नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सक से मिलकर इसके बारे में विस्तार से जानकारी ले सकते हैं। इसके साथ ही जयप्रकाश नारायण अस्पताल में बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के समन्व्यक से मिल सकते हैं।

# दंगल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला में मनीष पहलवान एवं अकबरनगर के टीपू पहलवान रहे बराबरी के विजेता

प्रातः किरण संवाददाता

तारापुर। तारापुर प्रखंड के अंतर्गत पड़ने वाले यादव बाहुल्य गांव अफजल नगर खुदिया में राज्य स्तरीय दो दिवसीय दंगल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला सोमवार के शाम प्राथमिक विद्यालय राघोपुर खेल मैदान पर कराया गया। गौरतलब है कि कुश्ती शुरू होने से पहले ही दूर- दूर से आए लोगों की भारी भीड़ कुश्ती देखने के लिए जुट गई। कुश्ती प्रतियोगिता के मौके पर यहां तारापुर जमालपुर मुंगेर बेलहर



एवं सुल्तानगंज विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों से भी पहलवान कुश्ती लड़ने के लिए पहुंचे थे। प्रथम दिन के विजेता पहलवान एवं उपविजेता पहलवान भी फाइनल मुकाबले में भाग लिया। बड़े ही संघर्ष के बाद निर्धारित समय सीमा के भीतर अंतिम समय में दंगल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला सुल्तानगंज मिरझी के मनीष पहलवान एवं अकबरनगर के टीपू पहलवान ने दो मौका मिलने के बाद भी पूरे दावपेच लगाकर बराबरी की विजेता बने।

बराबरी के दोनों विजेता पहलवानों को कमेटी के लोगों सहित पूर्व मुखिया सह अखाड़ा कमेटी के सरक्षक शशि कुमार सुमन ने नगद इनाम की राशि सहित दंगल प्रतियोगिता में भाग लेने सभी पहलवानों को अंग वस्त्र देकर पुरस्कृत किया। इस मौके पर दंगल प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर तारापुर पुलिस भी घंटों कुश्ती स्थल पर मौजूद रही। दंगल प्रतियोगिता को देखने के लिए हजारों से अधिक की संख्या में लोग पहुंचे थे। इस मौके पर कमेटी के पैक्स अध्यक्ष रवि रंजन कुमार विजय यादव देवकी यादव सिकंदर यादव अरविंद कुमारनीतीश कुमार निराला गुलशन कुमार मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय मानवाधिकार विचार मंच पार्टी द्वारा दानवीर भामाशाह जयंती मनाया गया

प्रातः किरण ब्यूरो



मुंगेर। सोमवार को अखिल भारतीय मानवाधिकार विचार मंच पार्टी जिला कार्यालय देवघर चितोलोदिया में दानवीर भामाशाह की जयंती धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राम सिंह ने दीप प्रज्वलित कर तस्वीर पर माल्यार्पण किये और अपने संबोधन में बताएं कि दानवीर भामाशाह का जन्म 29 अप्रैल 1547 को राजस्थान में हुआ था। जिन्होंने महाराणा प्रताप के वीर सैनिकों को 12 वर्षों तक आर्थिक सहयोग किये। जिससे अकबर के साथ युद्ध में अन्तः वे अपराजित रहे।इस जयंती समारोह में संथाल परगना प्रभारी उपेंद्र प्रसाद यादव जिला अध्यक्ष चंद्रकांत मंडल, जिला सचिव दिलीप तिवारी, नगर सचिव शिवनाथ सिंह, जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ रंजीत मंडल, जिला अध्यक्ष किसान प्रकोष्ठ अंजनी कुमार, जिला छात्र अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ठाकुर, प्रखंड अध्यक्ष सरॉवा महेंद्र रवानी, एवम राधेश्याम मंडल, मनोज कुशवाहा, यादि ने भी अपने विचार प्रकट किया एवं भामाशाह के आदर्शो को अपने जीवन में अपनाते हुए समाज सेवा का संकल्प लिए।

# देशी पिस्टल एवं जिन्दा कारतूस के साथ तीन अपराधी गिरफ्तार

प्रातः किरण संवाददाता

मुंगेर/बारियारपुर। डकैती की योजना बनाते तीन अपराधी को एक जिंदा कारतूस एवं एक देसी कट्टा के साथ विजयनगर के समीप ईट भट्ठा से गिरफ्तार करने में पुलिस ने सफलता हासिल की है। इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि विजयनगर के समीप ईट भट्ठा पर रविवार की देर रात्रि कुछ अपराधी के द्वारा डकैती की योजना बनाने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना के आधार पर पुलिस के द्वारा छापेमारी अभियान चलाया गया। जिसमें ईट भट्ठा के समीप से बासुकी मंडल का पुत्र बादल कुमार उर्फ कल्लू, अशोक मंडल का पुत्र मिट्ठू कुमार एवं बटेश्वर मंडल का पुत्र छोटू कुमार उर्फ अमर कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार किया। जबकि दो अन्य अपराधी भागने में सफल रहा। गिरफ्तार अपराधी की तलाशी में कल्लू के पॉकेट से एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। जबकि मिट्ठू के कमर से एक देसी कट्टा बरामद



किया गया। सभी अपराधी डकैती की योजना बना रहे थे। पुलिस की सख्ती के बाद अपराधियों ने कबूल किया कि 24 अप्रैल की रात्रि में भी पांच की संख्या में अपराधी ने विजयनगर चौक के समीप एनएच से गुजरने बाले वाहन चालकों से मारपीट एवं छिनतई की घटना को अंजाम दिया था।

घटना के बाद किसी भी वाहन चालक ने इसकी सूचना नहीं दी। स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा सूचना उपलब्ध कराई गई थी। सूचना के आधार पर अपराधी की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा था। मामले को लेकर थाना में कांड संख्या 21/24 दर्ज कर लिया गया है। सभी गिरफ्तार अपराधियों को न्यायिक हिरासत हेतु मुंगेर न्यायालय भेज दिया गया। छापेमारी टीम में एसआई रविंद्र कुमार के साथ पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

# भीषण हीट वेब के साथ चल रहा मौसम का पारा : डीएम

## लोग जिला प्रशासन के सुझाव पर करें अमल

प्रातः किरण संवाददाता

भागलपुर। मौसम ने बदला अपना तेबर तीखी धूप व गर्म हवा चलने को लेकर मौसम विज्ञान केंद्र अनीसाबाद पटना, के द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार इन दिनों भागलपुर में भीषण हिट वेभ चल रहा है।,जिसके लिए जिला प्रशासन भागलपुर द्वारा जारी सुझाव पर लोग अमल करने की अपील की गई हैं, साथ ही उन्होंने लू के प्रभाव को गंभीरता से लेंने व इससे बचाव हेतु आवश्यक सावधानी रखें और सुरक्षित रहने की अपील की है।

लू से बचाव के लिए क्या करें, घर के बाहर निकलने के पहले भरपेट पानी अवश्य पियें, सूती, ढीले व आराम दायक कपड़े पहनें, धूप में निकलते समय अपना सिर ढंककर रखें, टोपी, कपड़ा व छतरी का उपयोग करें। पानी, छांछ व ओआरएस का घोल या घर में बने शराब या पेय पदार्थ का इस्तेमाल करें, लस्सी, नींबू पानी, आम का बना शर्बत इत्यादि का सेवन करें, भरपेट ताजा भोजन करके ही घर से निकलें, धूप में अधिक न निकलें।

लू से बचाव में क्या न करें, धूप में खाली पेट न निकलें, शरीर में पानी की कमी बिल्कुल न होने दें, मिर्च मसाले युक्त एवं बासी भोजन न करें, धूप में अधिक न निकले, कूलर या ए.सी. से अचानक धूप में घर से एकदम न निकलें,

**लू के क्या है लक्षणः** सिरदर्द, बुखार, उल्टी, अत्यधिक पसीना एवं बेहोशी आना, कमजोरी महसूस होना, शरीर में ऐंठन, नब्ज असामान्य होना सहित अन्य है।

**लू के लक्षण होने पर खुद का रखें ध्यानः** व्यक्ति को छायादार जगह पर लिटावें। व्यक्ति के कपड़े ढीलें करें, उसे पेय पदार्थ कच्चे आम का पना आदि पिलायें, तापमान घटाने के लिये ठण्डे पानी की पट्टियाँ रखें, प्रभावित व्यक्ति को तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में ले जाकर चिकित्सकीय परामर्श लेने की बात कही है।

## डुमरिया प्रखंड प्रमुख एवम उप प्रमुख कार्यालय का हुआ उद्घाटन

गया।डुमरिया प्रखण्ड कार्यालय में सोमवार को प्रखंड प्रमुख कार्यालय का पूजा पाठ कर पूर्व प्रमुख सह नन्दई के पंचायत समिति रामचंद्र सिंह,प्रमुख आशा देवी,और उप प्रमुख सुनैना कुमारी ने विधिवत संयुक्त रूप से उद्घाटन किया है।उद्घाटन के बाद पदभार ग्रहण करने के बाद प्रमुख आशा देवी और प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह उर्फ जित्तू सिंह ने डुमरिया प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीणों को धन्यवाद दिया है, इसके साथ ही उन्होंने कहा की क्षेत्र के जनता ने जिस तरह मेरा समर्थन किया है,मैं आगामी वर्षो तक हमेशा सुख दुःख में उनके साथ खड़ी रहूंगा,उन्होंने कहा की प्रखंड कार्यालय कोई शिकायत क्षेत्र के जनता को किसी तरह हो तो सीधा मुझसे संपर्क कर कर सकते है हर संभव प्रयास करूंगा जो हमसे बन सके।समाजसेवी पवन चंद्रवंशी ने बताया की प्रमुख आशा देवी और उप प्रमुख सुनैना कुमारी क्षेत्र के विकाश में अपनी भूमिका अदा करेंगे,और पूर्व की तरह प्रखंड में विकाश के कार्य करने के एवज में लोगो से अवैध वसूल की जा रही थी।

# संक्षिप्त खबरें

## थाने में समझौता के क्रम में भिड़े दो पक्ष, एक जख्मी

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)।रमनकाबाद में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट की घटना घटी। इस में एक व्यक्ति जख्मी हो गया। इधर रमनकाबाद निवासी जख्मी गोपी माधव ने बताया कि देवगन तांती का पुत्र नीतीश कुमार और गौतम तांती मेरे घर में घुसकर लाठी रड एवं पत्थर से मार कर मुझे जख्मी कर दिया। इधर जब घटना की सूचना पर खड़गपुर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचे तो मुझे फसाने के लिए पुलिस के सामने ही गौतम कुमार की पत्नी ने ब्लेड से अपना हाथ काट लिया। इधर खड़गपुर पुलिस मामले को छानबीन में जुट गई है। इधर दोनों पक्षों के बीच विवाद और मारपीट को लेकर खड़गपुर थाना में वार्ड परिषद की मौजूदगी में विवाद को विराम देने के उद्देश्य से सुलह समझौता की बात चल रही थी तभी दोनों पक्ष खड़गपुर थाने में ही गिर गए। जिसमें गोपी माधव का भेगना काठना गांव निवासी सुरेंद्र तांती का पुत्र राजन कुमार जख्मी हो गए। जिससे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। आश्चाज की बात है कि खड़गपुर थाने में समझौता के क्रम में पुलिस के समक्ष ही दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई और एक व्यक्ति घायल हो गया।

## देसी शराब के साथ दो गिरफ्तार

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। नगर परिषद क्षेत्र के कांटिया बाजार में ताजपुर गांव के समीप 35 लीटर देसी शराब के साथ शराब दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इसकी जानकारी देते हुए प्रशिक्षुक डीएससी सह थाना अध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि नगर परिषद के कांटिया बाजार के समीप ताजपुर गांव निवासी बिहार मंडल को 30 लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है वहीं दूसरी ओर ताजपुर गांव के समीप से वकील सिंह को 5 लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया दोनों तस्करों को न्यायिक हिरासत में मुंगेर भेज दिया गया है।

## स्वीप आईकॉन श्रीजा सेन गुप्ता की अध्यक्षता में जागरूकता रैली निकाली गई

बरियारपुर (मुंगेर)। फिलिप उच्च विद्यालय के प्रांगण से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। इसकी अध्यक्षता मुंगेर लोक सभा चुनाव के स्वीप आईकॉन श्रीजा सेन गुप्ता ने की। कार्यक्रम का शुभारम्भ मध्य विद्यालय शिक्षिका कविता चौरसिया ने की। इस मौके पर फिलिप उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक समशेर पासवान,संजीव कुमार ब्रह्मदेव,मध्य विद्यालय नया टोला के प्रधानाध्यापक अनील कुमार सिंह,मध्य विद्यालय बहादुरपुर के प्रधानाध्यापक प्रफुल्ल रजक मध्य विद्यालय पडिया के प्रध्यानाधिपिका सुमन कुमारी,बाल विकाश परियोजना पदाधिकारी गुंजन मौली प्रवेक्षिका स्मृति कुमारी सिंह, प्रितिप्रिया पिंकी कुमारी सान्तुना कुमारी आंगनबाड़ी सेविका जिविका प्रबंधक संतोष कुमार के साथ जिविका दीदी उप्सथित रही। यह फिलिप उच्च विद्यालय से चलकर राष्ट्रीय राजमार्ग 80 से बरियारपुर तीन बटीया चौक से वापस फिलिप उच्च। विद्यालय के प्रांगण मे सभा मे तब्दील हो गयी।

## अग्निकांड दो पीड़ित परिवार को दिया गया मुआवजा

गया।गुरुआ अंचल के अग्निकांड के दो पीड़ित परिवारों को मुआवजा चेक एवं पोल्थेन शीट दिया गया है। मो नौशाद, मौजा मोरहर, गुरुआ ,सुरेंद्र रजक, मौजा फुलवरिया, गुरुआ।

## पुलिस ने आर्म्स व कारतूस के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

नासरीगंज (रोहतास) नासरीगंज पुलिस ने आर्म्स और कारतूस के साथ एक युवक को रंगेहाथों गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के सबदला से बभंडी निवासी राजेश्वर सिंह के 23 वर्षीय पुत्र हिमांशु राज को पुलिस ने आर्म्स और कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार युवक के पास से एक पिस्टल , तीन जिंदा कारतूस और पांच खोखा बरामद किया गया। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज करते हुए जांच के उपरांत जेल भेज दिया गया।

## फांसी लगाकर महिला ने की आत्महत्या

सासाराम (रोहतास) सासाराम मुफ्फसिल थाना क्षेत्र करबाराडिह गांव में एक विहिता ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतका बाराडिह गांव के निवासी लव राम की पत्नी कौशल्या देवी बताई जाती है। इस दौरान मृतका के पति लव राम ने बताया कि परिजनों द्वारा धटना की सूचना मुफ्फसिल थाना की पुलिस को दी गई, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सोमवार को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, सासाराम भेज दिया। वही पोस्टमार्टम के लिए आए मृतका के पति लव राम ने बताया कि वह बाहर काम करता है। इस दौरान वह पत्नी को खाते में पैसा भेजता था। 80 हजार रुपए खाता में डाला था। पत्नी ने पैसा खर्च कर दिया।

**संक्षिप्त समाचार**

## सिंधू-लक्ष्य और प्रणय समेत सात भारतीय खिलाड़ियों का जलवा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इन सात खिलाड़ियों में से हाल में क्वालिफाई करने वाले खिलाड़ी एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन हैं। इन दोनों ने पुरुष एकल वर्ग में क्वालिफाई किया। वहीं, सिंधू ने महिला एकल में क्वालिफाई कर लिया है। भारत के सात



बैडमिंटन खिलाड़ियों ने आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई कर लिया है। ये सात खिलाड़ी चार अलग-अलग श्रेणी के हैं। साई मीडिया ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट कर इसकी पुष्टि की है। इन सभी खिलाड़ियों ने रैंकिंग के आधार पर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई किया। ओलंपिक इस साल 26 जुलाई से 11 अगस्त तक खेला जाएगा। इन सात खिलाड़ियों में से हाल में क्वालिफाई करने वाले खिलाड़ी एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन हैं। इन दोनों ने पुरुष एकल वर्ग में बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई किया। वहीं, दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधू ने महिला एकल वर्ग में पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई किया। वह इस वर्ग में भारत की अकेली प्रतिद्वंद्वी हैं। सिंधू ने 2016 रियो ओलंपिक में रजत पदक और 2021 टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था।

## गत चैंपियन भारत ने इंग्लैंड को 5-0 से हराया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत का सामना आखिरी ग्रुप मैच में 14 बार के चैम्पियन इंडोनेशिया से होगा। टीम इंडिया ने पिछले साल भी शानदार प्रदर्शन किया था और कई बड़ी टीमों को शिकस्त दी थी। डिफेंडिंग चैंपियंस भारत ने इंग्लैंड को 5-0 से हराकर थॉमस कप बैडमिंटन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। टीम इंडिया



ने अपने पहले मैच में थाईलैंड को 4-1 से शिकस्त दी थी। इंग्लैंड के खिलाफ भारत की शुरुआत शानदार रही थी। एच एच प्रणय ने हैरी हुआंग को 21-15, 21-15 से हराकर भारत को बढ़त दिलाई। इसके बाद सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने बेन लेन और सीन वेंडी को युगल मुकाबले में 21-17, 19-21, 21-15 से हराया।दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने नदीम दलवी को 21-16, 21-11 से हराकर भारत को 3-0 की बढ़त दिला दी। इसके बाद भारत की दूसरी युगल टीम एम आर अर्जुन और ध्रुव कपिला ने रोरी ईस्टन और एलेक्स ग्रीन को 21-17, 21-19 से हराकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया।

## इंटर मियामी की जीत में मेसी ने दागे दो गोल

- **न्यू इंग्लैंड रिवोल्यूशन को 4-1 से दी शिकस्त**

**मैसाचुसेट्स (अमेरिका), एजेंसी।** विश्व कप विजेता कप्तान मेसी ने अपने शानदार खेल से जिलेट स्टेडियम में 65,612 की संख्या में खचाखच भरे प्रशंसकों को निराश नहीं किया और एक गोल से पिछड़ने के बाद मुकाबले में टीम की दमदार वापसी कराई। उन्होंने मैच में दो गोल दागे। इंटर मियामी के सुपरस्टार



स्ट्राइकर लियोनल मेसी ने मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) के मुकाबले में न्यू इंग्लैंड रिवोल्यूशन के घरेलू मैदान में रिकॉर्ड संख्या में मौजूद दर्शकों के सामने अपनी फुटबाल टीम इंटर मियामी को 4–1 से जीत दिला दी। विश्व कप विजेता कप्तान मेसी ने अपने शानदार खेल से जिलेट स्टेडियम में 65,612 की संख्या में खचाखच भरे प्रशंसकों को निराश नहीं किया और एक गोल से पिछड़ने के बाद मुकाबले में टीम की दमदार वापसी कराई। उन्होंने मैच में दो गोल दागे।

# 2 मई को मिलेगी आईपीएल प्लेऑफ की पहली टीम!

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 सीजन अब अपने रोमांचक मुकाबलों के साथ प्लेऑफ की ओर बढ़ने लगा है. इसके लिए राजस्थान रॉयल्स समेत 7 टीमों ने अपनी दावेदारी ठोक दी है. जबकि संजू सैमसन की कप्तानी वाली राजस्थान अभी एकमात्र टीम ऐसी है, जिसने प्लेऑफ की दहलीज पर कदम रख दिया है. इसके अलावा बाकी 6 टीमें अब भी रेस में बनी हुई हैं. इनमें कोलकाता नाइट राइडर्स , सनराइजर्स हैदराबाद , लखनऊ सुपर जायंट्स (रूत्र), दिल्ली कैपिटल्स , चेन्नई सुपर किंग्स और गुजरात टाइटन्स शामिल हैं.

**2 मई को मिलेगी इस सीजन की पहली प्लेऑफ टीम–** मगर इन सबके बीच फैन्स के लिए जल्द ही एक बड़ी खबर सामने आ सकती है. इस सीजन में पहली प्लेऑफ टीम जल्द देखने को मिल सकती है. यह पहली टीम राजस्थान रॉयल्स हो सकती है. दरअसल, राजस्थान ने अब तक 9 में से



8 मुकाबले जीते हैं. इसके साथ ही इस टीम के अभी 16 अंक हो गए हैं. अब यदि राजस्थान टीम अपना अगला मुकाबला जीत लेती है, तो उसकी प्लेऑफ में जगह पक्की हो जाएगी. वैसे 16 अंक के साथ भी जगह पक्की मानी जा सकती है, लेकिन इसमें नेट रनरेट काफी मायने रखेगा. 18 पॉइंट्स के साथ टिकट पक्का हो जाएगा.

### अगले मुकाबले में राजस्थान की हैदराबाद से टक्कर

राजस्थान टीम का अगला मुकाबला 2 मई को हैदराबाद के खिलाफ होगा. यदि संजू की कप्तानी वाली आरआरटीम यह मुकाबला जीतती है, तो इसी दिन आईपीएल 2024 सीजन की पहली प्लेऑफ टीम मिल जाएगी. राजस्थान के अलावा बाकी टीमों के पॉइंट्स अब तक 12 तक भी नहीं पहुंचे हैं. ऐसे में दूसरी प्लेऑफ टीम मिलने में थोड़ा समय लगेगा. 2 मई से पहले तक चेन्नई को भी एक मुकाबला खेलना है. यदि वो अपना अगला मैच पंजाब किंग्स के खिलाफ जीत लेती है, तो उसके 12 अंक होंगे. ऐसे में बाकी 3 टीमों के लिए अभी 6 टीमें रेस में हैं. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु टीम की हालत इस सीजन में बेहद खराब रही है. उसने अब तक 10 में से सिर्फ 3 ही मैच जीते हैं. आरसीबी पॉइंट्स टेबल में सबसे नीचे यानी 10वें नंबर पर है. यदि आरसीबी अपने बाकी बचे सभी 4 मैच जीत लेती है, तब भी उसका प्लेऑफ में पहुंचना नामुमकिन सा रहेगा. दरअसल, आईपीएल में 2022 सीजन से 10 टीमें खेल रही हैं. तभी से प्लेऑफ में कभी भी कोई टीम 14 अंक के साथ प्लेऑफ में नहीं पहुंची है. सबसे नीचे यानी चौथे नंबर की टीम के भी 16 अंक रहे हैं. ऐसे में आरसीबी टीम के प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीद ना के बराबर नजर आ रही है.

दूसरी ओर मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स की हालत भी कुछ इसी तरह है. इन दोनों टीमों ने 9 मैच खेले, जिसमें से 3 जीते हैं. यानी इनके पास आरसीबी से एक मैच ज्यादा है. मगर मुंबई और पंजाब के लिए चुनौती ये होगी कि उन्हें सभी मैच जीतने होंगे. एक भी मैच हारने पर आरसीबी जैसी स्थिति बन जाएगी.

## तीरंदाज दीपिका फिर टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम में शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने शीर्ष रिकर्व तीरंदाज दीपिका कुमारी को टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) में फिर से शामिल करने का फैसला किया है। यह निर्णय पेरिस ओलंपिक को ध्यान में रखकर लिया गया है। मातृत्व अवकाश के बाद एक्शन में लौट रहीं दीपिका ने घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने इस साल की शुरुआत में एशिया कप 2024 में पदक भी जीता था। रविवार को 29 वर्षीय तीरंदाज ने मुकाबले में दुनिया की दूसरे नंबर की कोरियाई लिम सिह-योन से हारने के बाद 2024 तीरंदाजी विश्व कप चरण 1 में महिलाओं की व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धा रजत पदक के साथ समाप्त किया। दीपिका के अलावा, तीरंदाज मृणाल चौहान को भी टॉप्स डेवलपमेंट ग्रुप में शामिल किया गया है, जबकि प्रवीण जाधव डेवलपमेंट से कोर ग्रुप में आ गए हैं।



अपनी 133वीं बैठक के दौरान, एमओसी ने स्क्वैश खिलाड़ियों अनाहत सिंह, अभय सिंह और वेलावन सेंथिलकुमार को 2028 में लॉस एंजिल्स ओलंपिक की तैयारी में मदद करने के लिए टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) डेवलपमेंट ग्रुप में शामिल किया। अक्टूबर 2023 में एलए2028 आयोजन समिति ने लॉस एंजिल्स में खेलों के 2028 संस्करण में शामिल करने के लिए स्क्वैश को स्वीकार कर लिया।

मंत्रालय के बयान में बताया गया, पिछले दो दशकों में स्क्वैश में भारत के प्रदर्शन को देखते हुए विशेष रूप से राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों में एमओसी ने अपने टॉप्स डेवलपमेंट ग्रुप में तीन स्क्वैश खिलाड़ियों को शामिल करने का फैसला किया, जिसका उद्देश्य उन्हें वैश्विक तैयारी के लिए सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने में मदद करना है। इसके अलावा, पैरा-पावरलिफ्टर अशोक को भी टॉप्स कोर ग्रुप में शामिल किया गया है।

## टी20 विश्व कप के लिए न्यूजीलैंड टीम का ऐलान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलैंड क्रिकेट ने सोमवार को टी20 विश्व कप 2024 के लिए केन विलियमसन की कप्तानी में अपनी 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। यह टूर्नामेंट वेस्टइंडीज और यूएसए में 1 जून से शुरू होगा। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने यह ऐलान सोमवार को दो बच्चों से कराया। बच्चों में लड़की का नाम मटिल्डा और लड़के का नाम एंगस है। इसका एक वीडियो एनजेडसी ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर साझा किया जो अब सुर्खियों में है। वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेले जाने वाले मेगा-इवेंट से पहले न्यूजीलैंड क्रिकेट ने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है। वहीं, वर्ल्ड कप के लिए न्यूजीलैंड टीम में कई बड़े बदलाव देखने को मिले हैं। न्यूजीलैंड क्रिकेट का यह वीडियो वायरल हो गया और नेटिज़न्स एनजेडसी की अपनी टीम को सार्वजनिक करने की अनोखे शैली से आश्चर्यचकित हैं। कुछ ने अन्य बोर्डों को भी ऐसा कुछ नया करने का सुझाव दिया। यह पहली बार नहीं था कि न्यूजीलैंड ने बड़े



टूर्नामेंट के लिए टीम की घोषणा करने का अनोखा तरीका अपनाया। पिछले साल वनडे विश्व कप के लिए बोर्ड ने अपने खिलाड़ियों के परिवार वालों से टीम का ऐलान कराया था।

**आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए न्यूजीलैंड टीम–** केन विलियमसन (कप्तान), फिन एलन, ट्रेंट बोल्ट, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमन, डेवोन कॉन्वे, लॉकी फर्ग्युसन, मैट हेनरी, डेरिल मिचेल, जिम्मी नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिचेल सेंटनर, ईश सोढ़ी और टिम साउदी।

## नाडा पैनल से हरी झंडी मिलने के बाद इंडियन ग्रां प्री एक में वापसी करेंगी हिमा दास

**नई दिल्ली , एजेंसी।** स्टार धाविका हिमा दास पिछले महीने सुनवाई के बाद राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के अनुशासनात्मक पैनल द्वारा हरी झंडी दिये जाने के बाद बेंगलुरु में मंगलवार को इंडियन ग्रां प्री एक में वापसी करेंगी। भारत की स्टार धाविका हिमा दास पिछले महीने सुनवाई के बाद राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के अनुशासनात्मक पैनल द्वारा हरी झंडी दिये जाने के बाद बेंगलुरु में मंगलवार को इंडियन ग्रां प्री एक में वापसी करेंगी। पीटीआई की एक रिपोर्ट में इसकी जानकारी दी गई। पिछले साल नाडा ने 12 महीने में तीन दफा अपने रहने के स्थान की जानकारी देने में विफलता के बाद 24 वर्षीय हिमा को अस्थायी रूप से



निलंबित कर दिया था।भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) द्वारा 30 अप्रैल को होने वाले इंडियन ग्रां प्री 1 की महिलाओं की 200 मीटर रेस की प्रविष्टि सूची में हिमा का नाम शामिल है। भारतीय एथलेटिक्स टीम के एक सूत्र ने पीटीआई को गोपनीयता की शर्त पर कहा, पिछले महीने नाडा के डोपिंग रोधी अनुशासनात्मक पैनल की सुनवाई में उन्हें प्रतियोगित में हिस्सेदारी के लिए हरी झंडी मिल गयी। हालांकि सूत्र ने यह नहीं बताया कि नाडा के पैनल ने उन्हें फिर से प्रतिस्पर्धा करने की मंजूरी कैसे दी। हिमा ने 2018 जकार्ता एशियाई खेलों में 400 मीटर का व्यक्तिगत रजत पदक जीता था।

## युवा मुक्केबाजों ने बिखेरा जलवा, जादुमणि-आकाश युवा चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

नई दिल्ली, एजेंसी। इससे पहले, शनिवार को जतिन (57 किग्रा), सागर जाखड़ (60 किग्रा) और यशवर्धन सिंह (63.5 किग्रा) भी अगले दौर में पहुंच गए थे। जतिन और यशवर्धन ने अपने–अपने मुकाबले 5–0 के अंतर से जीते, जबकि सागर को वॉकओवर मिला था। एम जादुमणि (51 किग्रा) और आकाश गोरखा (60 किग्रा) रविवार को एएसबीसी एशियाई अंडर–22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने में सफल रहे। जादुमणि ने अंडर–22 वर्ग के दूसरे दौर में आरएससी (रैफरी द्वारा मुकाबला रोकने) निर्णय के साथ मंगोलिया के अल्दरखिशिग बटुल्गा को मात दी।

## विराट कोहली ने अपने स्ट्राइक रेट पर दिया मुंह तोड़ जवाब, वर्ल्ड कप से पहले बड़ा बयान

**अहमदाबाद, एजेंसी।** आईपीएल:2024 में गुजरात टाइटंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच मुकाबला खेला गया। इस मैच को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने बड़ी आसानी के साथ अपने नाम कर लिया। यह इस सीजन आईपीएल में आरसीबी की तीसरी जीत है। इस मैच में विल जैक्स ने शानदार शतक जड़ा जिसके कारण उनकी टीम यह मुकाबला जीत सकी। विल जैक्स के अलावा इस मैच में विराट कोहली ने भी शानदार पारी खेली। विराट आज के मैच में काफी एग्रेशन में नजर आए। विराट कोहली ने इस मुकाबले के बाद कई बड़े बयान दिए। जहां उन्होंने अपने स्ट्राइक रेट के बारे में भी बात कही है।



**विल जैक्स पर विराट ने कही ये बात–** गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच जीतने के बाद विराट कोहली ने पहले जैक्स पर कहा कि जब जैक्स बल्लेबाजी करने आए थे, तो वह थोड़ा नाराज थे कि वह गेंद को उतनी सफाई से नहीं मार पा रहे थे जितना वह चाहते थे, लेकिन हमारे बीच केवल यही बातचीत हुई थी कि एक दूसरे का समर्थन करते रहें, टिके रहें क्योंकि हम जानते हैं कि वह कितना विस्फोटक हो सकते हैं। जैसे ही उन्होंने मोहित शर्मा के ओवर में काफी रन बनाए मेरी भूमिका पूरी तरह से बदल गई, मुझे खुशी थी कि मैं दूसरे छोर से खेल देख रहा था। मेरा मतलब है, मैंने सोचा था कि हम 19 ओवर में खेल जीत सकते हैं, लेकिन इसे 16 ओवर में समाप्त करना कमाल था।

### स्ट्राइक रेट पर क्या बोले कोहली

विराट कोहली ने अपने स्ट्राइक रेट पर हो रही बातों को लेकर कहा कि वे सभी लोग जो स्ट्राइक रेट और मेरे स्पिन को अच्छी तरह से नहीं खेलने के बारे में बात करते हैं, वे वही लोग हैं जो इस बारे में बात करना पसंद करते हैं। लेकिन मेरे लिए, यह टीम के लिए खेल जीतने के बारे में है और एक कारण है कि ऐसा मैं पिछले 15 सालों से कर रहा हूं क्योंकि मैनें दिन–ब–दिन ऐसा ही किया है और आपने टीमों के लिए खेल जीते हैं।

## माहेश्वरी ने रजत पदक जीता

### निशानेबाजी में 21वां कोटा स्थान हासिल किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की माहेश्वरी चौहान ने दोहा में लुसैल शूटिंग रेंज में इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) फाइनल ओलंपिक क्वालिफिकेशन चैंपियनशिप शॉटगन के समापन दिन महिला स्कीट प्रतियोगिता में रजत पदक जीता और इसके साथ ही पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों में शूटिंग प्रतियोगिता में भारत के लिए 21वां कोटा स्थान हासिल किया। 60 शॉट के फाइनल में 54 हिट पर बराबरी पर रहने के बाद माहेश्वरी स्वर्ण पदक के शूट-ऑफ में चिली की फ्रांसिस्का क्रोवेटो चाडिड से 3-4 से हार गईं। यह एक शानदार प्रदर्शन था क्योंकि यह जालोर की निशानेबाज के लिए पहला आईएसएसएफ फाइनल था। उनके प्रदर्शन ने भारत को महिलाओं की स्कीट में दूसरा पेरिस कोटा स्थान भी दिलाया। माहेश्वरी ने फाइनल के बाद कहा,मैं रोमांचित हूं। यहां तक पहुंचने के लिए पिछले कुछ वर्षों में काफी मेहनत करनी पड़ी है। मैं शूट-ऑफ को लेकर थोड़ा निराश हूं, लेकिन कुल मिलाकर, यह बहुत संतोषजनक रहा। दिन की शुरुआत भारतीय खिलाड़ी के क्वालिफिकेशन में शीर्ष पर रहने के साथ हुई, लेकिन अंतिम राउंड में 23 के स्कोर का मतलब था कि वह चौथे स्थान पर रहते हुए शीर्ष छह फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लेगी। हालाँकि, उनके 121 अंकों ने उन्हें नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड प्रदान किया।



यह देखते हुए कि चाडिड ने पहले ही प्रतियोगिताओं में कोटा स्थान हासिल कर लिया था और चीन की जियांग यितिंग, छठी क्वालीफायर, अयोग्य थी क्योंकि उनके देश ने पहले ही प्रतियोगिता में अपने कोटा समाप्त कर दिए थे, माहेश्वरी की लड़ाई तीन अन्य लोगों (कजाकिस्तान की असेम ओरीबे, अजरबैजान की रिंगिना मेफताखेतदीनोवा और शीर्ष क्वालीफायर स्वीडन की विक्टोरिया लार्सन) के साथ थी।

## भारत को वर्ल्डकप जिताने वाले गैरी पाकिस्तान के कोच बने

### वनडे और टी-20 टीम को ट्रेनिंग देंगे, गिलेस्पी टेस्ट टीम के कोच नियुक्त

नईदिल्ली, एजेंसी। भारत को 2011 में वनडे वर्ल्ड कप जिताने वाले कोच गैरी कर्स्टन अब पाकिस्तान की वनडे और अ20 टीम के कोच होंगे। दरअसल, जून में टी–20 वर्ल्ड कप होना है। ऐसे में पाकिस्तान बोर्ड ने साउथ अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज गैरी कर्स्टन को कोच नियुक्त कर एक बड़ा फैसला किया है। उनके अलावा ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज जेसन गिलेस्पी को पाकिस्तानी टेस्ट टीम का कोच नियुक्त किया गया है। दोनों को दो साल का कॉन्ट्रेक्ट दिया गया है। अजहर महमूद जिन्हें न्यूजीलैंड सीरीज के लिए कोच बनाया गया था, सभी फॉर्मेट में सहायक कोच के रूप में काम करते रहेंगे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने रविवार को यह जानकारी दी।

**आर्थर, ब्रैडबर्न और पुटिक ने इस्तीफा दिया–** मिकी आर्थर, ग्रांट ब्रैडबर्न और एंड्रयू पुटिक ने भी हाल ही में अपने पदों से इस्तीफा दे दिया था। अप्रैल 2023 में मिकी आर्थर को पाकिस्तान मेंस क्रिकेट टीम का निदेशक नियुक्त किया गया था। ब्रैडबर्न को पिछले साल की शुरुआत में टीम का मुख्य कोच घोषित किया गया था। साउथ अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर एंड्रयू पुटिक अप्रैल 2023 से पाकिस्तान के बल्लेबाजी कोच थे।

## संक्षिप्त समाचार

### अपोलो के डॉक्टरों ने फ्रोजन एलिफेंट ट्रंक तकनीक से बचाई मरीज की जान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल के डॉक्टरों ने अपनी चिकित्सा सूझबूझ से एक बार फिर बड़ी सफलता हासिल की है। डॉक्टरों ने फ्रोजन एलिफेंट ट्रंक तकनीक से एक मरीज की जान बचाई है। एक से ज्यादा स्वास्थ्य परेशानियों से ग्रस्त 54 वर्षीय मरीज की जटिल हृदय सर्जरी में डॉक्टर कामयाब रहे। जानकारी के अनुसार, दिल्ली के इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉ?स्पिटल्स के हृदय और फेफड़ा प्रत्यारोपण सर्जरी के कार्डियोथोरेसिक सर्जन वरिष्ठ सलाहकार डॉ. मुकेश गोयल की निगरानी में मरीज को भर्ती कराया गया। अपोलो एआर्टिक प्रोग्राम के सर्जिकल लीड के कार्डियोवास्कुलर और महाधमनी सर्जरी विभाग के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. निरंजन हिरेमथ की देखरेख में एक विशेष हाइब्रिड डिवाइस का उपयोग करके मरीज की जान बचाई। इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल्स के हृदय और फेफड़े के प्रत्यारोपण सर्जरी के कार्डियोथोरेसिक सर्जन वरिष्ठ सलाहकार डॉ. मुकेश गोयल ने उन्नत प्रौद्योगिकी की भूमिका पर जोर देते हुए कहा, यह मामला हमारी टीम की विशेषज्ञता के शिखर और हमारे पास मौजूद अत्याधुनिक संसाधनों का उदाहरण है अपोलो एऑर्टिक प्रोग्राम के कार्डियोवास्कुलर और महाधमनी सर्जरी के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. निरंजन हिरेमथ ने कहा, यह मामला बिना पोस्ट-ऑपरेटिव रक्त आधान और न्यूनतम इंट्राऑपरेटिव रक्त हानि के साथ साथ महाधमनी सर्जरी में विशेषज्ञता को भी रेखांकित कर रहा है।

### रेलवे स्टेशन में यात्री प्रतिक्षालय की सुविधा

**मैहर।** एमपी बिरला ग्रुप आरसीसीपीएल प्राइवेट लिमिटेड मैहर अपने सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करते हुये प्रत्येक वर्ष नवरात्रि के अवसर पर रेलवे स्टेशन में यात्री प्रतिक्षालय की सुविधा मैहर माता के दर्शन करने आने वाले भक्तजनों के लिए करता रहा है। इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि के अवसर पर रेलवे स्टेशन में नौ दिन तक यात्री प्रतिक्षालय की सुविधा प्रदान की गई है, जिसमें 24 घन्टे प्राथमिक उपचार व निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। विश्व प्रसिद्ध शारदा माँ की नगरी मैहर में माँ के दर्शन को प्रतिवर्ष लाखों श्रृद्धालु आते हैं। मैहर शहर की रौनक में नवरात्रि के अवसर पर चार चाँद लग जाते हैं। भक्तजन अपने मन में आस्था दीपक जलाकर मन में अनेकों कामनाओं को लेकर आते हैं और माँ के दर्शन कर उनका आर्शिवाद लेकर जाते हैं। इन दिनों शहर में लाखों लोगों की आवाजाही होती है और भक्तजनों की सुविधओं का ध्यान रखते हुये एमपी बिरला ग्रुप आरसीसीपीएल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा ने यात्रियों के लिए यात्री प्रतिक्षालय सुविधा प्रदान की गई। प्रथम दिवस रेलवे के स्टेशन मास्टर श्री नरेन्द्र सिंह द्वारा यात्री प्रतिक्षालय, प्राथमिक उपचार केन्द्र का निरीक्षण किया गया। एमपी बिरला ग्रुप आरसीसीपीएल प्राइवेट लिमिटेड के कर्मचारीगण ने अपने समय अनुसार यात्रियों की सुविधाओं का ध्यान रखा। बाहर से आए हुऐ यात्री प्राथमिक उपचार केन्द्र का लाभ उठा रहे हैं, अब तक 3500 यात्रियों ने प्राथमिक उपचार का लाभ लिया।

### पालतू कुत्तों के विवाद में पीट-पीटकर ले ली व्यक्ति की जान

**कोटा, एजेंसी।** कोटा जिले के तथेड थाना क्षेत्र में पालतू कुत्तों को लेकर हुए विवाद में पड़ोसियों ने पीट-पीटकर एक व्यक्ति की जान ले ली। पड़ोसियों ने लाठी और लोहे की रॉड से व्यक्ति पर हमला किया। पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। मृतक व्यक्ति का नाम रामराज मेघवाल बताया जा रहा है। मेघवाल के परिजनों ने बताया कि शनिवार सुबह जब बच्चे जब स्कूल चले गए तो यह घटना घटी। डीएसपी बेनी प्रसाद ने बताया कि रामराज मेघवाल और उनके पड़ोसी भगवान माली दोनों ने कुत्ता पाल रखा है। कुत्तों को लेकर दोनों परिवारों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। इस बीच शनिवार सुबह जब मेघवाल अपने घर से बाहर निकले तो भगवान माली व उनके घर के अन्य लोगों ने रामराज पर लाठी और लोहे की रॉड से उन पर हमला बोल दिया। उन्होंने पीट-पीटकर रामराज को बुरी तरह घायल कर दिया। उन्हें तत्काल एमबीएस अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। इस घटना के एक दिन बाद पुलिस ने भगवान माली और उसके भाई राकेश माली को गिरफ्तार कर लिया है। पोस्टमार्टम कराने के बाद मेघवाल के शव को उनके परिजनों को सौंप दिया गया है। मेघवाल के परिजनों ने बताया कि भगवान माली अपने कुत्ते को अक्सर खुला छोड़ देता था। इसको लेकर अक्सर उनके बीच विवाद होता था।



# चुनाव में फिर गूंजने लगा मुस्लिम आरक्षण का मुद्दा

## कर्नाटक में भाजपा भी नहीं हटा पाई थी

**बेंगलुरु, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के दौरान एक बार फिर मुस्लिम आरक्षण का मुद्दा गूंजने लगा है। कर्नाटक में ओबीसी कोटे के अंतरगत ही मुस्लिम आरक्षण का मुद्दा नया नहीं है। लंबे समय से इस मामले पर बहस चल रही है। वहीं हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी मुस्लिम आरक्षण को लेकर कांग्रेस पर हमला बोला और कहा कि कांग्रेस चाहती है कि लोगों की संपत्ति लेकर उन लोगों में बांट दी जाए जो ज्यादा बच्चे पैदा करते हैं। आइए जानते हैं कि आखिर कर्नाटक में मुस्लिम आरक्षण का मुद्दा कितना पुराना है और इसपर किस तरह से राजनीति होती आई है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक जनसभा के दौरान कहा था कि कांग्रेस चाहती है एस, एसटी और ओबीसी का कोटा मुस्लिमों को दे दिया जाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चाहती है कि पूरे देश के पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर पहले कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में 5 प्रतिशत मुस्लिम आरक्षण लागू किया जाए। उन्होने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस सरकार ने ही ओबीसी की सूची में मुसलमानों को भी शामिल किया था। ऐसे में कांग्रेस की सरकार धर्म के आधार पर आरक्षण देना चाहती है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक नेशनल कमीशन फॉर बैकवर्ड क्लासेज का डेटा कहता है कि कर्नाटक में 12.9 फीसदी मुस्लिम आबादी है। ओबीसी को मिले 32 फीसदी आरक्षण में ही चार फीसदी मुस्लिमों को दिया जाता है। एनसीबीसी के अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर ने कहा था कि इस मामले में वह कर्नाटक के चीफ सेक्रेटरी को समन करेंगे और उनसे पूछेंगे कि आखिर ओबीसी कोटा में इस तरह का वर्गीकरण क्यों किया गया।

इतिहास पर नजर डालें तो राज्य के पिछड़ा वर्ग आयोग के चेयरमैन रहे एलजी हावनूर ने 1975 में ही तत्कालीन सरकार के सामने एक रिपोर्ट पेश की थी। इसमें कहा गया था कि ओबीसी आरक्षण के तहत मुसलमान भी आरक्षण के योग्य हैं। इसके बाद 1977 में मुस्लिमों के आरक्षण के लिए निर्देश जारी कर दिए गए। इसके बाद रेड्डी कमीशन ने मुस्लिों को ओबीसी की लिस्ट में कैटिगरी 3 के तहत आरक्षण देने का प्रस्ताव रखा। राज्य में कांग्रेस की वीरप्पा मोइली की सरकार ने ओबीसी में 2बी कैटिगरी के तहत मुसलमानों, बौद्धों और क्रिश्चियन बने दलितों को 6 फीसदी का आरक्षण दिया गया। इसमें से दो फीसदी बौद्धौं और ईसाइयों को और चार फीसदी मुसलमानों को दिया गया। हालांकि मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया और कोर्ट ने कहा कि कुल आरक्षण 50 फीसदी के पार नहीं जा सकता।

इसके बाद मोइली सरकार गिर गई और एचडी देवगौड़ा की सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक आरक्षण का आदेश जारी किया। 2बी कोटा के तहत चार फीसदी आरक्षण मुसलमानों को दिया गया। बीते साल कर्नाटक विधासा चुनाव से पहले भाजपा की बोमम्मई सरकार ने ओबीसी के 2ए और 2बी के तहत आरक्षण को खत्म करने का प्रयास किया। तत्कालीन सरकार ने कहा कि 2सी और 2डी कोटा के तहत वोक्कालिगा और लिगायत समुदाय को 2 फीसदी आरक्षण दिया जाए। वहीं मुस्लिम कोटा को 10 फीसदी ईडब्लूएस कोटा में सीमित कर दिया जाए। हालांकि इस निर्णय के सामने कानूनी चुनौतियां थीं इसलिए इसे लागू नहीं किया जा सका। इसके बाद नए आदेश के तहत नए ऐडमिशन और नियुक्तियों पर रोक लगा दी गई। कोर्ट ने सरकार के फैसले को खारिज कर दिया और पुराना रिजर्वेशन ही राज्य में लागू हो गया।

## बठिंडा से निर्दलीय ही लोकसभा चुनाव लड़ेंगे मूसेवाला के पिता?

**बठिंडा, एजेंसी।** दिवंगत गायक शुभदीप सिंह सिद्धू मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह के बठिंडा से निर्दलीय के तौर पर लोकसभा चुनाव लड़ने की अटकलें हैं। इस लेकर, खासतौर से कांग्रेस के भीतर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा और कांग्रेस के बठिंडा उम्मीदवार जीत मोहिंदर सिंह सिद्धू आज बलकौर सिंह से मुलाकात करने वाला हैं। ये दोनों उनसे गांव में मानसा स्थित आवास पर मिल सकते है। ऐसी भी संभावना है कि कांग्रेस बलकौर को बठिंडा से टिकट दे सकती है।



बलकौर सिंह हाल ही में आईवीएफ के जरिए दूसरे बेटे के पिता बने हैं। बीते दिनों उन्होंने अपने आवास पर स्थानीय लोगों के साथ बातचीत में राजनीति में उतरने और लोकसभा चुनाव लड़ने का संकेत दिया था। डॉ. मंजीत सिंह रंधावा मूसेवाला परिवार के करीबी है। उन्होंने दावा किया था कि वे बलकौर सिंह को स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए मनाने में सफल रहे। उन्होंने कहा कि शनिवार को पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक से पहले विधायक परगट सिंह से संपर्क किया गया। इसके बाद परिवार ने स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने के उनके फैसले के बारे में कांग्रेस आलाकमान को सूचित कर दिया।

**सिद्धू मूसेवाला ने कांग्रेस के टिकट पर लड़ा चुनाव :** बता दें कि मूसेवाला दिसंबर, 2021 में कांग्रेस में शामिल हुए थे। उन्होंने 2022 के पंजाब विधानसभा चुनाव में मनसा से चुनाव लड़े मगर आप के डॉ. विजय सिंगला से 63,323 वोटों के अंतर से हार गए। गायक की पिछले साल 29 मई को पंजाब के मनसा के जवाहर के गांव में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। गौरतलब है कि आईवीएफ प्रक्रिया से बलकौर की पत्नी के दूसरे बच्चे को जन्म देने के मामले में काफी विवाद हुआ था। स्वास्थ्य विभाग के मुख्य सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। राज्य सरकार ने इसे गंभीर चूक करार दिया। उन्होंने स्वास्थ्य सचिव अजॉय शर्मा से दो सप्ताह के भीतर कारण बताने के लिए कहा था।

## चुनाव प्रक्रिया दूषित करते हैं अपराधी छवि वाले नेता: इलाहाबाद हाईकोर्ट

**इलाहाबाद, एजेंसी।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आपराधिक छवि वाले उम्मीदवारों के चुनाव लड़ने पर अहम टिप्पणी की है। अदालत का कहना है कि अगर आपराधिक छवि वाले लोग चुने जाते हैं, तो इससे लोकतांत्रिक व्यवस्था को खतरा हो सकता है। उच्च न्यायालय ने पूर्व सांसद धनंजय सिंह को अपहरण और जबरन वसूली मामले में जमानत देते हुए यह बात कही है।



जस्टिस संजय कुमार सिंह ने सिंह के सजा निलंबित करने की अर्जी खारिज कर दी थी। साथ ही उच्च न्यायालय ने कहा, आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोग चुनाव प्रक्रिया को प्रदूषित करते हैं क्योंकि चुनाव जीतने के लिए अपराध में लिप्त होने को लेकर उन्हें कोई आपत्ति नहीं होती। जब लंबे आपराधिक इतिहास वाले व्यक्ति निर्वाचित प्रतिनिधि और कानून निर्माता बन जाते हैं, तो वे लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए एक गंभीर खतरा पैदा करते हैं।

उच्च न्यायालय ने कहा, जब ऐसे अपराधी नेता का भेष धारण करते हुए पूरी व्यवस्था का मजाक बनाते हैं तो हमारे लोकतंत्र का भविष्य संकट में पड़ जाता है। राजनीति का बढ़ता अपराधीकरण खतरनाक है और यह भ्रष्टाचार बढ़ाने के साथ ही हमारी लोकतांत्रिक राजनीति को खोखला करता रहा है।

न्यायमूर्ति सिंह ने कहा, इस मामले के इन तथ्यों पर विचार करते हुए कि गवाहों के मुकरने के कारण 28 आपराधिक मामलों में अपीलकर्ता धनंजय सिंह बरी हो गया और उसके खिलाफ अभी 10 आपराधिक मामले लंबित हैं, मुझे ऐसा कोई अच्छा आधार या विशेष कारण नहीं दिखाई पड़ता कि निचली अदालत के सजा के निर्णय पर रोक लगाई जाए।

पूर्व सांसद धनंजय सिंह और उनके साथी संतोष विक्रम सिंह ने जौनपुर की अदालत के फैसले को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। याचिका पर सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति सिंह ने 24 अप्रैल को निर्णय सुरक्षित रख लिया था।

### सभी अच्छे लोगों ने कांग्रेस छोड़ दी : शिवराज सिंह चौहान

**ग्वालियर एजेंसी।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और विदिशा से भाजपा उम्मीदवार शिवराज सिंह चौहान ने अरविंदर सिंह लवली के दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने पर कांग्रेस पार्टी की आलोचना की है। शिवराज ने कहा कि पार्टी ने दिशा और दृष्टि दोनों खो दी है। चौहान ने ग्वालियर में एक जनसभा के बाद संवाददाताओं से बात करते कहा, कांग्रेस में अब न तो कोई दिशा बची है और न ही कोई दृष्टि। वे गलत निर्णय ले रहे हैं जो अंतत: उन्हें विनाश की ओर ले जाएंगे। यही कारण है कि सभी अच्छे लोगों ने कांग्रेस छोड़ दी है...। दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने 28 अप्रैल को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। लवली को अगस्त 2023 में ही इस पद पर नियुक्त किया गया था। लवली ने अपने इस्तीफे में लिखा, दिल्ली कांग्रेस उस पार्टी के साथ गठबंधन के खिलाफ थी जो कांग्रेस पार्टी के खिलाफ झूठे, मनगढ़ंत और दुर्भावनापूर्ण भ्रष्टाचार के आरोप लगाने के आधार पर बनी थी। इसके बावजूद, पार्टी ने दिल्ली मे्ं क्कके साथ गठबंधन करने का फैसला किया। कांग्रेस नेता ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को लिखे अपने पत्र में कहा कि दिल्ली कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं द्वारा लिए गए सभी सर्वसम्मत निर्णयों को एआईसीसी महासचिव (दिल्ली प्रभारी) ने एकतरफा वीटो कर दिया है। डीपीसीसी अध्यक्ष के रूप में मेरी नियुक्ति के बाद से, एआईसीसी महासचिव (दिल्ली प्रभारी) ने मुझे डीपीसीसी में कोई भी वरिष्ठ नियुक्ति करने की अनुमति नहीं दी है। डीपीसीसी के मीडिया प्रमुख के रूप में एक अनुभवी नेता की नियुक्ति के मेरे अनुरोध को स्पष्ट रूप से अस्वीकार कर दिया गया था। आज तक, एआईसीसी महासचिव (दिल्ली प्रभारी) ने डीपीसीसी को दिल्ली में सभी ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति करने की अनुमति नहीं दी है, जिसके परिणामस्वरूप दिल्ली में 150 से अधिक ब्लॉकों में वर्तमान में कोई ब्लॉक अध्यक्ष नहीं है।

## पाकिस्तान में बढ़ेगी लड़कियों की शादी की उम्र!

**लाहौर , एजेंसी।** पाकिस्तान में कम उम्र में लड़कियों की शादी हो जाती है। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, बाल संरक्षण कल्याण ब्यूरो (सीपीडब्ल्यूबी) ने पंजाब सरकार के सामने बाल विवाह निरोधक विधेयक 2024-25 का प्रस्ताव रखा है। इस प्रस्ताव का लक्ष्य लड़कियों की शादी की न्यूनतम उम्र 18 साल तक बढ़ाने का है। सीपीडब्ल्यूबी की अध्यक्ष सारा अहमद ने पंजाब के गृह सचिव नूरुल अमीन मेंगल से बाल विवाह की हानिकारक प्रथा से निपटने की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया है। अहमद ने पाकिस्तान जनसांख्यिकी स्वास्थ्य सर्वेक्षण 2017-18 का हवाला देते हुए खुलासा किया कि पंजाब में, 20 से 24 वर्ष की आयु की 18 प्रतिशत महिलाओं की शादी 18 साल की उम्र से पहले हो गई थी, जबकि 2 प्रतिशत की शादी 15 साल की उम्र से पहले हो गई थी। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, प्रांतीय विधानसभा (एमपीए) के सदस्य और सीपीडब्ल्यूबी अध्यक्ष दोनों के रूप में, सारा अहमद इस महत्वपूर्ण विधायी प्रयास को आगे बढ़ाने के लिए गृह विभाग के समर्थन के लिए रैली कर रही हैं। प्रस्तावित पंजाब बाल विवाह निरोधक विधेयक, 2024, 1929 के प्राचीन बाल विवाह निरोधक अधिनियम के आधुनिकीकरण के रूप में कार्य करता है।

## कनाडाई पीएम का खालिस्तानी प्रेम फिर दिखा, जस्टिन ट्रूडो के भाषण में लगे जिंदाबाद के नारे

**ओटावा, एजेंसी।** कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो का खालिस्तान प्रेम फिर सामने आया है। टोरंटो शहर में मनाए गए खालसा डे पर जब वो भाषण देने मंच पर पहुंचे तो उनके स्वागत में खालिस्तान जिंदाबाद के नारे लगे। उन्होंने अपनी स्पीच में किसी भी कीमत पर सिख समुदाय की रक्षा करने की कसम खाई। उन्होंने कहा कि वे सिख समुदाय के अधिकारों और स्वतंत्रता की हमेशा रक्षा करेंगे।

खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद से भारत और कनाडा के रिश्तों में पिछले कई महीनों से तल्खी देखने को मिली है। कनाडा भारतीय अधिकारियों पर निज्जर हत्याकांड में शामिल होने के संगीन आरोप लगाता रहा है। उधर, भारत ने इन आरोपों के जवाब में उससे कई बार सबूत मांगे, जो कनाडाई सरकार आज तक पेश नहीं कर पाई। कई मोर्चों को खालिस्तान को अपना समर्थन दे चुके कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो ने रविवार दोपहर खालसा दिवस परेड को संबोधित किया। उनकी सभा में खालिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए गए।



जस्टिन ट्रूडो की यह टिप्पणी टोरंटो शहर में खालसा दिवस परेड के दौरान आई। वे अपनी सरकार के 4 कैबिनेट मंत्रियों और लिबरल पार्टी के चार सांसदों के साथ कार्यक्रम में पहुंचे थे। जैसे ही ट्रूडो मंच पर पहुंचे, कुछ लोगों ने सभा में खालिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने शुरू कर दिए। उन्होंने सभा में ज्यादा लंबा भाषण नहीं दिया। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा, कनाडा में तकरीबन सिख समुदाय के 8 लाख लोग रहते हैं। हम कसम खाता हूं कि हम आपके अधिकारों और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए हमेशा मौजूद रहेंगे और हमेशा नफरत और भेदभाव से आपके समुदाय की रक्षा करेंगे।

**ट्रूडो के भाषण में होती रही खालिस्तान जिंदाबाद की नारेबाजी:** जस्टिन ट्रूडो जितने समय सभा को संबोधित कर रहे थे, दर्शकदीर्घा में मौजूद लोगों द्वारा लगातार खालिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए जा रहे थे। उन्होंने अपनी स्पीच में कहा, आपके पास बिना किसी से डरे और स्वतंत्र रूप से अपने धर्म की रक्षा करने और उसका पालन करने का अधिकार है। इसके लिए हम हमेशा आपके साथ खड़े रहेंगे और आपकी रक्षा करेंगे। हम आपके साथ हैं।

ट्रूडो ने पिछले साल 18 जून को ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का अपने भाषण में जिक्र नहीं किया।

बता दें कि निज्जर हत्याकांड को लेकर कनाडाई संसद में ट्रूडो के बयान पर भारत और कनाडा के बीच राजनयिक संबंधों में खटास आ गई थी। ट्रूडो ने सीधे तौर पर भारत का नाम लिया था और दावा किया था कि निज्जर हत्याकांड में भारतीय अधिकारियों की संलिप्तता थी। हालांकि ट्रूडो सरकार अभी तक भारत के खिलाफ साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर पाई है।



# बाइडन और नेतन्याहू के बीच फोन पर हुई लंबी बातचीत

**तेल अवीव, एजेंसी।** व्हाइट हाउस ने रविवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ फिर से फोन पर बात की है, क्योंकि इजरायल और हमास पर एक समझौते पर पहुंचने का दबाव बढ़ रहा है, जो कुछ इजरायली बंधकों को मुक्त करेगा और गाजा में लगभग सात महीने से चल रहे युद्ध पर संघर्ष विराम लगाएगा।

व्हाइट हाउस ने कहा कि बाइडन ने अपना साफ रुख दोहराया है, क्योंकि वैश्विक चिंता के बावजूद इजरायल ने गाजा के सबसे दक्षिणी शहर रफा पर वहां शरण लिए हुए 1 मिलियन से अधिक फिलिस्तीनियों के मौजूद होने पर भी आक्रमण करने की योजना बनाई है।

**गाजा में मानवीय सहायता बढ़ाई जाएगी:** अमेरिका मानवीय आधार पर आक्रमण का विरोध करता है, जिससे सहयोगियों के बीच संबंध तनावपूर्ण हो गए हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन सोमवार को मध्य पूर्व लौटते समय जिन देशों का दौरा करेंगे उनमें इजरायल भी शामिल है। बयान के अनुसार, बाइडन ने इस बात पर भी जोर दिया कि गाजा को मानवीय सहायता निरंतर और बढ़ाई जाएगी।

कॉल एक घंटे से भी कम समय तक चला और वे इस बात पर सहमत हुए कि बातचीत में नवीनतम प्रस्ताव को स्वीकार करने की जिम्मेदारी हमास पर बनी हुई है, एक अमेरिकी अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि नेतन्याहू के कार्यालय से कोई टिप्पणी नहीं आई।

इस बीच, प्रमुख मध्यस्थ कतर के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इजरायल और हमास से बातचीत में अधिक प्रतिबद्धता और अधिक गंभीरता दिखाने का आग्रह किया।

**कतर ने दिए हताशा के संकेत:** दोहा में हमास के मुख्यालय की मेजबानी करने वाले कतर ने नवंबर में युद्ध को कुछ समय रोकने के लिए बातचीत में मदद करने में अमेरिका और मिस्र के साथ महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जिसके बाद दर्जनों बंधकों को रिहा किया गया था, लेकिन हताशा का संकेत देते हुए कतर ने इस महीने कहा कि वह अपनी भूमिका का पुनर्मूल्यांकन कर रहा है।

बातचीत में नवीनतम प्रस्तावों पर चर्चा के लिए आने वाले दिनों में एक इजरायली प्रतिनिधिमंडल के मिस्र में आने की उम्मीद है और हमास के वरिष्ठ अधिकारी बसेम नईम ने एसोसिएटेड प्रेस को एक संदेश में कहा कि उग्रवादी समूह का एक प्रतिनिधिमंडल भी काहिरा जाएगा। मिस्र के सरकारी स्वामित्व वाले अल काहेरा न्यूज सैटेलाइट टीवी चैनल ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल सोमवार को आएगा।

**कतर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने की टिप्पणी:** लिबरल डेली हारेत्ज और इजरायली सार्वजनिक प्रसारक कान के साथ साक्षात्कार में कतर के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माजिद अल-अंसारी की टिप्पणियां शनिवार शाम को प्रकाशित और प्रसारित की गईं थी।

अल-अंसारी ने हमास और इजरायल पर निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि प्रत्येक पक्ष ने राजनीतिक हितों के आधार पर निर्णय लिए हैं, न कि नागरिकों के कल्याण को ध्यान में रखते हुए। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष अपनी-अपनी स्थिति पर कायम हैं। इसके अलावा कोई विवरण नहीं दिया।

अल-अंसारी की टिप्पणी तब आई जब मिस्र के एक प्रतिनिधिमंडल ने इजरायली अधिकारियों के साथ गाजा में लंबे समय तक संघर्ष विराम के लिए नए दृष्टिकोण पर चर्चा की।

**इजरायल का हमास को हराने तक युद्ध रोकने करने से इनकार:** मिस्र के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर घटनाक्रम पर स्वतंत्र रूप से बात की। मिस्र के अधिकारी ने कहा कि इजरायली अधिकारी समझौते के दूसरे चरण के हिस्से के रूप में गाजा में स्थायी संघर्ष विराम स्थापित करने पर चर्चा करने के लिए तैयार हैं। इजरायल ने हमास को हराने तक युद्ध रोकने से इनकार कर दिया है। अधिकारी ने बताया कि दूसरा चरण नागरिकों और बीमार बंधकों की रिहाई के बाद शुरू होगा और इसमें सैनिकों की रिहाई पर बातचीत भी शामिल होगी। वरिष्ठ फलस्तीनी कैदियों को रिहा किया जाएगा और पुनर्निर्माण प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इस महीने की शुरुआत में बातचीत छह सप्ताह के संघर्ष विराम प्रस्ताव और इजरायली जेलों में सैकड़ों फलस्तीनी कैदियों को मुक्त करने के बदले में हमास द्वारा रखे गए 40 नागरिकों और बीमार बंधकों की रिहाई पर केंद्रित थी।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129